You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-99 ❑ गुरुवार, 12 मई 2022 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

भारतीय फैशन उद्योग में खादी की लोकप्रियता का आकलन करने की आवश्यकता है। हमारे डिजाइनरों को खादी में इस तरह के आकर्षक डिजाइन पेश करने चाहिए कि लोग खादी खरीदने के लिए उतने ही आकर्षित हों जितना कि वे दूसरे कपड़े खरीदते हैं।



नारायण राणे

एशियाई देशों के चुनाव प्राधिकरणों के मंच का अध्यक्ष चुना गया भारत 11

श्रीलं 12

## संक्षेप

### ले. जनरल कटियार ने सैन्य संचालन महानिदेशक का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** लेफ्टिनेन्ट जनरल मनोज कुमार कटियार ने बुधवार को सैन्य संचालन महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया। सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को ट्वीट कर कहा ले. जनरल मनोज कुमार कटियार ने आज सैन्य संचालन महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह प्रतिष्ठित स्ट्राइक वन कोर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ले. जनरल कटियार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं । उन्हें वर्ष 1986 सेना में कमीशन दिया गया था। उन्हें उल्लेखनीय सेवा के लिए अतिविशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

### आगरा में बीएससी के दो पेपर लीक, परीक्षा निरस्त

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित आगरा कालेज में बुधवार को बीएससी तृतीय वर्ष के गणित व जंतुविज्ञान के पेपर लीक होने के बाद दोनों परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है। विवि के जनसम्पर्क अधिकारी प्रोफ़ेसर प्रदीप श्रीधर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन पेपर लीक मामले की जांच करने के लिए एक चार सदस्यीय समिति का गठन कर रहा है, जिसकी रिपोर्ट यथाशीघ्र मंगवाई जाएगी और उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आज दूसरी पाली में पूर्वाहन 11:30 बजे से बीएससी तृतीय वर्ष का जंतुविज्ञान और गणित के पेपर था। सुबह 10:40 बजे ही आगरा कॉलेज के कई छात्रों पर यह पेपर पहुंच गये। वह कॉलेज के बाहर बैठकर उन्हें हल कर रहे थे तभी प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने छात्र-छात्राओं को पकड़ लिया। पेपर निरस्त होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच खलबली मच गई। सूत्रों ने बताया कि पिछले दस दिनों से पेपर लीक की आशंकाओं की चर्चा थी। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी को इस बात की जानकारी दी गई थी, फिर भी वह कोई कार्यवाही नहीं कर सके। कालेज प्राचार्य ने इस सम्बंध में पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस कुछ संदिग्ध छात्र-छात्राओं से पूछताछ कर रही है।

### रेलवे ने एक झटके में नौकरी से निकाला 19 बड़े अफसरों को

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के 19 उच्चाधिकारियों को बुधवार को जबरिया सेवा मुक्त करके घर भेज दिया जिनमें से 10 अधिकारी संयुक्त सचिव या उच्च स्तर के हैं।

सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी। इससे पहले जुलाई से लेकर अब तक 75 अधिकारियों को दक्षता में कमी एवं भ्रष्टाचार आदि अन्य कारणों से पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) देकर घर भेजा जा चुका है और दो अन्य लाइन में हैं। इस प्रकार से कुल 96 अधिकारी रेलवे की सेवा से जबरिया निकाले जा रहे हैं। रेल मंत्रालय में हुई इस कार्रवाई को लेकर में प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। केन्द्र सरकार के किसी भी विभाग में अब तक इतनी बड़े पैमाने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई इससे पहले कभी नहीं हुई है। इन्हें अगस्त 2020 में अद्यतन की गयी।

# सरकारी नौकरियों में चयन की प्रक्रिया सौ दिनों में पूरी करें

## योगी ने मुख्य सचिव से सभी आयोगों की लक्ष्य के अनुरूप भर्ती की रिपोर्ट मांगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा से सभी आयोगों की सौ दिनों में लक्ष्य के अनुरूप भर्ती किए जाने की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी आयोगों के चेयरमैन के साथ समीक्षा कर रिपोर्ट दें। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर सभी रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही शुरू की जाए और चयन की प्रक्रिया को सौ दिनों के लक्ष्य के तहत पूरा करें। गौरतलब है कि छह महीने में विभिन्न आयोगों द्वारा करीब 61 हजार पदों पर भर्तियां की जानी हैं। सीएम ने इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने बुधवार को लोकभवन में उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि पिछले दिनों उच्चतर सेवा शिक्षा चयन आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पुलिस भर्ती बोर्ड सहित अन्य चयन आयोगों की समीक्षा बैठक की थी। सरकार सभी विभागीय रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए प्रतिबद्ध है। रिक्त पदों पर समयबद्ध चयन के लिए समय से अधियाचन भेजने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि चयन वर्ष की सीधी भर्ती के लिए सभी विभागों द्वारा अधियाचन 31 मई से पूर्व भेजा जाए, ताकि 61 हजार से अधिक पदों पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती की प्रक्रिया चरणवार सौ दिनों और छह माह में शुरू कर सके। उन्होंने विभागों के सीधी भर्ती के सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से इंडक्शन ट्रेनिंग की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। हर प्रशासनिक विभाग इंडक्शन ट्रेनिंग माड्यूल और वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करे। साथ ही समूह 'क' और 'ख' के अधिकारियों के लिए इनसर्विस प्रशिक्षण व्यवस्था को प्रभावशाली ढंग से लागू किया जाए। उत्तर प्रदेश प्रशासन और प्रबन्धन अकादमी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने कहा कि नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने गत वर्षों में पारदर्शिता ● शेष पेज 11 पर



❑ ❑ 61 हजार से अधिक पदों पर छह माह में होगी भर्ती

❑ ❑ कर्मचारियों के पटल को बदलने की कारगर व्यवस्था बनाएं

### गाजियाबाद, नोएडा और लखनऊ में फ़ेस मास्क लगाना अनिवार्य

**लखनऊ।** कोरोना टीकाकरण के वृहद अभियान से कोविड-19 संक्रमण का विस्तार घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में बेहद कम है लेकिन इसके बावजूद एहतियात बरत रही सरकार ने संक्रमण वाले जिलों में सार्वजनिक स्थलों पर फ़ेस मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टीम-09 की बैठक में कहा कि राज्य में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 85 लाख डोज लगाई जा चुकी है जबकि 11 करोड़ 23 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 साल से अधिक उम्र की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 89.86 फीसदी वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 95.85 प्रतिशत से अधिक किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 69.80 फीसदी किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है। ● शेष पेज 11 पर

# डीजीपी पद से हटाए गए मुकुल गोयल

❑ आदेश की अवहेलना पर एक्शन

❑ बनाया गया डीजी नागरिक सुरक्षा

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुकुल गोयल को अकर्मण्यता, सरकारी काम में रुचि नहीं लेने और अवहेलना करने जैसे गंभीर आरोपों के चलते बुधवार को पद से हटा दिया।

राज्य सरकार के सूचना विभाग की ओर से जारी संक्षिप्त जानकारी के अनुसार ल्लपुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल को शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने एवं अकर्मण्यता के चलते डीजीपी पद से मुक्त करते हुए महानिदेशक (नागरिक सुरक्षा) के पद पर भेजा गया है।

फिलहाल गोयल की जगह नयी नियुक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डीजीपी पद पर नयी नियुक्ति होने तक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार को डीजीपी पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। गौरतलब है कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी गोयल को पिछले साल जुलाई में ही राज्य का पुलिस प्रमुख बनाया गया था। उनका कार्यकाल फरवरी 2024 तक था। इससे पहले वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पद पर तैनात थे। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से स्थानांतरित कर उत्तर प्रदेश का पुलिस प्रमुख बनाया गया था।

अंतरिम आदेश के तहत उन्हें पुलिस महकमे में नागरिक सुरक्षा विभाग के महानिदेशक पद पर तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार जल्द ही राज्य के नये डीजीपी की तैनाती की घोषणा की जायेगी।

### 45 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी अशोक पाठक गिरफ्तार

लखनऊ। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जालसाजी के जरिए जमीन बेचकर लगभग 45 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी अशोक पाठक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे लखनऊ के सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायिक अभिरक्षा में लेकर उसे जेल भेज दिया गया। अशोक पाठक दो अलग-अलग मामलों में वांछित था। वर्ष 2016 में दर्ज कराई गई एफआईआर में वह फरार चल रहा था। पहला मामला वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली का जाली हस्ताक्षर कर हाईकोर्ट में याचिका (याचिका संख्या 15233 एमबी/2016) दायर करने से संबंधित था। इस ● शेष पेज 11 पर

# राजद्रोह कानून पर 'सुप्रीम' रोक

**एजेंसी**



❑ सुप्रीम कोर्ट ने नए केस दर्ज करने पर रोक लगाई

❑ केंद्र सरकार को कानून की समीक्षा करने की अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून पर केंद्र को कानून की समीक्षा की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजद्रोह के तहत फिलहाल नए केस दर्ज करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट जुलाई के तीसरे हफ्ते में सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी पर केस दर्ज हो तो निचली अदालत से राहत की मांग करे। कोर्ट ने लंबित मामलों में अभी कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जेल में बंद लोग निचली अदालत में ज़मानत याचिका दाखिल करें।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि उसने राजद्रोह के मामले में लगने वाली भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए की फिर से जांच करने और इस पर दोबारा विचार करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने हलफनामा के जरिये कहा था कि इस प्रावधान के बारे में विभिन्न न्यायविदों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और सामान्य रूप से नागरिकों की ओर से सार्वजनिक रुप से अलग-अलग विचार व्यक्त किए गए हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि वो प्रधानमंत्री की इस धारणा के अनुरूप है कि हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं, वह अपने औपनिवेशिक बोध को दूर करने की दिशा में काम करना चाहते हैं। इसी भावना के तहत केंद्र सरकार ने 2014-15 में 1500 से अधिक पुराने कानूनों को खत्म कर दिया है। केंद्र सरकार ने 25 हजार से अधिक अनुपालन बोध को भी समाप्त कर दिया है, जो हमारे देश के लोगों के लिए गैरजरूरी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। विभिन्न किस्म के अपराध जो लोगों को बिना सोचे समझे बाधा ● शेष पेज 11 पर

### ज्ञानवापी मामले में सुनवाई पूरी, आज आ सकता है फैसला

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी-सर्वे करने के मामले में स्थानीय अदालत में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गयी तथा अदालत की ओर से कल इस मामले का फैसला सुनाये जाने की संभावना है।

सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने बुधवार को वीडियोग्राफी के लिये नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर को बदलने तथा वीडियोग्राफी के तौर तरीकों और नयी तिथि तय किये जाने के संबंध में हिंदू और मुस्लिम पक्ष की ओर से अपनी दलीलें दी गयीं। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि उनकी ओर से अदालत से अनुरोध किया गया कि वीडियोग्राफी दल को मस्जिद के तहखाने में जाने की अनुमति दी जाये। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने पिछले फैसले में उस भूखंड की वीडियोग्राफी करने का आदेश दिया था, जिस पर मस्जिद का ढांचा खड़ा है। हिंदू पक्ष का कहना है कि इस फैसले के आधार पर वीडियोग्राफी का काम मस्जिद ● शेष पेज 11 पर

# आईएएस पूजा सिंघल गिरफ्तार

## लंबी पूछताछ के बाद ईडी की कार्रवाई, पति को भी पकड़ा

**एजेंसी**

रांची। झारखंड की खनन सचिव आईएएस पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक को बुधवार की शाम गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघल बुधवार को खूंटी में मनरेगा के धन के कथित गबन और अन्य आरोपों से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुई थीं। पति के साथ आमने-सामने बैठाकर हुई पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों को गिरफ्तारी के बाद सदर अस्पताल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लाया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टर मयूख जांच करने पहुंचे। डॉक्टर के मुताबिक प्रारंभिक जांच में दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं। पूजा सिंघल के करीबियों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पूछताछ का दौर दो दिनों से जारी था। इससे पहले पूजा



सिंघल के पति अभिषेक झा से लगातार दो दिन ईडी ने पूछताछ की थी। अभिषेक झा और उसके सीए सुमन से पूछे गए सवाल और उत्तर दोनों को नोट किया गया है। अभिषेक झा से उसकी संपत्ति, आय के श्रोत, परिवार के सदस्यों का व्यवसाय और आय संबंधित जानकारी ली गई थी। पूजा सिंघल को सरकार की ओर से छुट्टी भी मिल गई है। वह 30 मई तक की छुट्टी पर चली गई हैं। उनकी छुट्टी मंजूर करते हुए 2 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देने की तैयारी चल रही है। सोमवार को पूजा सिंघल ने छुट्टी के लिए विभाग में आवेदन दिया था। मनरेगा घोटाले में जांच कर रही ईडी को पैसों के स्रोत के संबंध में कई तरह की जानकारियां मिली है। ईडी को जानकारी मिली है कि खान सचिव पूजा सिंघल के द्वारा डीएमओ रैंक के कई अफसरों को संरक्षण दिया जाता था। कई जिलों में पदस्थापित डीएमओ रैंक के अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था। ईडी के अधिकारियों को जानकारी मिली है कि डीएमओ रैंक के अधिकारी भारी भरकम रकम रांची तक पहुंचाते थे। आशंका जतायी जा रही है कि उगाही का बड़ा हिस्सा ही सीए सुमन कुमार के फ्लैट से बरामद की गई है। जानकारी मिली है कि पलामू में एक अधिकारी को तबादले के बाद भी डिप्टी डायरेक्टर माइंस के पद पर बनाए रखा गया है। वहीं मासिक तौर भी भारी-भरकम वसूली की सूचना मिली है।

ईडी की पूछताछ के दौरान सीए सुमन कुमार 19.31 करोड़ के संबंध में कोई खास जानकारी नहीं दे पाया था। सुमन कुमार के द्वारा बार-बार बयान भी बदला जा रहा था। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, सुमन के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। ● शेष पेज 11 पर

### विवाह के बाद जबरन शारीरिक संबंध : दिल्ली उच्च न्यायालय का विभाजित फैसला



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने विवाह के बाद पति के पत्नी के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने को अपराध माना जाएं या नहीं के प्रश्न से जुड़ी याचिका पर अलग अलग फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की दो सदस्यीय पीठ ने इस सवाल पर विभाजित फैसला सुनाया। आरआईटी फाउंडेशन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वमेंस एसोसिएशन और ऐसी ही एक घटना का शिकार हुई खुशबू सैफी ने एक याचिका शादी के बाद पति के जबरन संबंध बनाने की कोशिश को आपराधिक मामला माने जाने के पक्ष में और पुरूषों के एक संगठन द्वारा ऐसा नहीं किये जाने को लेकर दायर याचिका पर दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद ● शेष पेज 11 पर

## बदला बदला सा होगा इस बार यूपी विधानसभा का सत्र

# ई-विधान लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य होगा उत्तर प्रदेश

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। देश की सबसे बड़ी विधानसभा का दर्जा प्राप्त उत्तर प्रदेश 23 मई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के साथ ही ई-विधान लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन जायेगा। इससे पहले बिहार विधान परिषद और नगालैंड विधानसभा में ई-विधान लागू किया जा चुका है।

पिछले साल 25 नवंबर को बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने विधान परिषद में ई-सदन का उदघाटन किया था जबकि नगालैंड ने इसी साल 22 मार्च को देश की पहली पेपरलेस विधानसभा बनने का गौरव हासिल किया था। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश ऐसा तीसरा राज्य है जहां ई विधान लागू किया गया है हालांकि विधानसभा के परिपेक्ष्य में यह दूसरा राज्य होगा।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को विधानभवन में आयोजित



सर्वदलीय बैठक में कहा कि 23 मई से शुरू होने वाले 18वीं विधान सभा के पहले सत्र के साथ ही उत्तर प्रदेश विधान सभा ई-विधान लागू करने वाला देश का तीसरा प्रदेश बन जायेगा। उन्होने सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग की अपील की। उन्होने कहा कि सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फ़ेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर किया जायेगा। विधानसभा में नये तकनीकी बदलावों को अमलीजामा पहनाने के लिये उप्र विधानसभा में 'ई-विधान सिस्टम' को तैयार किया गया है। इसका मकसद विधायकों की सदन में नियमित भागीदारी को सुनिश्चित करना है। ई विधान सिस्टम के तहत विधानसभा में हर विधायक की पूर्व निर्धारित सीट पर एक टैबलेट लगा होगा। सदन का प्रत्येक सदस्य टैबलेट के जरिये ई विधान सिस्टम पर लॉगिन करने के उपरांत ही सदन की कार्यवाही में शामिल हो पायेगा। इतना ही नहीं सदन की बैठक को बाधारहित एवं सुचारू बनाने के लिये अगर सदन की कार्यवाही के बीच में कोई सदस्य अपनी सीट से दूसरी सीट पर जाकर बैठता है और कुछ बोलता भी है तो जिस विधायक के लिए निर्धारित सीट पर दूसरा सदस्य बैठा है, ● शेष पेज 11 पर

# मोदी का सहयोग करें विभिन्न राजनीतिक दल: नायडू

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने विभिन्न राज्यों में सत्तारुढ़ अलग अलग राजनीतिक दलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहयोग करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि देश में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जाना चाहिए जिससे विकसित राष्ट्र का सपना पूरा किया जा सके।

श्री नायडू ने यहां श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन और कार्यशैली पर एक पुस्तक मोदी एट 20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि श्री मोदी देश को विकसित बनाने के अभियान में जुटे हैं। इस अभियान को गति देने और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में विभिन्न राज्यों में अलग अलग राजनीतिकों की सरकारों को सभी उपलब्ध विकासात्मक एवं लोकातांत्रिक मंचों का प्रभावी प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के अभियान को पूरा करने के लिए राज्यों को सभी तनावों पर काबू पाते हुए शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। इस



अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेशमंत्री एस. जयशंकर और कई अन्य केंद्रीय मंत्री, सांसद,वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने श्री मोदी को आधुनिक भारत के सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित नेताओं में से एक बताते हुए कहा, यहां तक कि उनके विरोधी भी इस बात से सहमत हैं कि श्री मोदी अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके कारण भारत का मान और सम्मान किया जा रहा है।ङ्क उन्होंने कहा कि राष्ट्र के संबंध में श्री मोदी के दृष्टिकोण को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से पहले की उनकी लंबी वर्षों की अनुभव वाली यात्रा ने आकार दिया है और यही उन्हें कई मायनों में अद्वितीय बनाता है। समकालीन समय में शायद कोई अन्य सार्वजनिक हस्ती हो जिन्होंने इस तरह की अनुभवात्मक यात्रा की हो। उन्होंने कहा कि देश के लिए प्रधानमंत्री की दृष्टि एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में और बाद में एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान संचित कई अनुभवों की अभिव्यक्ति है। उप राष्ट्रपति ने श्री मोदी की कार्यशैली को उल्लेख करते हुए कहा कि उनमें एक सरकारी कार्यक्रम को जन आंदोलन में परिवर्तित करने की क्षमता है। इसके लिए उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, जन धन बैंक खाते, ● शेष पेज 11 पर

### लोकतंत्र में खोई आस्था को जगाना मोदी की सबसे बड़ी उपलब्धि: शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि देश के लोगों की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में खोई आस्था को फिर से जगाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। श्री शाह ने बुधवार को यहां विज्ञान भवन में 'मोदी 20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक के विमोचन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनन्य राष्ट्र भक्त और देश के प्रति समर्पित ऐसे नेता हैं जिनके प्रति लोगों में अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा मोदी जी ने देश के लिए खुद को समर्पित किया है तथा अपना सर्वश्रेष्ठ देकर लोगों का विश्वास जीता है और वह देश के निर्विवाद नेता हैं। यदि कोई उनसे पूछे कि श्री मोदी के पचास वर्ष के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है तो मैं कहूंगा कि उन्होंने देश के लोगों में बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रति ● शेष पेज 11 पर

# मिर्ज़ापुर में गर्भवती महिला का बलात्कार हैवानियत की पराकाष्ठा : संजय सिंह

## आप सांसद ने महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों को लेकर योगी सरकार पर बोला हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मिर्ज़ापुर के मण्डलीय अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती गर्भवती महिला के साथ रेप के मामले पर आप सांसद संजय सिंह ने प्रदेश की आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्विट कर लिखा है कि हैवानियत की पराकाष्ठा हो गई है। मि.र्ज़ापुर के अस्पताल में गर्भवती महिला से रेप हो गया। बेशर्म डाक्टर कह रहा है ह्लठेके का कर्मचारी थाङ्क। उन्होंने लिखा है कि आदित्यनाथ जी नींद से जागिये एक मां के गर्भ में पल रहा बच्चा दुनिया में आने से पहले ख़त्म हो गया। माँ की आबरू लूट गई। न्याय कौन देगा?

आप सांसद संजय सिंह ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों को पूरी तरह से समाप्त किये जाने की मांग की है। संजय सिंह ने कहा है कि योगी सरकार की ओर से चुनाव के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए किये गये दावे खोखले साबित हो रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान और महिलाओं की सुरक्षा कहां हो रही है। आए दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म और उनपर अपराधों की खबरें आ रही हैं। सरकार को तत्काल प्रभाव में आकर महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ सख्ती से पेश आना चाहिये। जिलों में महिलाओं की सुरक्षा के बेहतर इंतजाम ये जाने चाहियें। महिलाओं की सुनवाई और उनके साथ अपराध करने वालों को बक्शा नहीं जाना चाहिये। लेकिन राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई कार्रवाई अभी तक दिखाई नहीं दे रही है। जिससे जनता में निराशा है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष में होने के नाते महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठाती रहेगी। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित महिलओं को न्याय नहीं मिल जाएगा वो आंदोलन को जारी रखेगी।

**कहा, पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए जारी रहेगा आप का आंदोलन**

# अलग-अलग मंदिरों से घंटा चोरी, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के चन्द्रिका देवी चौकी अंतर्गत कठवारा गांव में मंदिरों से लगातार पीतल के घण्टे चोरी होने की सूचना पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।बता दें कि कठवारा गांव के बाहर गोमती नदी के किनारे तेहतना शिव मंदिर है जहां भक्तों के द्वारा मंदिर में पीतल के घण्टे बांधे गये थे।बीती रात अज्ञात चोरों ने घण्टे चोरी कर लिये सुबह जब लोग मंदिर पूजा करने गये तो वह घण्टे गायब थे।वहीं चंद दिनों पहले इसी गांव के एक और शिव मंदिर जो ककरहा शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है जहां अज्ञात चोरों ने मंदिर से करीब आधा दर्जन पीतल के घण्टे चोरी कर लिये गये थे।लगातार हो रही मंदिरों में चोरियों से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।



इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि मंदिर से घण्टे चोरी होने की सूचना मिली है जल्द ही चोरी करने वालों को पकड़ लिया जायेगा।

# नाले पर अवैध अतिक्रमण कालोनीवासी जलभराव से परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। उच्चतम न्यायालय द्वारा जल निकासी के लिए बनाये गये नालो पर से अवैध अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया गया है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम अधिकारी कार्रवाई नही करते। इसका नमूना सरोजनीनगर चौराहे से दरोगाखेड़ा स्थित झील की तरफ जाने वाले नाले पर देखा जा सकता है। आलम यह है कि यहां आधा दर्जन लोगो ने नाले को पूरी तरह बंद कर दिया है। सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत आने वाले गौरी गांव, दुर्गानगर कालोनी व देवलोक कालोनी सहित आधा दर्जन कालोनियों का पानी स्कूटर्स इण्डिया चौराहा के निकट बने में होकर दरोगाखेड़ा झील में जाता है। स्कूटर्स इण्डिया चौराहे से तकरीबन पचास मीटर की दूरी पर एक पुलिया बनी है। इस पुलिया के पास तकरीबन चार लोगो ने नाले पर अवैध अतिक्रमण उसे बंद कर दिया है। उच्चतम न्यायालय निर्देश एवं एयरपोर्ट की



नियमावली को ताक पर रखकर स्कूटर्स इण्डिया पुलिस चौकी के पास नाला पाटकर मीट की अवैध दुकान खोली गई है। उच्चतम न्यायालय ने जहां अपने आदेष में सभी नाले-नालियों को खुला रखने का निर्देष दिया है वहीं एयरपोर्ट की नियमावली के मुताबिक एयरपोर्ट के आसपास 10 किमी की परिधि में खुले आसमान के नीचे मीट-मछली की बिक्री नही की जा सकती। लेकिन स्कूटर्स इण्डिया चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी से दस कदमों की दूरी पर नाला पाटकर मांस की बिक्री खुलेआम की जा रही है। स्कूटर्स इण्डिया चौराहे के निकट देवलोक कालोनी स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र तक जाने के लिए पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला द्वारा सड़क निर्माण कराया गया था। मौजूदा समय में उक्त कौशल प्रशिक्षण केन्द्र पर फैशन डिजाइनिंग एवं कम्प्यूटर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण चल रहा है लेकिन कानपुर रोड किनारे स्थित नाले पर अवैध अतिक्रमण के चलते प्रशिक्षण केन्द्र जाने वाली सड़क पर आए दिन जलभराव हो जाता है। जिसके चलते प्रतिभगियों को प्रशिक्षण केन्द्र तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विशाल जनसभा में हजारों लोग लेंगे नशा न करने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है इसी को लेकर बुधवार को बीकेटी में प्रेस वार्ता कर केंद्रीय राज्यमंत्री मोहनलालगंज लोककसभा क्षेत्र के सांसद कौशल किशोर ने आगामी 31 मई 2022 को नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तहत बख्शी का तालाब के बड़ी बाजार में शाम 5 बजे कई हजार लोग तंबाकू का सेवन न करने के लिए एक विशाल जनसभा का ऐलान किया उन्होंने बताया कि इस जनसभा में बख्शी का तालाब क्षेत्र सहित पूरे जनपद लखनऊ के नई पीढ़ी के लोगों,लड़के और लड़कियों को नशे से बचाने के लिए व उन्हें तंबाकू का सेवन करने से रोकने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ में यह भी संकल्प कराया जाएगा कि वह हर महीने कम से कम एक व्यक्ति को अपने इस आंदोलन से जोड़ेंगे और उन्हें अपनी जिंदगी में नशा ना करने तंबाकू का सेवन ना करने का संकल्प कराएंगे। कौशल किशोर ने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे देश में कब्जा किया



था।अंग्रेज तो भाग गए लेकिन अंग्रेजों के द्वारा शुरू कराया गया शराब का नशा व तंबाकू का नशा आज पूरे देश में व्याप्त है।बड़े पैमाने पर हर साल तंबाकू और शराब के सेवन की वजह से लगभग 15 लाख लोगों की मौत होती है।जबकि आजादी के आंदोलन में 1857 से 1947 तक अंग्रेजों से लड़ते हुए लगभग 6 लाख 32 हजार लोगों की कुर्बानी हुई थी।हर साल इतने बड़े पैमाने पर नशे से लोगों के मरने की संख्या नई पीढ़ी के लोगों को नशे में लिप्त कर उनकी प्रतिभा को खत्म करने की एक अंतर्राष्ट्रीय साजिश है।जिसका शिकार हमारे देश के लड़के और लड़कियां हो रहे हैं।ज्ञात हो कि सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल का बेटा आकाश किशोर उर्फ जैबी इसी नशे का शिकार हुआ और विगत 19 अक्टूबर 2020 को उसका लीवर डैमेज हो जाने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई थी।जिसके बाद पूरे देश में कौशल किशोर जा जाकर नशे के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए संकल्प करवा रहे हैं और नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। अब तक कई लाख युवा और युवतियां इस अभियान के तहत अपनी जिंदगी में नशा न करने का संकल्प कर चुके हैं।कौशल किशोर ने बताया कि वह पूरे देश को नशे से बचाना चाहते हैं इसके लिए प्रेसवार्ता में जो लोग भी उन सब लोगों ने निश्चय किया है कि हम अपने देश को नशे से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे नई पीढ़ी के लोगों को नशे का कस्टमर नहीं बनने देंगे व अपना देश नशा मुक्त देश बनाएंगे और अपना परिवार नशा मुक्त परिवार बनाएंगे और इसकी शुरुआत सब लोग लखनऊ के बख्शी का तालाब से कर रहे हैं।कौशल किशोर और उनके साथ उपस्थित सभी लोगों ने कहा बख्शी का तालाब क्षेत्र को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाएं बख्शी का तालाब सहित पूरा लखनऊ तंबाकू मुक्त होगा।प्रेसवार्ता में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर सहित बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,बीकेटी चेयरमैन अरुण सिंह गप्पू ,विवेक सिंह,भाजपा नेता सदाशिव मिश्रा,संजय सिंह,जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी,कौशल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओमप्रकाश राजभर के ऊपर हुए हमले में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में दिया ज्ञापन

हरदोई सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर कल दिनांक 10 मई 2022 को विधानसभा जहुराबाद क्षेत्र के गांव पहदरिया थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाज़ीपुर में एक परिवार के यहाँ पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमला बोला था। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।इस संबंध में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने यह मांग है कि अगर हमला करने वाले व्यक्तियों पर जल्द कार्यवाही नहीं कि जाती है, तो सुभासपा बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन/ आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद रहे राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय सुनील अर्कवंशी, प्रदेश सचिव एडवोकेट संजीव यादव, जिला अध्यक्ष धर्मसिंह अर्कवंशी जिला प्रमुख महासचिव एडवोकेट अजय यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष युवा मंच अरविंद अर्कवंशी, तहसील उपाध्यक्ष मुन्ना अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट हसनेन हैदर आदि लोग उपस्थित रहे।

## उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व मे संयुक्त टीम ने पेट्रोल पम्पों का किया सघन निरीक्षण

हरदोई । शासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, जिला पूर्ती अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, बाटमाप अधिकारी, नमूना निरीक्षक के द्वारा 02 पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया गया। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम शाहंजहापुर रोड व बीपीसीएल, चौपाल सागर, कोर्रिया, बावन मे वितरित की जाने वाली पेट्रोल की मात्रा सघनता पुराना स्टाक, मिलावट, एनओसीएस की वैद्यता जल व्यवस्था इत्यादि का गहनता से परीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी सदर ने निरीक्षण के दौरान पेट्रोल की शुद्वता, घटतौली की परक करने के साथ ही पम्पों पर मिलने वाली सुविधाओं की जांच पड़ताल की। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पम्प पर व्यवस्थाए अध्यतन पायी गयी व वेरिएशन अनुमन्य सीमा के अन्दर पाये गये। भारत पेट्रोलियम मे भी पेट्रोल वेरिएशन सीमा के अन्दर पाये गये। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था सामान्य रख-रखाव ठीक न पाये जाने पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनायी न हो तथा रख-रखाव दुरूस्त कर लिया जाये। पेट्रोल का वितरण कल रात से रोक दिया गया था पेट्रोल पम्प को सभी व्यवस्थाओं को दो सप्ताह के अन्दर अद्यतन करने के लिए सम्बन्धित को उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।

## उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व मे संयुक्त टीम ने पेट्रोल पम्पों का किया सघन निरीक्षण

हरदोई शासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, जिला पूर्ती अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, बाटमाप अधिकारी, नमूना निरीक्षक के द्वारा 02 पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया गया। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम शाहंजहापुर रोड व बीपीसीएल, चौपाल सागर, कोर्रिया, बावन मे वितरित की जाने वाली पेट्रोल की मात्रा सघनता पुराना स्टाक, मिलावट, एनओसीएस की वैद्यता जल व्यवस्था इत्यादि का गहनता से परीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी सदर ने निरीक्षण के दौरान पेट्रोल की शुद्वता, घटतौली की परक करने के साथ ही पम्पों पर मिलने वाली सुविधाओं की जांच पड़ताल की। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पम्प पर व्यवस्थाए अध्यतन पायी गयी व वेरिएशन अनुमन्य सीमा के अन्दर पाये गये। भारत पेट्रोलियम मे भी पेट्रोल वेरिएशन सीमा के अन्दर पाये गये। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था सामान्य रख-रखाव ठीक न पाये जाने पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनायी न हो तथा रख-रखाव दुरूस्त कर लिया जाये। पेट्रोल का वितरण कल रात से रोक दिया गया था पेट्रोल पम्प को सभी व्यवस्थाओं को दो सप्ताह के अन्दर अद्यतन करने के लिए सम्बन्धित को उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।

## पांच ईट भठ्ठों पर गरजा बुलडोजर, वसूला जुर्माना

जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के पांच ईट भठ्ठे पर बुलडोजर ने कच्चे ईट को पुन: मिट्टी में तब्दील कर दिया। इन भठ्ठा मालिकों पर खनन विभाग का तीन वर्ष की रायल्टी बकाया था। उधर बुलडोजर चलने से अन्य भठ्ठा मालिकों ने अपना बकाया पैसा जमा कर दिया। योगी आदित्यनाथ की दूसरी पारी शुरू होने के साथ ही काम पर लौटा बुलडोजर अपना जलवा बरकरार रखा है। लगातार अवैध निर्माण को जहां पल भर जमींदोज कर रहा है वहीं सरकार का बकाया भी वसूल कर रहा है।

# पांच सीओ के कार्यक्षेत्र बदले, आशुतोष तिवारी बने सीओ सिविल लाइंस

एजेंसी

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले के पांच सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। आदेश जारी कर कटघर सीओ आशुतोष तिवारी को सीओ सिविल लाइंस बनाया है। सीओ सिविल लाइन एएसपी सागर जैन के एक माह के ईएल छुट्टी पर जाने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। एसएसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि सीओ आशुतोष तिवारी सिविल लाइंस सर्किल के साथ ही एंटी रोमियो, मिशन शक्ति, न्यायालय सुरक्षा, नारी उत्थान केंद्र, एसपीसी, सीओ लाइन और आरटीसी के नोडल अधिकारी भी होंगे। कटघर सर्किल में आशुतोष तिवारी के स्थान पर सीओ ठाकुरद्वारा डॉ. अनूप सिंह को लाया गया है। डॉ. अनूप सिंह कटघर सर्किल के साथ ही सीओ क्राइम, सीओ यूपी 112, अपराध शाखा, एचटीयू, एसजेपीयू, फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड, मानिटरिंग सेल समेत 7 अन्य कार्य भी देखेंगे। सीओ बनी प्रभा सिंह को सीओ ठाकुरद्वारा की जिम्मेदारी दी गई है। सीओ बिलारी देश दीपक सिंह को सीओ हाईवे बनाया गया है। सीओ हाईवे के साथ ही देश दीपक सिंह एयरपोर्ट सुरक्षा संबंधी कार्य, नेशनल हाईवे सुरक्षा सम्बंधी कार्य और वीआईपी सुरक्षा भी देखेंगे।

# एमएलसी ने फीता काटकर किया नित्या टेडर्स इंटरलॉकिंग ईंट प्लांट का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

माधौगंज हरदोई । विकास खंड के गांव शुक्लापुर भगत के मजरा हुमायुपुर में बुधवार के दिन नित्या ट्रेडर्स इंटरलॉकिंग ईंट प्लांट का शुभारंभ करते हुए एलएलसी अशोक अग्रवाल ने सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए उन्होंने जनपद के विकास का संकल्प लिया है। लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करते रहेंगे। एलएलसी ने केंद्र व राज्य सरकार का सराहना करते हुए बताया कि जन कल्याण के लिए अलग-अलग सरकारी योजनाओं के माध्यम से जनपद के नगर व गांव विकसित किए जा रहे हैं। सरकार का प्लान है कि गरीबों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिया जाए। जिससे वह भी अपनी तरक्की का सपना पूरा कर सकें। वहीं भूमाफिया व गुण्डों की फाइलें



खुलवाकर उन्हें जेल की हवा खिलाई जा रही है। भ्रष्टाचार व भयमुक्त समाज कायम करने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने प्लांट के संचालक राहुल गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि प्लांट से गांव के लोगों को काम मिलेगा वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इंटरलॉकिंग ईंट आसानी से मिल सकेगी। इस मौके पर अरविन्द पाल, अतुल गुप्ता, सुनील, नीरज, रजनीश, विनोद पप्पू व क्षेत्र के व क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# मंत्री नन्दी ने की 'यूपीसीडा' के नई नीति की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास 6 कालीदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भूखंडों के उपविभाजन के लिए तैयार की जा रही नई नीति की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने लैंड बैंक बढ़ाने के साथ ही नई नीति के सरलीकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी के साथ ही अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश में वर्षों से बंद पड़ी कई इकाईयां हैं, जो न तो चालू हो पा रही हैं और न ही अपने जमीन को डिस्पोज कर पा रही हैं। लैंड बैंक बढ़ाने के लिए और उद्यमियों की खाली पड़ी जमीनों को टुकड़े-टुकड़े करके अन्य उद्योगों को उपलब्ध कराई जा सके, इसके लिए भूखंडों के उपविभाजन की नई नीति तैयार की गई है, जिसे पहले भी बनाया गया था, लेकिन अब और सरलीकरण बेहतर किया जा रहा



है। ताकि भूखंड का इस्तेमाल हो सके और उद्योगों की संख्या बढ़ सके। समीक्षा बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में खाली पड़े लैंड बैंक का इस्तेमाल करने, लैंड बैंक के साथ ही उद्योगों की संख्या बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा तैयार की गई भूखंडों के उपविभाजन की नई नीति पर चर्चा हुई। जिसे आम जनता की आपत्ति और सुझाव के बाद तैयार किया गया है। मंत्री नन्दी ने उद्योगीकरण के सरलीकरण के लिए तैयार की जा रही पॉलिसी का परीक्षण किया।

नन्दी ने भूखंडों के उपविभाजन के लिए तैयार की गई नई नीति पर चर्चा करके उसे और बेहतर बना कर उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री द्वारा तीन जून को किया जा रहा है। वहीं लगातार प्रदेश में नीतियों के सरलीकरण करने से निवेशक आ रहे हैं। भूखंडों के उपविभाजन की नई नीति लाने से एक वृहद लैंड बैंक तैयार होगा। उस लैंड बैंक से ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में जो इनवेस्टर्स आ रहे हैं, उनके लिए हम जमीनें उपलब्ध करा सकेंगे। अधिकारियों की मौजूदगी में मंत्री नन्दी ने भूखंडों के उपविभाजन के लिए तैयार की गई नई नीति पर उद्यमियों व आम जनता की ओर से आए आपत्ति व सुझावों का भी परीक्षण किया। जिस पर वृहद चर्चा हुई। नई नीति में क्या-क्या संशोधन किया जा रहा है इस पर चर्चा की। बंद पड़े उद्योगों को दुबारा चालू कराने एवं उद्योगों का सरलीकरण करने के लिए लाई जा रही नई पॉलिसी का परीक्षण किया गया। वहीं लोगों से प्राप्त किए गए सुझाव एवं आपत्ति पर भी चर्चा हुई।

# स्कूली बच्चों ने ली यातायात नियमों की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्कूली बच्चों ने ली यातायात नियमों की जानकारी। सड़क सुरक्षा के प्रति के स्टूडेंट्स को जागरूक किया गया। गोमती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में बुधवार को शुभम सोती मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान व प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता करवाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुधाकर त्रिवेदी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनवारुल अब्बासी ने प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता के प्रश्नों के उत्तर साझा किये। एक ट्रेनिंग स्कूल के सेफ्टी मैनेजर सैयद एहतिशाम और सेफ्टी ट्रेनर सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को सड़क चिन्हों के बारे में जानकारी दी। सुमित मिश्रा ने हेलमेट क्यों आवश्यक होता है और हेलमेट कैसे



पहचाने, की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि, ने प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया। जिसमे सीनियर अनुभाग मे प्रथम पुरस्कार दसवीं कक्षा के अहाँन सिंह, द्वितीया पुरस्कार दसवीं कक्षा की आर्य पांडेय व तृतीय पुस्कार भी दसवीं कक्षा शिवा साहू ने जीता।

जूनियर अनुभाग मे प्रथम पुरस्कार आठवीं कक्षा हर्षिता, द्वितीया पुरस्कार छठवीं कक्षा की डीवी सिंह व तृतीय पुरस्कार सातवीं कक्षा के शिवम तिवारी दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव राजीव अग्रवाल , कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, प्रधानाचार्य नीरा एमानुएल व कार्यकारी प्रधानाचार्य शालू श्रीवास्तव ने कार्यकम में सहयोग किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के अलावा अलग अलग क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली कुल 25 छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ नीरज बोरा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है जिससे छात्राओं को प्रेरणा मिल सके और वो अध्ययन के साथ साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में भी आगे आ सकें। प्राचार्य ने कहा कि पूर्व में भी ऐसे समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा व वर्तमान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक अतिथि के रूप में पधार चुके हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारम्भ उच्च शिक्षा मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार छात्राओं की शिक्षा सुरक्षा और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिये कटिबद्ध है। छात्राएँ आधुनिक शिक्षा प्रणाली से परिचित हो सके इसलिये मुफ़्त में टैबलैट और स्मार्ट फ़ोन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने अटल जी और नेताजी सुभाष को भी याद करते हुये कहा कि दो महान विभूतियों से इस कालेज का जुड़ना गौरव की बात है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आधुनिक एवं पारम्परिक शिक्षा में समन्वय बिठाने का काम किया गया है। विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा के प्रति समर्पित इस महाविद्यालय का विकास उनकी प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर बीए, बीकाम व बीएससी तथा पीजी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं दिव्या सिंह, श्रेया पाण्डे, हर्षिता यादव, अपूर्वा लोहमी, नेहा कुमारी, अनु सिंह, सोनी वर्मा, रोशनी ख़ातून तथा सर्वश्रेष्ठ रेंजर विसाक्षी दुबे, एनसीसी कैडेट तनु शुक्ला, एनएसएस स्वयं सेवी अंकिता सिंह, स्वाति साहू, एक भारत श्रेष्ठ भारत की मिताली सिंह, मिशन शक्ति की सविता चंद्रा, गायन में संध्या शर्मा, काव्य पाठ में पिंकी लेखन में प्रियांशी पोर्वल, चित्र कला में पलक श्रीवास्तव, अभिनय में निशा नृत्य में मुस्कान, समाज सेवा में साक्षी चंद्रा, वक्ता में आकृति शुक्ला, नवोन्मेषी में ममता तथा सर्वतोमुखी छात्रा का पुरस्कार मीनाक्षी शर्मा को मिला। कार्यक्रम का संचालन समारोह डॉ रश्मि बिश्नोई ने किया तथा अभिनंदन पत्र डॉ भास्कर शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रीति उपाध्याय मौजूद रहीं। वहीं इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री एवं अन्य अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय के न्यूज़ लेटर तथा राष्ट्रीय सेमिनार से सम्बंधित दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

# पुलिस कमिश्नर डी.के. ठाकुर द्वारा किया गया पैदल गश्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री द्वारा महिला सुरक्षा व बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में व कमिश्नरेट लखनऊ की चाक-चौबंद व बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से बुधवार को बाज़ार खाला कोतवाली से चौक थाना क्षेत्र के पाटानाला तक पैदल गश्त किया गया। यह गश्त पुलिस कमिश्नर लखनऊ डी.के. ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था। यह गश्त थाना क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले इलाके जैसे प्रमुख़ बाजारों, मॉल्स, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि के आस पास आम जन को बेहतर सुरक्षा, चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, महिला संबंधी सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए किया गया था। पैदल गश्त के दौरान पुलिस कमिश्नर लखनऊ डी.के. ठाकुर द्वारा बाज़ारो में गलत तरीके से वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने वाले व संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों पर भी कार्यवाही करने के लिये संबंधित को निर्देश दिए गए।

इस फूट पेट्रोलिंग के दौरान डीसीपी पश्चमी सोमेन बर्मा, एसीपी बाजारखाला अनिल कुमार यादव, एसीपी चौक इन्द्र प्रकाश सिंह व तमाम थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# सिंगल विण्डो सिस्टम लागू करते हुए एक घर एक बिल व्यवस्था को ऑनलाइन प्रणाली से किया लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महापौर संयुक्ता भाटिया ने नगर निगम के गृहकर में सुधार हेतु तैयारी की है अब जल्दी ही जनता को गृहकर के मकड़जाल और बाबुओं के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलने वाली है। महापौर ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह को बुलाकर कर प्रणाली को सुधारने के निर्देश दिए है। महापौर ने अशोक सिंह से व्यवस्था परिवर्तन के लिए कहा। जिसमें उन्होने कर निर्धारण, टैक्स रिविजिन, म्युटेशन सहित समस्त सेवायों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जाए। साथ ही टैक्स में बदलाब और रिवीजन करना, बार बार बिल देना, अलग अलग बार से रिवाइज करके बिल देने सम्बंधित प्रक्रियाओं को बंद कर दिया जाए। सिंगल विण्डो सिस्टम लागू करते हुए एक घर एक बिल व्यवस्था को ऑनलाइन प्रणाली से लागू किया। टैक्स का सरलीकरण करते हुए उसे इस तरह गुणा किया जाए कि आम आदमी की समझ मे आ सके। जिससे भ्रष्टाचार और सेटलमेंट की गुंजाइश समाप्त हो जाये और आम आदमी को बाबुओं के चक्कर न काटने पड़े। महापौर ने यह भी कि स्व गृहकर के सॉफ्टवेयर में समयसीमा निर्धारित की जाएगी। जिससे महीनों तक टैक्स सम्बंधित आपत्तियों को नही लटकाया जा सकेगा, और सम्बंधित अधिकारियों को तीन दिन में अधिकतम एक सप्ताह के मध्य स्व ग्रह कर के एप्लीकेशन में रिपोर्ट लगाना अनिवार्य होगा एवं बिल को बिना ठोस आधार दिये बदला नही जा सकेगा।

# ठाकुरगंज पुलिस के क़ब्ज़े में आये दो शातिर वाहन चोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। थाना ठाकुरगंज क्षेत्र की पुलिस ने दो ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो दोपहिया वाहनों को चुरा कर उनकी नंबर प्लेट बदलकर उसे बेच दिया करते थे । यह लोग घटना को अंजाम देने के बाद वाहनों को गुल्लाला घाट मोड़ पर बने शौचालय के पीछे छुपा दिया करते थे। पुलिस ने चोरो की निशानदेही पर तीन स्कूटी व दो मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शेखपुर रिंग रोड निवासी मो. साहिल व राजा बाज़ार पाटानाला निवासी मो. फैज़ान के रूप में हुई है। एडीसीपी पश्चिमी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि ठाकुरगंज पुलिस टीम ने दो वाहन चोरो को गिरफ्तार किया है जिनके क़ब्ज़े से 5 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं उन्होंने बताया कि इन लोगो ने एक वाहन हजरतगंज से चोरी किया था तथा दो वाहन ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से चोरी किये थे बाक़ी के दो वाहन कहाँ से चुराए थे इसकी जानकारी की जा रही है। एडीसीपी ने बताया कि यह लोग शहर के भीड़भाड़ वाले इलाक़ो से गाड़िया चुराते थे और गाड़िया चुराने के बाद उसकी नम्बर प्लेट बदल दिया करते थे और गाड़ियों को काट कर बेच देते थे इन लोगो द्वारा गाड़ियों की नम्बर प्लेट तो बदल दी गयी किन्तु यह लोग चेचिस नम्बर को नही मिटा सके पुलिस टीम द्वारा उसी चेचिस नंबर के आधार पर वाहन स्वामियों का पता लगाकर पूरी घटना का खुलासा किया गया। अभियुक्तों को थाना प्रभारी ठाकुरगंज हरि शंकर चन्द्र के नेतृत्व में गठित टीम ने गिरफ्तार किया है जिसमे उ.नि. राकेश कुमार चौरसिया, उ.नि हिमांचल सिंह, उ.नि संजीव कुमार चौधरी, क्राइम टीम के उ.नि अंकित कुमार, उ.नि पवन कुमार, आदि शामिल थे ।

## रेलवे लाइन पर कटा हुआ मिला युवती का शव

बख्शी का तालाब,लखनऊ ।इटौंजा थाना अंतर्गत बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे बेलवा गांव के पास रेलवे लाइन पर युवती का कटा हुआ शव पड़े होने की सूचना पर हडकंप मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।स्थानीय थाना अंतर्गत लोधपुरवा मजरा नगर चौगवां की निवासी ज्योती वर्मा (21) पुत्री राम विलास का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटा हुआ पाया गया।

## नगराम के एक गांव में नाबालिक के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म का प्रयास , मुकदमा दर्ज

नगराम , लखनऊ । थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर युवक के खिलाफ पिता की तहरीर पर पास्को एक्ट सहित कई सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है । मामला दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है । नाबालिक बच्ची के पिता पितम्बर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम करीब 6 बजे उसकी 10 वर्षीय नाबालिक बेटी गांव के समीप खेत में लगे खरबूजे की अकेली रखवाली कर रही थी , तभी गांव के आदर्श वर्मा शराब के नशे में धुत गाली गलौज करते हुए मारपीट कर बच्ची से छेड़छाड़ की । शाम को शौच के लिए आई महिलाओं ने खेतों से रोने की आवाज सुन दौड़ी महिलाओं को आता देख आरोपित किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया । पुलिस ने नाबालिग लड़की के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 (ख) व पास्को एक्ट व गाली गलौच कर मारपीट सहित एससी एसटी के तहत मामला कायम किया । नगराम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शमीम खान ने बताया कि पितम्बर की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ यससी–एसटी , मारपीट पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है , आरोपित की तलाश की जा रही है ।

## महिलाओं से अश्लीलता कर रहे शोहदा समेत वारंटी गिरफ्तार

बख्शी का तालाब,लखनऊ ।इटौंजा थाना अंतर्गत पुलिस ने बुधवार को रास्ते में आने जाने वाली महिलाओं व स्कूली छात्राओं से अभद्रता व अश्लीलता कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।इटौंजा पुलिस के मुताबिक राजकिशोर निवासी ग्राम नेवादा थाना इटौंजा को महिलाओं से अश्लीलता करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कृषि महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित चंद्र भानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 1857 की लड़ाई में महिलाओं की भूमिका पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 1857 की लड़ाई में महिलाओं की भूमिका पर निबंध दिया गया था जिसमें बीएससी (कृषि) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी पांडे को प्रथम स्थान तथा इसी सेमेस्टर से दिव्या सिंह को द्वितीय स्थान एवं बीएससी (कृषि) 6 सेमेस्टर से प्रतिष्ठा सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।महिला सशक्तिकरण सेल की इंचार्ज एवं कार्यक्रम आयोजक प्रतिमा सिंह ने बताया कि सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय छात्राओं को पुरस्कार भी दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण सेल की सदस्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ स्वाहा सी चंदा एवं डॉ रजनीश शुक्ला ने सहयोग दिया। महाविद्यालय के निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। इस निबंध प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के आवंटियों को राहत, भवन– भूखण्ड होंगे फ्री होल्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लगभग 30 वर्ष पुरानी एलडीए की ट्रांसपोर्ट नगर योजना के डेढ़ हजार से ज्यादा आवंटी भवनों और भूखंडों को फ्रीहोल्ड कराने के लिए परेशान भटक रहे थे इन लोगों को अब राहत मिल जाएगी क्योंकि लखनऊ विकास प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना के भवन व भूखण्डों के फ्री-होल्ड होने का रास्ता अब साफ हो गया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सम्पत्तियों के फ्री-होल्ड किये जाने की संस्तुति पर मंजूरी देते हुए बुधवार को इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिये हैं। उपाध्यक्ष के इस फैसले का ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मण्डल एवं वेयर हाउस ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अन्तर्गत भूखण्ड 90 वर्ष की लीज एवं निर्धारित मूल्य पर आवंटित किये गये थे। जिन्हें फ्री-होल्ड किये जाने की माँग आवंटियों द्वारा काफी दिनों से की जा रही थी। समय समय पर निर्गत शासनादेशों के द्वारा लीज पर आवंटित सम्पत्तियों को फ्री-होल्ड किये जाने के निर्देश दिये गये थे। इस पर निर्णय लेने के लिए उपाध्यक्ष द्वारा सचिव पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी। समिति द्वारा फ्री-होल्ड के सम्बन्ध में की गई संस्तुति पर उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। इसके अनुसार जिन आवंटियों ने पूर्व में भूखण्डों के मूल्य का दस प्रतिशत लीज-रेण्ट जमा किया है उनसे वर्तमान मूल्य का 2 प्रतिशत फ्री-होल्ड शुल्क जमा कराते हुए सम्पत्ति के फ्री-होल्ड की कार्यवाही की जायेगी। वहीं, जिन आवंटियों ने लीज-रेण्ट के रूप में 10 प्रतिशत धनराशि जमा नहीं की है ऐसे आवंटियों से सम्पत्ति आवंटन मूल्य का 10 प्रतिशत लीज-रेण्ट के रूप में आवंटन तिथि से अद्यतन लीज डीड में निर्धारित ब्याज दर पर साधारण ब्याज के साथ तथा 2 प्रतिशत वर्तमान मूल्य पर फ्री-होल्ड शुल्क अथवा वर्तमान दर पर 12 प्रतिशत धनराशि दोनों में जो कम हो जमा करना होगा। अपर सचिव ने बताया कि अनिर्माण शुल्क (लेवी) दिनांक 01.05.1998 से प्रभावी है। अतः जिन आवंटियों द्वारा अपने भूखण्डों पर निर्माण कर लिया गया है उनमें किसी भी सरकारी संस्था द्वारा जारी प्रपत्र प्रस्तुत करने के आधार पर अनिर्माण शुल्क की गणना की जायेगी तथा अन्य के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-3192/9-आ-1-1998 दिनांक 22.08.1998 एवं उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के सुसंगत धाराओं के अधीन पृथक से कार्यवाही की जायेगी। साथ ही प्राधिकरण एवं आवंटियों के मध्य निस्तारित अनुबन्ध के प्राविधानों के अनुसार फ्री-होल्ड के सम्बन्ध में अन्य कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

# गोसाईगंज ब्लाक में समूह की महिलाओं के लिए अवनी स्टोर की शुरुआत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोसाईंगंज लखनऊ। गोसाईगंज ब्लॉक समूह से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एनआरएलएम योजना के तहत बुधवारको गोसाईंगंज में अवनी स्टोर की स्थापना की गई। जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी लखनऊअश्वनी कुमार पांडे द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री पांडेय ने बताया कि महिलाओं को स्वालंबी व आत्म निर्भर बनाने में जगह जगह महिलाओं द्वारा आउटलेट खोले जाएंगे। जिसकी शुरुआत गोसाईंगंज से की गई है। इस दुकान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में समूह जे जुड़ी महिलाओं के अपना सामान बेचने के लिए एक निर्धारित स्थान मिला है। अवनी जनरल स्टोर पर सभी सामानों की बिक्री महिलाओं के जरिए की जाएगी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाएगा। जो महिलाएं स्वयं सहायता समूह चलाती हैं उनको इस योजना का लाभ दिया जाएगा ताकि उनको आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# प्रधान अध्यापिका को दी गई आख्या प्रस्तुत न करने पर निलंबन का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर,लखनऊ । विकास खंड सरोजनीनगर में बुधवार को क्षेत्र के बत्तीस विद्यालयों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी सरोजनी नगर राम मूर्ति यादव के मार्ग दर्शन में बत्तीस विद्यालयों की आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य रुपए कंपोजिट ग्रांट नामांकन, शैक्षिक गुणवत्ता ,खेल सामग्री एवं ब्लूटूथ क्रय सुचारू रूप से विद्यालय के मुख्य बिंदु थे। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्यो से क्रम वार उपर्युक्त विंदुओ पर चर्चा की और सभी को एक सप्ताह के अंदर प्रत्येक विद्यालय व प्रत्येक बिंदुओं पर शत प्रतिशत उपलब्धि आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया। बैठक में प्राथमिक विद्यालय बहादुर खेड़ा की प्रधानाध्यापिका आरती यादव पर सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्य वाई का आदेश जारी किया। बता दें कि पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सरोजनीनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से प्राथमिक विद्यालय बहादुर खेड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान विद्यालय की स्थिति दयनीय मिली थी। उसी दिन आरती यादव को विद्यालय के कंपोजिट ग्रांट ,खेलकूद और ब्लू टूथ के मद की जानकारी देने का आदेश दिया था लेकिन आज दस दिन बीतने के बावजूद भी बैठक में आरती यादव द्वारा कोई भी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। जिसके बाद उनके निलंबन की कार्यवाही का आदेश हुआ है।

# 19 जनपदों में शुरू होगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 19 जनपदों में 12 मई से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का राज्य स्तरीय शुभारंभ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा वर्चुअल रूप से किया जायेगा। इसी सम्बन्ध में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के दिशा निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी मास्क और हाथों की साफ़ सफाई का अनुपालन करते हुए समुदाय को फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए शुरू किये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के सम्बन्ध में मीडिया की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल, पाथ, सीफार और ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, मीडिया सहयोगियों के साथ मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ विन्दु प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक फ़ाइलेरिया एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फ़ाइलेरिया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार वेक्टर बोर्न डिज़ीजेज़ जैसे फाइलेरिया, कालाजार रोग आदि के उन्मूलन के लिए अत्यंत संवेदनशील है और इसी प्रतिबद्धता के फलस्वरूप, उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 19 जनपदों गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, गाजीपुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर, रायबरेली और कौशाम्बी में 12 मई से 27 मई तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान में सभी वर्गों के लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए एमडीए जनपदों में डीईसी एवं अल्बंडाज़ोल एवं आईडीए जनपदों में डीईसी,अल्बंडाज़ोल तथा आईवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर घर जाकर, अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी एवं किसी भी स्थिति में, दवा का वितरण नहीं किया जायेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी समन्वयक डॉ तनुज शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह रोग मच्छर के काटने से फैलता है। प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल के प्रतिनिधि ध्रुव सिंह ने बताया कि एमडीए अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधानों के सहयोग से सोशल मोबिलाइजेशन से सम्बंधित गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सीफार की प्रतिनिधि रंजना द्विवेदी ने कहा कि इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया की भूमिका बहुत सशक्त है क्योंकि समुदाय में प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता अत्यंत शीघ्रता से फैलती है।

# देश को विकसित बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी : अनूप गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहम्मदी-खीरी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता आज मोहम्मदी पहुंचे। रामलीला मैदान स्थित भाजपा कार्यालय ब्लक सभागार और नगर पालिका सभागार में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं, प्राान, बीडीसी, नगर पालिका के सभासदों को संबोाित किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपायक्ष व ाैराहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा वािायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। अपने संबोान में उन्होंने कहा कि मेरा निर्विरोा निर्वाचन आप लोगों के प्रयासों से ही संभव हुआ है, उन्होंने कहा कि हर समय मैं प्राान, बीडीसी व सभासदों के साथ हूं, आप अपने अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं का खाका तैयार करें, मैं पूरी सहायता करूंगा। उन्होंने कहा कि हम सबका लक्ष्य एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण का होना चाहिए जब आपका गांव विकसित होगा तभी आपका नगर विकसित होगा, तभी आपका जिला विकसित होगा और तभी आपका देश विकसित देशों में गिना जाएगा। सांसद रेखा अरुण वर्मा ने अपने संबोान में कहा कि भाजपा का एक ही उद्देश्य है सबका साथ सबका विकास और इसी ाारणा पर सरकारें कार्य कर रही हैं। वािायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राान और क्षेत्र पंचायत सदस्य लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है और गांवों के विकास का कार्य इन्हें के कांों पर टिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम प्राान और क्षेत्र पंचायत सदस्य अपनी किसी भी कार्य योजना को लेकर उनसे मिल सकता है और वह उसे सहयोग करने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, नगर पालिका अयक्ष संदीप मेहरोत्रा, भाजपा नगर अयक्ष सौरभ गुप्ता ने भी संबोाित किया। तीनों कार्यक्रमों का संचालन नगर महामंत्री रवि शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपायक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, जिला कोषायक्ष अखिलेश त्रिवेदी, अनुज सिंह चौहान, रामजी रस्तोगी, अतुल रस्तोगी, सुशील त्रिवेदी, सुशील वर्मा, बीपी सिंह, एडवोकेट संजीव गुप्ता, आनंद सिंह भदौरिया कुलदीप मिश्रा, अवनीश प्रताप सिंह, पुनीत बाजपाई, अमरीश तिवारी सहित सभी ग्राम प्राान बीडीसी नगर पालिका सभासद व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद में स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करा रहे निजी चिकित्सीय इकाईयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं अपंजीकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सीय इकाईयों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डा0 सुरेन्द्र शाही, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी, सीतापुर द्वारा आज दिनांक 11.05.2022 निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लखनऊ हास्पिटल, बी0सी0एम0रोड, खैराबाद का निरीक्षण किया गया। उक्त हास्पिटल के पंजीकरण का नवीनीनकरण नहीं पाया गया। प्रभारी डा0 अली इमरान, बी0यू0एम0एस0 द्वारा हास्पिटल का संचालन बिना अधिकृत चिकित्सकों एवं मानकों को पूरा किये किया जा रहा था। नोडल अधिकारी द्वारा कड़ी चेतावनी के साथ नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की गयी। तदोपरान्त उजाला नर्सिंग होम, नैपालापुर, सीतापुर का निरीक्षण किया गया, उक्त हास्पिटल पंजीकृत था हास्पिटल में प्रभारी सहित समस्त पंजीकृत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित था। प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि हास्पिटल के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर दिया गया है। हास्पिटल में बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया जा रहा था, जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा इस पर नराजगी व्यक्त करते हुये प्रभारी को नोटिस निर्गत किया गया। इस कड़ी में भार्गव क्लीनिक, नैपालापुर सीतापुर का निरीक्षण किया गया जहाँ श्री सी0वी0 भार्गव, झोला छाप चिकित्सक द्वारा क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। नोडल अधिकारी द्वारा क्लीनिक का संचालन बंद कराते हुये नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की गयी। साथ ही शिवम् हास्पिटल, जी0टी0रोड खैराबाद सीतापुर, ए-वन हास्टिपल, खैराबाद, सीतापुर मेडिकॉम हास्पिटल, खैराबाद का निरीक्षण नवीनपंजीकरण हेतु प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के आधार पर किया गया। जहाँ समस्त व्यवस्थाये सही पायी गयी। डा0 सुरेन्द्र शाही द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त हास्पिटल / क्लीनिक मानकों के विरूद्ध संचालित अवस्था में पाये गये है, जिनके विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। The Clinical Establishment Registration & Regulation Act, 2010 के तहत पंजीकरण होने के उपरान्त ही निजी चिकित्सीय इकाई का संचालन अधिकृत माना जायेगा। ऐसे किसी भी निजी चिकित्सीय इकाईयों को चिकित्सीय व्यवसाय नही करने दिया जायेगा, जिनके द्वारा शासन प्रशासन द्वारा निर्गत निर्देशों का पालन नहीं किया जायेगा। साथ ही यह भी अवगत कराया कि भिविष्य में इस प्रकार की विभागीय कार्यवाही चलती रहेगी। जिससे अनाधिकृत रूप से चिकित्सीय व्यवासाय कर रहे चिकित्सको एवं झोला छाप चिकित्सकों पर लगाम लगायी जा सकें।

# जयप्रकाश हत्या कांड के गिरफ्तार दोनों आरोपियों का पुलिस ने भेजा चालान

एजेंसी

❐ पुलिस से मुठभेड़ में गोली पैर में लगने से घायल हुआ था एक हत्यारोपी

लखीमपुर-खीरी। शहर के दिल दहला देने वाले जयप्रकाा हत्या कांड के दो आरोपियों को बीते मंगलवार की देर शाम मुठभेड़ में गिरफ्तार कर सदर पुलिस ने बुावार को दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया है। सोमवार की रात शहर के मोहल्ला निर्मल नगर निवासी जय प्रकाश मिश्रा की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद आरोपी भाग निकले थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने फुटेज से आरोपियों की पहचान करवाई और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरूकर दिए थे। इार मृतक जय प्रकाश मिश्रा के पिता राजकुमार ने तीन साल पहले पुत्र राजन मिश्रा की हुई हत्या के आरोपियों पर जेल से जमानत पर छूटकर आने के बाद समझौते का दबाव बनाने और सुपारी देकर जयप्रकाश की हत्या कराने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार की शाम पुलिस ने सैरी मोड़ के पास पानी की टंकी के निकट मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी वरुण वाल्मीकि व दीपक को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि तीसरा साथी अर्जुन फरार हो गया था। पुलिस की गोली पैर में लगने से वरुण घायल हो गया था। घायल वरुण नगरपालिका में संविदा पर सफाई कर्मचारी था। उसने पुलिस को बताया था कि जयप्रकाश मिश्रा ने परिवार की एक लड़की से अवैा संबंा बना लिए थे, जिसका वीडियो बनाकर वह लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। वायरल करने की ामकी देकर रुपये की वसूली करता था। इससे परेशान होकर उसने दीपक और अर्जुन के साथ मिलकर जय प्रकाश की हत्या की है। पुलिस ने वरुण के कब्जे से एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और दीपक वाल्मीकि के पास से एक चाकू बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों का बुावार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस फरार तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

# तालाब से हटवाया 20 वर्षों पुराना कब्जा, चला बुल्डोजर

❐ एसडीएम, तहसीलदार हुए शख्त भूमाफियाओं में मची अफ़रातफ़री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा-खीरी। तहसील में उपजिलाािकारी व तहसीलदार की देखरेख में राजस्व विभाग की टीमें अवैा कब्ज़ेदारों पर लगातार शिकंजा कसते हुए आबादी, तालाब, ग्राम समाज, रास्तों समेत अन्य सरकारी जमीनों पर हुए अवैा कब्जों को हटवाने के लिए लगातार अभियान चलाए हुए है। इस अभियान में कह ट्रैक्टर तो कह बुलडोज़र से अवैा कब्ज़ेदारों के घर, दुकान को तोड़कर सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करवाया जा रहा है। जिसको देख नगर क्षेत्र से लेकर कस्बों व गांवों में भी हलचल मची हुई है। इस दौरान कब कितने समय कहाँ सरकारी बुलडोज़र या ट्रैक्टर दौड़ने लगें इसका अंदाजा लगाना भू-माफ़ियाओं के लिए एक पहेली बन गया है। इसी क्रम में मंगलवार को देर सांय अचानक कस्बे में बुल्डोजर चलाकर एक एकड़ के तालाब को कब्जा मुक्त करवाने का अभियान शुरूकरवा दिया गया। जिससे कब्ज़ेदारों में अफ़रातफ़री मची हुई है। उपजिलाािकारी ाीरेन्द्र सिंह व तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला के आदेश पर ाैरहरा कस्बे में कोतवाली पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने कोतवाली तिराहे के पास मौजूद तालाब की भूमि जिस पर अनीस पुत्र अजमत अली निवासी कस्बा ाैरहरा का लगभग 20 वर्षों से अवैा कब्जा किया हुआ था, जिसे हटवाने के लिए अचानक बुलडोजर दौड़ा दिया। जिसको देख लोगों में अफ़रातफ़री मच गई। तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि लालापुरवा कोतवाली तिराहे के पास पडी तालाब की बेशकीमती भूमि गाटा संख्या-3469 रकबा 0.259 जो निघासन-सिसैया हाईवे से सटी भूमि पर अनीश द्वारा किये गये कब्जे को मंगलवार की देर सांय कब्जा मुक्त करवाया गया। यह अभियान लगातार क्षेत्र में इसी तरह चलता रहेगा। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम मे कानूनगो अच्छन मिंया, लेखपाल रामखेलावन, कोतवाल ार्मप्रकाश शुक्ला, चौकी प्रभारी पवन पाठक सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसपी पीआरओ अनिल सैनी बनाये गये फराधन एसओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ आईजी ने दुष्कर्मी की गिरफ्तारी न होने और शिथिलता बरतने पर प्रभारी निरीक्षक को किया था निलंबित

लखीमपुर-खीरी। सात साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में आईजी ने प्रभारी निरीक्षक फराान को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी खाली चल रही थी। बुावार को एसपी संजीव कुमार ने पीआरओ अनिल कुमार सैनी को थाना फराान का एसओ बनाया है। पांच मई को थाना फराान क्षेत्र के एक गांव निवासी शातिर अपरााी भूरा पासी एक घर में घुस गया था। बड़ी बहन के साथ सो रही सात साल की बच्ची को घर से उठा ले गया और गांव के बाहर स्कूल के पीछे बच्ची से दुष्कर्म किया था। थाना फराान पुलिस इस मामले में शुरुआत से ही लापरवाह रही। अाकारियों ने भी ठीक ढंग से पर्यवेक्षण नह किया। नतीजतन आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी अभी तक नह हो सकी है। दो दिन पहले लखनऊ परिक्षेत्र की आईजी लक्ष्मी सिंह ने प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह यादव को घटना स्थल पर देरी से पहुंचने, आरोपी की गिरफ्तारी न कर पाने और अपराों पर अंकुश न लगा पाने के आरोप में निलंबित कर दिया था। इतना ही नह आईजी के निशाने पर सीओ सिटी संदीप सिंह और पूर्व सीओसिटी अरविंद कुमार वर्मा भी आ गए। आईजी ने ठीक ढंग से पर्यवेक्षण न करने, अाकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन कराने में लापरवाही बरतने आदि आरोपों पर लगाए थे और दोनों सीओ का स्पष्टीकरण तलब किया था। प्रभारी निरीक्षक फराान के निलंबन के बाद यहां थाना प्रभारी की कुर्सी खाली थी। एसपी संजीव सुमन ने बुावार को एसपी पीआरओ अनिल कुमार सैनी पर भरोसा जताया है और उन्हें एसओ फराान के पद पर भेजा है।

# गौशाला में मानक के अनुसार व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के दो दिवसीय भ्रमण पर आये राज्यमंत्री अल्संख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 श्री दानिश आजाद अंसारी जी मंगलवार की देर शाम लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस उपमहा निरीक्षक/पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह के साथ बैठक कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं जनप्रति निधियों को आ रही समस्याओं के विषय में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जब तक ट्रामा सेंटर सेवाएं उपलब्ध नही हो पाती है तब तक सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जायें, जिससे घायल मरीजों का इलाज समय से किया जा सके। गौशाला में मानक के अनुसार व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिये। हरा चारा खिलाने पर जोर दिया। गौशाला के आस-पास जिन जमीनों पर अवैध कब्जा हो, उसे खाली कराकर हरें चारे के उत्पादन में इस्तेमाल किया जाये। अवैध पट्टों की जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये। विधायक महोली शशांक त्रिवेदी ने नेरी अंडरपास में बरसात में पानी भरने की समस्या के विषय में मंत्री जी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया। मंत्री जी ने कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुये बेहतर कानून व्यवस्था के विषय में सुझाव लिये। सीतापुर की जाम की समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने वाल्दा कालोनी स्थित दलित राम गोपाल वाल्मिकी के निवास पर भोजन किया तथा लोगों से संवाद भी किया।

# साइकिल में बाइक ने मारी टक्कर, सात घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ओयल-खीरी। चौकी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सांवलसिंह पुरवा स्थित एचपी पेट्रोल पम्प के पास सीतापुर-लखीमपुर फोरलेन पर लखीमपुर की ओर से आ रही साइकिल को पीछे से एक बाइक ने जोर दार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल व बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गये। हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलयों को राहगीरों की मदद से ट्रामा सेंटार ओयल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उपकरणों की कमी के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्राम लघुचा निवासी हारून अपनी पत्नी सायरून व पांच वर्षीय बच्ची रुखसार के साथ सीतापुर की ओर जा रहा था कि तभी जनपद सीतापुर निवासी ािपाल अपनी पत्नी शाि, पुत्री साक्षी(7) तथा 3वर्षीय सन्नों को लेकर बाइक से आया और हारून की साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके परिणाम स्वरूप गिर कर दोनों कुनबे घायल हो गये। वहीं घटना की सूचना के करीब एक घंटे बाद 108 एम्बूलेंस मौके पर पहुॅची। एम्बूलेंस आने में देरी होने पर लोगों ने नगर पंचायत की एम्बूलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजा। साइकिल सवार 45वर्षीय सायरून के सर में गंभीर चोटे आई, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## उमंग तिवारी को गोली मारने के नामजद दोनों आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर–खीरी। बीते सोमवार को उमंग तिवारी पर हुए जानलेवा हमने के नामजद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद करने का दावा किया है। शहर से सटे गांव छाउछ निवासी उमंग तिवारी (22) सोमवार को महेवागंज पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित पौराणिक शिव मंदिर गया था। वह भोलेनाथ के दर्शन कर बाइक से वापस लौट रहा था। तभी बाइक सवार दो हमलावरों ने पीछे से उसे गोली मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी बृजराज सिंह पुत्र वीरपाल सिंह और शिव कलोनी निवासी शांतनु पांडेय के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई अन्य ाारओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल विजय शर्मा को सूचना मिली कि दोनों आरोपी नहर पटरी के रास्ते कह जाने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर महेवागंज चौकी इंचार्ज सतीश चन्द्र द्विवेदी ने हेड कांस्टेबल विजय शर्मा, हेमंत सिंह, सिपाही कौशलेंद्र मिश्र और मांगेराम के साथ घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बृजराज सिंह के पास से एक 12 बोर का तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने चालान कर दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## एसडीएम ने जानी गौशाला की जमीनी हकीकत

मितौली–खीरी। एसडीएम विशो कुमार ने बीडीओ चंदन देव पांडे के साथ गो–आश्रय केंद्र लोहना (लोहागढ़) का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर गौशाला में पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत सचिव मनोज कुमार को निर्देशित किया गया। पशुओं के चारे की व्यवस्था के क्रम में भूसे की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। अत्यंत बूढ़ी एक गाय जिसकी गौशाला में टाइपिंग की गई थी मृत पाई गई। अन्य दो गाय ग्रामीणों के घरों पर मरने के उपरांत नदी के किनारे फेंक दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया जब गांव में कोई पशु मरता है वह नदी के किनारे ही फेंक दिए जाते हैं। उप जिलााकारी ने गौशाला में गायों के चारे एवं पानी की उपलबता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ग्राम प्राान तेंदुआ भी उपस्थित रहे। एसडीएम मितौली तथा बीडीओ मितौली ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत चौगान पुर में हुए विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में मनरेगा द्वारा कराए गए विद्यालय की बाउंड्री वाल निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तत्काल प्रभाव से निराकरण किए जाने के निर्देश जारी किए गए।

## तिलक के दिन फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

बेहजम–खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव मुडिया की घटना परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव मुडिया में भगवानदीन मौर्या के बेटे मूलचन्द की शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। मूलचंद की शादी नीमगांव थाना क्षेत्र के ही गांव कलीजपुर के मेवालाल की बेटी के साथ तय हुई थी। बुावार को तिलक व बृहस्पतिवार को शादी होनी थी। तिलक वाले दिन सुबह भगवानदीन सोकर उठे तो देखा मूलचन्द अपनी चारपाई पर नह है। तबतक भगवानदीन की बडी बहू ने शोर मचाया कि मूलचन्द छप्पर के बांस से फांसी लगा ली है। पूरे घर मे कोहराम मच गया। तिलक समारोह की तैयारियां मातम मे बदल गई। परिजनों की सूचना पर पंहुची नीमगांव पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। भगवानदीन के मुताबिक मेरे भाई हुलासराम से कुछ महीने पहले काफी विवाद हुआ था, तबसे मेरी दुश्मनी चल रही है। मेरे बेटे की हत्या की गई है। नीमगांव थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर में किसी का नाम नह दिया गया है। जांच चल रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

## 19 मई को होगा रोजगार मेले का आयोजन

सीतापुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी अमित कुमार ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर के प्रांगण में दिनांक 19 मई 2022 को प्रातः 10.00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसमें हाईस्कूल इण्टर स्नातक आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 11000 से 16500 तक के पदो पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# बरतें सतर्कता: गर्मी में बढ़ने लगी दस्त के रोगियों की संख्या, रोज आ रहे 20 मरीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही दस्त के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। जिला अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में ऐसे लगभग 20 रोगी प्रतिदिन आ रहे हैं, उनमें से दो-तीन को भर्ती करना पड़ रहा है। इस समय मेडिसिन विभाग के वार्ड में 95 रोगी भर्ती हैं, इनमें 42 दस्त से पीड़ित हैं। अच्छी बात यह है कि ये रोगी दो-तीन दिन में ठीक हो जा रहे हैं। ऐसे बढ़ रही रोगियों की संख्याः अप्रैल के पहले सप्ताह से दस्त के रोगियों की संख्या धीरे- धीरे बढ़ने लगी। मई आते- आते इनकी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। अप्रैल के पहले ओपीडी में प्रतिदिन चार- छह रोगी आते थे। इस समय आने वाले रोगियों में से अनेक को उल्टी की भी समस्या है। जिला अस्पताल में तीन फिजिशियन हैं, इसलिए रोगियों को संभालने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। डाक्टर इसका कारण दूषित पानी व खाद्य पदार्थ बता रहे हैं। उनका कहना है कि लगन के मौसम में लोग चिकनाई व मसाले वाला खाना खा रहे हैं। रात को बचा हुआ खाना खाने से भी यह समस्या आ रही है। अभी तक जितने रोगी आए हैं, लगभग सभी ने बताया है कि बारात में भोजन करने, मिठाई खाने व बासी खाना खाने के बाद उन्हें यह दिक्कत शुरू हुई। डाक्टरों ने बाजार में खुले में रखे सामान भी खाने से मना किया है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. राजेश कुमार ने बताया कि दस्त के रोगियों की संख्या काफी बढ़ी है। ज्यादातर तो दवा से ठीक हो जा रहे हैं लेकिन लगभग 15 प्रतिशत को भर्ती करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण दूषित भोजन व पानी है। इससे बचें और पर्याप्त पानी पीएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

# प्लेटफार्मों तक लिफ्ट से पहुंचेंगे रेलवे के पार्सल

## रेलवे स्टेशन पर तेज हुई मटेरियल लिफ्ट लगाने की कवायद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। रेल उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें प्लेटफार्मों तक पार्सल पहुंचाने में मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। रेलवे में बुक सामान समय से लिफ्ट के माध्यम से प्लेटफार्मों तक पहुंच जाएंगे। इसके लिए पार्सल घर से रेल लाइन नंबर तीन और चार के बीच स्थित सिग्नल पैनल के बीच लिफ्ट लगाई जाएगी।लिफ्ट के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावितः रेलवे प्रशासन ने लिफ्ट लगाने की कवायद तेज कर दी है। स्टेशन प्रबंधन ने स्थलीय सर्वे करने के बाद नक्शा आदि तैयार कर लखनऊ मंडल प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी है। लिफ्ट के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। फुट ओवब्रिज से पार्सल पहुंचाते हैं रेलकर्मीः जानकारों के अनुसार लिफ्ट लग जाने से पार्सल घर से लाइन नंबर तीन होते हुए बुक सामान सीधे सभी सभी प्लेटफार्मों तक जाएंगे। लाइन नंबर तीन से प्लेटफार्म नौ तक पार्सल ले जाने और ले आने के लिए पाथ वे है, लेकिन एक से तीन नंबर के लिए कोई रास्ता नहीं है। रेलकर्मी फुट ओवरब्रिज (एफओबी) से पार्सल पहुंचाते हैं। उन्हें अतिरिक्त श्रम तो करना ही पड़ता है, दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। अक्सर पार्सल घर में ही बुक सामान पड़े रह जाते हैं। उपभोक्ताओं को स्टेशन के बाहर से प्लेटफार्म नंबर आठ और नौ तक पार्सल पहुंचाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें 150 से 200 रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ जाते हैं। वर्ष 2013-14 में गोरखपुर जंक्शन का यार्ड रीमाडलिंग हुआ। 1366.33 मीटर विश्व का सबसे लंबा प्लेटफार्म तैयार हो गया। लेकिन प्लेटफार्म नंबर एक से तीन तक पार्सल पहुंचाने के लिए पाथ नहीं बना। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर मटेरियल लिफ्ट लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। लिफ्ट लग जाने से प्लेटफार्मों तक पार्सल पहुंचाने में आसानी होगी।

# टेबलेट की सुविधा मिलने से डिजिटल सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा : चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। नगर स्थित रघुवीर इस्टीट्यूट नर्सिंग आफ पैरामेडिकल साइंसेज में उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत इंस्टीट्यूट के 90 शिक्षार्थियों को टेबलेट वितरण का कार्य मुख्य अतिथि पूर्व विाायक ाीरेंद्र बहादुर सिंह, विशिष्ट अतिथि एसडीएम विजय कुमार और इंस्टीट्यूट के चेयरमैन रमेश दीक्षित के कर कमलों से सम्पन्न हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। तत्पश्चात चेयरमैन रमेश दीक्षित ने पूर्व विाायक ाीरेंद्र सिंह और एसडीएम विजय कुमार का माल्यार्पण व अंगवस्त्र सहित प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व विाायक ाीरेंद्र सिंह ने कहा कि आज हिंदुस्तान डिजिटल भारत की ओर बढ़ रहा है। अगर नई पीढ़ी के युवक-युवतियों को लैपटप व मोबाइल की जानकारी नहीं होगी तो कहीं न कहीं आाुनिक शिक्षा में कमी रह जाएगी जिसके चलते योगी सरकार ने विद्यार्थियों को टेबलेट व स्मार्टफोन की सुविाा प्रदान की है। सरकार के द्वारा बिना किसी भेदभाव के अमीर गरीब सभी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन व टैबलेट बांटे जा रहे है। यह सुविाा मिलने से डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और एक ही स्थान पर बैठकर पूरी दुनिया की जानकारी मिल जाएगी। एसडीएम विजय कुमार ने कहा कि स्मार्टफोन और टेबलेट तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए विद्यार्थियों के बीच बांटे जा रहे है। सरकार चाहती है कि डिजिटल इंडिया के लिए हर छात्र छात्रा सशक्त बने। एसडीएम ने सरकार के द्वारा संचालित अनेक लाभकारी योजनाओं की भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने इंस्टीट्यूट के नर्सिंग सेवा भाव की सराहना भी की। वहीं इंस्टीट्यूट के चेयरमैन रमेश दीक्षित ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका इंस्टिट्यूट समाज के लोगों के लिए स्थापित हुआ है। बिना किसी परेशानी के क्षेत्र के बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा मिल रही है जिससे उन्हें आगे चलकर रोजगार आसानी से मिल जाता है। इस अवसर पर ड. मोनिका मिश्रा, मैत्रेयी मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, फैजल, प्रशांत, किषन कुमार, बुद्धिप्रकाश, बनवारी सहित शिव प्रकाश पांडे, चंद्र प्रकाश पांडे, मनोज अवस्थी, ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, शिवम गुप्ता, मुन्नीलाल वाजपेई, दु खहरण त्रिवेदी, अंबुज दीक्षित, नीरज दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# अस्पताल परिसर से चौकी समाप्त किया जाना भविष्य में देगा अप्रिय परिणाम : आशीष द्विवेदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

रायबरेली। जिला अस्पताल परिसर से पुलिस चौकी का हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण, परिसर से पुलिस चौकी हटाये जाने के उपरांत भविष्य में घटित किसी भी अप्रिय घटना का कौन होगा जिम्मेदार, हस्पताल प्रशासन या पुलिस? उपरोक्त प्रश्न उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल जिलायक्ष एवं कांग्रेसी नेता आशीष द्विवेदी ने बीते दिन अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी को वस्त किये जाने के उपरांत मीडिया के मायम से जनहित में उठाये। उन्होंने कहा कि सीएमएस नीता साहू द्वारा परिसर से साइकिल स्टैंड शुल्क समाप्त किया जाना सराहनीय कदम है किन्तु परिसर में आये दिन घटित होने वाली अप्रिय घटनाओं पर नियंत्रण करना बिना पुलसिया व्यवस्था के असंभव होगा। जबकि पूर्व सीएमएस द्वारा हस्पताल कर्मचारियों एवं मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा को यान में रखते हुए परिसर में पुलिस चौकी स्थापित किये जाने की मांग के उपरांत चौकी बनाई गई थी। ऐसे में परिसर से चौकी समाप्त किया जाना भविष्य में अप्रिय परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त घटनाक्रम के उपरांत अस्पताल एवं पुलिस प्रशासन में क्षोभ की स्थित निश्चित रूप से उत्पन्न होगी जो कि जनहित को यान में रखते हुवे उचित नही है। श्री द्विवेदी का मानना है कि अस्पताल एवं पुलिस प्रशासन के मय उपजी स्थित का दुष्परिणाम आमजनता को भोगना होगा जो कि स्वागत योग्य नही है। परिसर में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के लिए अस्पताल एवं पुलिस प्रशासन के मय सामंजस्य होना नितांत आवश्यक है।

## जल जीवन मिशन-हर घर जल के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

महराजगंज (रायबरेली)। विकास खंड सभागार में जल जीवन मिशन-हर घर जल के अन्तर्गत बुावार को दो दिवसीय विकास खंड स्तर पर जल गुणवत्ता जांच परीक्षण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 'आरना फाउंडेशन लखनऊ के द्वारा किया गया। आयोजित प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ जल की लोगों को उपलबता व स्वच्छ जल के प्रयोग से 80 प्रतिशत बीमारियों को कम कराना है। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में आकाश त्यागी, बसंत लाल, सहायक प्रशिक्षक राघवेन्द्र सिंह, रजनीश तिवारी ने पांच महिला समूह की महिलाओं, आशा व आंगनबाड़ी को जल की गुणवत्ता परखने एवं शुद्ध पेयजल की जांच हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया। आरना फाउंडेशन के प्रमुख आनन्द सिंह ने बताया की सरकार 2024 तक देश के हर एक ग्रामीण निवासी तक पर्याप्त पीने लायक जल उपलब करवाना चाहती है। इस जल जीवन अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार ने 3.6 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये हैं। इसे हम नल से जल पहुंचाने का भी अभियान कह सकतें हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 'हर-घर जल योजनांतर्गत लोगों को होने वाली जल समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा।

# परिजनों से मिलने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

रायबरेली। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के याकूबगंज निवासी सर्राफा व्यवसायी रामनरेश यादव की विगत एक मई को अज्ञात लोगों द्वारा मारकर हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया था, जिसमें मृतक के पुत्र मुकेश द्वारा अज्ञात के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। घटना के दस दिन बीत जाने के उपरान्त भी महराजगंज पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी में नाकाम है। समाजवादी पार्टी के जिलायक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में पदाकािरियों का प्रतिनिाि मण्डल पीड़ित परिवार से मिलने याकूबगंज पहुँचा, जिसमें क्षेत्रीय विाायक श्याम सुन्दर भारती भी मौजूद रहे। जिलायक्ष ने मृतक परिवारीजनों से मिलकर उन्हें सान्त्वना देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी दुखी परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसम्भव प्रयास करेगी। उन्होंने पुलिस आकािरियों से वार्ता कर कहा घटना में संलिप्त दोषियों की गिरिफ्तारी तीन दिन के अन्दर किया जाय अन्यथा लोकतांत्रिक रूप से कार्यकर्ताओं के साथ ारना प्रदर्शन के लिए बाय होंगे। बछरावाँ विाायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कतई बर्दास्त नहीं होगा। पीड़ित पक्ष को न्याय समयबद्ध तरीके से मिलना चाहिए विलम्ब से मिला न्याय भी पीड़ित पक्ष के लिए दुःखदायी है। प्रतिनिाि मण्डल में जिला उपायक्ष हाजी मो. इलियास, विाान सभा प्रभारी शिवशंकर पटेल, शत्रोहन सिंह मौर्य, समर बहादुर यादव, राजेश मौर्य, रामस्वरूप पासी, रंजीत यादव, अनूप पासी, रवीन्द्र सिंह, अवोश यादव, वीरेन्द्र बहादुर, मोनू पहलवान, छोटेलाल आदि लोग उपस्थित थे।

# उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न चित्रों के माध्यम से अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। वहीं विद्यालय की छात्रा स्मृति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित प्रौद्योगिकी किसी भी राष्ट्र की अत्मनिर्भरता का आधार होती है, इसी क्रम में विद्यालय षिक्षक अमित द्विवेदी ने बच्चों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से पोखरण परमाणु परिक्षण के सन्दर्भ में विभिन्न दृष्य दिखलाये। इसके साथ ही उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत 'पोखरण परमाणु परीक्षण' करके विष्व में अपनी नई पहचान बनाने में सफल रहा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य षिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तत्परता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का कुषल संचालन विद्यालय की छात्रा स्मृति व छवि ने किया। इस अवसर पर, सी.एस.दास मिश्रा, संचिता त्रिवेदी, राकेष अवस्थी, शाहीन खान, बालजी पाण्डेय, षिवकरन पाल, रामदेव शर्मा व गिरीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## डीएम के आदेश पर दो गेहूं क्रय केन्द्र खोले गये

रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2022-23 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत जिलाािकारी माला श्रीवास्तव के आदेशानुसार क्रय एजेंसी मल्टी स्टेट कोअपरेटिव सोसाइटी नैकफ (खाद्य विभाग से सम्बद्ध) ने ब्लाक डीह में गेहूँ क्रय केन्द्र टेकारी सहन व ब्लाक महराजगंज में सिरसा गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये है। जिलाािकारी माला श्रीवास्तव ने जिला प्रभारी नैकफ, रायबरेली को निर्देश दिये है कि तत्काल उक्त गेहूँ क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए .षकों से नियमानुसार गेहूँ क्रय कराना सुनिश्चित करें।

## 15 को सामान्य निकाय की होगी बैठक

रायबरेली। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड इम्पलाइज को अपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड रायबरेली की सामान्य निकाय की बैठक 15 मई को फिरोज गांाी डिग्री कलेज सभागार रायबरेली में समय 10 बजे पूर्वान्ह होना निश्चित किया गया है। समिति के सभी सदस्यों से अनुरोा है कि बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

## सात दिवसीय कर्राटे आत्मरक्षा कैम्प का हुआ शुभारम्भ

रायबरेली। श्री केबी सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कलेज देवानन्दपुर में सात दिवसीय कर्राटे कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें कलेज की सैकड़ों बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रशिक्षिका रितिका गुप्ता ने सभी बालिकाओं को कराटे व आत्मरक्षा के गुण सिखाए कैम्प का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और आत्म सुरक्षा का ज्ञान कराना है। यह कर्राटे शिविर सात दिवस तक लगातार चलेगा जिसमें कलेज की प्राानाचार्य निाि चौरसिया व अयापिका मोनिका सिंह, अंजू शरण, गायत्री देवी, भावना गुप्ता आदि सभी अयापिका व जिला कर्राटे संघ के संस्थापक कर्राटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।

# गदागंज में न्याय न मिलने से महिलाएं हैं आहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



डलमऊ (रायबरेली)। अगर आप सोच रहे हैं कि गदागंज में महिलाओं को सही से न्याय मिल जाएगा तो यह मुमकिन नहीं नामुमकिन है क्योंकि गदागंज पुलिस उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के हिसाब से काम करना नहीं चाहती है वह अपने नए नियम कानून से काम करना चाह रही है। थाने पर दलालों के मायम से कार्यवाही की जाती है, जबकि योगी सरकार का सख्त आदेश है कि थाने पर दलालों का प्रवेश वर्जित है लेकिन थानेदार साहब यह सब समझना नहीं चाहते हैं क्योंकि थानेदार साहब की चुप्पी बताती है कि चार्ज पर रहने के लिए वह अपना सिस्टम बनाए हुए हैं। उन्हें चार्ज से तभी हटाया जाएगा जब वह चाहेंगे।बेलाभेला उत्तरपारा थाना गदागंज की रहने वाली निशा ने बताया कि 5 मई 2018 को मेरा विवाह नितिन कुमार पुत्र जगदीश के साथ हुआ था। भरण पोषण के लिए न्यायालय में मामला विचाराीन है। निशा ने आरोप लगाया है कि एक मई 2022 को मेरे पति ने चोरी से दूसरी शादी कर लिया है, और जब मुझे विवाह के बारे में पता चला तो मैं थाना गदागंज गई। जहां पर बैठे पुलिस कर्मियों के द्वारा पूछा क्या मामला है तो मैंने पूरा मामला बताया, मामला सुनकर गदागंज पुलिस ठहाके मारकर हंसने लगी और कहा कि

**गदागंज पुलिस अपने नियम कानून पर कर रही कार्य**

तुम भी दूसरा विवाह कर लो, तो मामला ही रफा-दफा हो जाए। अब आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि गदागंज थाने पर महिलाओं से किस लहजे से पुलिस पेश आती है। यही नहीं जब महिला ने मीडिया से अपनी बात को बताई तब जाकर उसे पुनः बुलाया गया और उसे जारी किए गए वीडियो को रोकने की बात कही गई। गदागंज थाने में यह कोई नया मामला नहीं है, थाना प्रभारी ने जब से चार्ज लिया हैं तब से कुछ ना कुछ नया मामला पेश होता ही रहता है। इस संबंा में गदागंज थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर पर कल की गई तो कहा गया कि महिला के पति को थाने पर बैठाया गया है। उसे न्याय दिलाया जाएगा।

# स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन हेतु चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज (रायबरेली)। प्रदेश सरकार द्वारा सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियान एवं अभिभावक संपर्क तथा हाउस होल्ड सर्वे जैसे अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं। जनपद में जिला प्रशासन के निर्देश पर पूरे जनपद में मीना मंच के मायम से गांव-गांव, घर-घर जाकर सभी बच्चों का नामांकन, उनकी उपस्थिति के लिए चार्ट-पोस्टर, स्लोगन, पपेट, जागरूकता गोष्ठी के मायम से संदेश दिया जा रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा आकािरी शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर देने के लिए मीना मंच सुगमकर्ता टीम को सक्रिय भागीदारी निभाने एवं बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। आज महराजगंज विकास क्षेत्र के कस्बा स्थित कम्पोजिट विद्यालय महराजगंज में मीना मंच के तहत बच्चों के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद से बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन एसएस पाण्डेय द्वारा मिशन शक्ति, जागरूकता कार्यक्रम, बालिकाओं के नामांकन एवं संचारी रोगों से बचने के लिये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। कुछ स्लोगन डरे नहीं-सहे नहीं, अपमान का हिस्सा बने नहीं, कूड़ा कूड़ेदानी में-सोओ मच्छरदानी में, हम भी किसी से कम नहीं-कोई हरा दे-दम नहीं। चुप्पी तोड़ो- खुल कर बोलो, हम भी छू सकते हैं आकाश-मौके की है मुझे तलाश जैसे नारों के साथ बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाया गया। इस अवसर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राानायापक रमेश बहादुर, प्राथमिक विद्यालय महराजगंज के प्रभारी प्राानायापक इरशाद सिद्दीकी, सुगमकर्ता शिल्पी गुप्ता, प्राथमिक की सुगमकर्ता माुरी मिश्रा, शिक्षक उमेश गुप्ता, रचना शाक्य, अनुदेशक रेखा मौर्य व नीतू जायसवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नसीराबाद (रायबरेली)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नसीराबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु रायबरेली भेज दिया है। बुावार की दोपहर 35 वर्षीय लवकेश पुत्र सोमनाथ निवासी ग्राम पूरे निाान कुंवर का पुरवा मजरे बरवलिया थाना जामो जिला अमेठी। नसीराबाद थाना क्षेत्र के कोबी का पुरवा रिश्तेदारी मे निमंत्रण गये थे। वापस लौटते समय गांाी नगर छतोह मार्ग पर स्थित पूरे खारिन गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया है। घटना के सम्बन में थानेदार दयानंद तिवारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत की जानकारी मिली है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। अभी घटना की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## एक बार फिर एम्बुलेंस मे गूंजी बच्चे की किलकारी

नसीराबाद (रायबरेली)। प्रसूता को प्रसव के लिए एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय एक बार फिर बच्चे की किलकारी से एम्बुलेंस गूंज उठी। अस्पताल पहुंचने के पहले ही प्रसूता ने एम्बुलेंस में सुरक्षित बच्चे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है। गौरतलब हो कि ग्राम पूरे ब्रह्मचारी मजरे बिरनांवा गाँव की रहने वाली प्रसूता पूनम पत्नी बादल के प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में भटपुरवा गांव के पास प्रसूता ने बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया। एम्बुलेंस चालक अवनीश कुमार व ईएमटी अजय सिंह ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है।

# सड़क की पटरियों पर लगाई गई अवैध होर्डिंग्स को प्रशासन ने हटवाया



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

रायबरेली। जिलाािकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व नगर पालिका रायबरेली द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के निवासी नियमित रूप से जाम और अतिक्रमण की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका के ईओ द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान के दूसरे दिन डिग्री कालेज पर सड़क की पटरियों पर होर्डिंग्स के मायम से किये गए अवैा स्थायी /अस्थायी कब्जा एवं अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करते होल्डिंगो को हटाया गया। अािशासी आकािरी नगर पालिका द्वारा बताया गया कि अवैा कब्जा व अतिक्रमण को हटाये जाने के लिए यह अभियान निरन्तर चलाया जाएगा। उन्होंने सम्मानित नागरिको व दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों सड़क की पटरियों पर प्रचार प्रचार होर्डिंग्स व दुकानों का सामान न रखा जाए अन्यथा प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

# एनएसबीवीएम में मनाया गया नेशनल टेक्नोलॉजी-डे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में नेषनल टेक्नोलॉजी-डे पर कार्यक्रम मनाया गया। यह दिन भारत के लिए बहुत ही खास है, क्योंकि आज के दिन वह तकनीकी तौर पर बहुत मजबूत ही नहीं हुआ, बल्कि दुनिया के सामने एक शक्तिषाली देष के रूप में भी उभर कर सामने आया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने भी कुछ इलेक्ट्रानिक उपकरणों के माध्यम से आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रदर्षन किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेष्वर सिंह ने बच्चों को राष्ट्रीय प्रौद्यागिकी दिवस के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन से जुड़ी तीन प्रमुख घटनाओं में से पहली राजस्थान के पोखरण में पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में परमाणु परीक्षण, दूसरी डीआरडीओ द्वारा त्रिषुल मिसाइल का सफल परीक्षण और तीसरी एयरक्राफ्ट हंसा-3 की सफल उड़ान शामिल है। इसीलिए तत्कालीन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने भारतीय बैज्ञानिकों और इंजीनियर्स के योगदान को याद करते हुए नेषनल टेक्नोलॉजी डे मनाने का ऐलान किया। इस अवसर पर विद्यालय के षिक्षक-षिक्षिकाओं में से मायाकान्त दीक्षित, प्रमान्षु श्रीवास्तव, अमित सिंह, पूनम सिंह, प्रिया मंधान, आलोक श्रीवास्तव, विनय, रत्नेष सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

ऊंचाहार (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में संदिग परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुराली जनों पर दहेज की मांग को लेकर बहन की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कानपुर शहर के चंदौली थाना अंतर्गत रेल बाजार निवासी अल्ताफ ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी बहन नगमा की शादी नौ जून 2021 में ऊंचाहार कस्बा निवासी मोहम्मद साबिर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल तथा पांच लाख रूपए ना मिलने के चलते आरोप है कि ससुराली जनों द्वारा उसकी बहन की दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दी गई और उन्हें घटना की सूचना भी नहीं दी गई। कस्बे में भी ब्याही उनकी दूसरी बहन के द्वारा घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ वह मृतक बहन के ससुराल पहुंचे तो मृत अवस्था में बहन को चारपाई पर लेटे हुए पाया जिसके गले में फांसी लगने के निशान थे जिसके बाद भाई अल्ताफ ने कोतवाली पहुंचकर सास बेबी, ससुर वाहिद, ननंद शीबा, जेठ राशिद, देवर ताबीस, आमिर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। भाई के प्रार्थना पत्र के आाार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# बिना लाइसेंस बीज की बिक्री करने पर दर्ज होगी एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि खरीफ 2022 के अन्तर्गत जनपद में बीज वितरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है जिसे देखते हुए शासन/कृषि विभाग कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। श्री पाण्डेय ने बताया कि जिले के कृषकों को खरीफ 2022 में बीज आपूर्ति एवं बिक्री हेतु बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि कोई व्यापारी बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त किये बीज का व्यवसाय करते हुए पाया जायेगा तो सम्बन्धित व्यापारी के विरूद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्राविधानों के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। सभी बीज विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि अपनी फर्म/दुकान पर डिस्प्ले बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड, बिक्री/स्टाक रजिस्टर, कैशमेमो व अन्य वांछित अभिलेख पूर्ण रखें तथा बीज क्रय करने पर कृषकों को रसीद अवश्य उपलब्ध कराएं। जनपद के बीज विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि रसीद पर कृषक का नाम एवं पता, खसरा संख्या, रकबा के साथ बीज आपूर्ति करने वाली संस्था का नाम, बोरी का टैग संख्या तथा लाट संख्या का भी उल्लेख अवश्य करेंगे। सभी विक्रेता कृषि निदेशालय से पंजीकृत/ अधिकृत फर्मों से ही बीज का क्रय करेंगे तथा बिल में लाइसेंस नम्बर का उल्लेख करना भी अनिवार्य होगा। सभी विक्रेता प्रत्येक माह में बीज प्राप्ति/वितरण व अवशेष की सूचना अगले माह की 05 तारीख तक जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जनपद के बीज विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान से बिक्री किये जा रहे बीजों का पूर्ण विवरण सुरक्षित रखेंगे। किसी भी विक्रेता के लिए रिसर्च वैरायटी, जो अधिसूचित नहीं है अपितु अनुसंधान के अन्तर्गत है, की बिक्री प्रतिबन्धित होगी किन्तु मिनीकिट्स के रूप में निःशुल्क कृषकों में उसका वितरण किया जा सकेगा। सभी विक्रेता लाइसेंस में दर्ज स्थान पर ही स्टाक का भण्डारण करेंगे अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## 13 मई को आयोजित होगा आनलाइन बेरोज़गार मेला

बहराइच । जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच द्वारा 13 मई 2022 को प्रातः 10:00 बजे से आनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत बेरोजगार अभ्यर्थी ही आनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। आनलाइन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियाँ आवेदित/प्रतिभागी बेरोजगार अभ्यर्थियों से उनके मोबाइल पर सम्पर्क कर साक्षात्कार करेंगी। श्री कुमार ने बताया कि चूँकि यह रोजगार मेला आनलाइन आयोजित है इसलिए किसी भी बेरोजगार अभ्यर्थी को सेवायोजन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। इस आनलाइन रोजगार मेले में कुल 3 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोज़गार मेले में शिवांगिनी लाजिस्टिक द्वारा पार्सल डिलीवरी हेतु 80 पद हेतु हाईस्कूल/इण्टर उत्तीर्ण, नेटयूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउन्डेशन द्वारा ट्रेनी 50 पद हेतु आई.टी.आई./डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग उत्तीर्ण तथा एल.आई.सी. रिक्रूटमेंट एजेन्सी द्वारा 30 एल.आई.सी. एजेन्ट पद हेतु हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का दूरभाष/मोबाइल पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि नेटयूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउन्डेशन का कार्यक्षेत्र मानेसर एवं वेतन 15,500 होगा। श्री कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में वही अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिसका सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण होगा साथ ही इच्छुक अभ्यर्थी को मेले में भाग लेने के लिए 13 मई 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बिना आनलाइन आवेदन के कोई भी अभ्यर्थी प्रतिभाग नहीं कर सकेगा और न ही उसका कम्पनियों द्वारा मोबाइल/दूरभाष पर साक्षात्कार लिया जायेगा।

# ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य कराए गाँवों का विकास : सांसद

❐ हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने क्षेत्र के हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में लिया हिस्सा। आयोजित बैठक में राज ठाकरे के अयोध्या दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर भारतीयों के साथ महाराष्ट्र में जो निर्दयता पूर्ण व्यवहार किया गया है उसके लिए राज ठाकरे को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी ।उन्होंने कहा अगर वह उत्तर भारत के निवासियों से माफी नहीं मांगेंगे तो उन्हें अयोध्या में घुसने नहीं दिया जाएगा क्योकि यह सवाल उत्तर भारतीयों के अस्मिता से जुड़ा हुआ है।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन भाजपा का नहीं है बल्कि मेरा व्यक्तिगत है। उत्तर भारतीयों के मान सम्मान से जो खिलवाड़ राज ठाकरे ने किया है उसकी सजा उसे भुगतनी ही होगी।उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को भी ट्वीट करके निवेदन किया है कि राज ठाकरे से न मिले। सम्बोधन के पश्चात उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। ग्राम सुतौली निवासी उग्रसेन सिंह ने बताया कि 20 दिन पहले खेल के मैदान को चिन्हित किया गया था। लेकिन लेखपाल अभी नापने नहीं आया है। गोडहिया नम्बर तीन मे अवैध कब्जे की शिकायत मिली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुडौनी ने देवलखा से कुडौनी जाने वाले मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की उन्होंने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे मनोयोग से करें जिससे गांव व क्षेत्र का विकास हो सके। इस मौके पर एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरूण वीर सिंह, ब्लाक प्रमुख सन्दीप सिंह विसेन, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, प्रभात सिंह, डा.एन.के.सिंह, हुकुम सिंह इंटर कॉलेज प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह, बकाउल्लाह, विवेक सिंह, डा.अरविंद सिंह विसेन, रामसतीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर लगी गिट्टी-बालू की दुकानें, राहगीर परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। ग्रामीण व नगर समेत आसपास के इलाकों में मुख्य सड़क के किनारे ही गिट्टी व बालू की दुकान लगने से सरकार को राजस्व की क्षति तो हो ही रही है, हादसे की आशंका भी बनी रह रही है।मुख्य सड़क के किनारे भारी मात्रा में लाल बालू व गिट्टी के टाल लगाने के लिए हर दिन ट्रक व ट्राली से बिल्डिंग मैटेरियल लोड-अनलोड होता है। बताया जात है कि अधिकांश कारोबारी तो सेवादार बन पुलिस प्रशासन के अच्छे मित्र बन गए हैं। जिसके चलते इन पर प्रशासन की कृपा बरस रही है। बदले में ये कारोबारी लोनिवि की सड़क पर कब्जा कर बेरोकटोक धंधा कर रहे हैं। यह स्थिति नगर से सटे गोंडा बहराइच रोड, गोंडा फैजाबाद रोड, चुंगी नाका मार्ग समेत विभिन्न मार्गों पर है।खासकर गोंडा फैजाबाद मार्ग खोरंहसा, मोतीगंज कहोबा मार्ग सड़क के दोनों तरफ कई ट्रक बालू व गिट्टी गिरा दिया गया है और यहीं से सड़क पर ही ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर इसकी बिक्री होती है। इस कारण यहां पूरे दिन ट्रैक्टर-ट्राली लगी रहती है और सबसे ज्यादा यहीं सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं। बावजूद पुलिस व प्रशासन मौन है।

# डीएम की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बंधु की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कर रहे सैनिक कल्याण अधिकारी ने सैनिकों से संबंधित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी सैनिकों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि सैनिकों के समास्याओं का समाधान तत्काल करवाया जायेगा। साथ ही सभी सैनिक बंधुओं से संवाद स्थापित किये तथा उनसे बात करते हुए कहा कि यदि आप लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो आप सीधे हमारे सीयूजी नंबर पर बात कर सकते हैं।इस



अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.एस. केसरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव, सैनिक कल्याण अधिकारी सहित सैनिक कल्याण से संबंधित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवागंतुक सहायक विकास अधिकारी पंचायत का हुआ स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जरवल बहराइच । नवागंतुक सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय पहुच कर पदभार किया ग्रहण। बुधवार को जरवल विकास खंड के खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडेय की अगुवाई में नवागन्तुक सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेंद्र सिंह ने पदभार किया ग्रहण। विभागीय कर्मचारियों ने नवागंतुक एडीओ पंचायत नरेंद्र सिंह का फूल मालाओं व पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत। नवागंतुक एडीओ पंचायत नरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा सभी अधिकारियों संघ मिल जुल कर बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। श्री सिंह ने बताया की शासन की नीति के अनुरूप जनता के समक्ष समस्त विभागीय योजनाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान ग्रा प अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा, मगन बिहारी, अरुण वर्मा, विपिन, विकास सिंह, गुलाब बिंद, श्वेता गुप्ता , विनोद यादव, अनुराधा, पवन, सफाई कर्मी राम करन, रजनीश, वसीम, कालीदीन, अभय, आनंद वर्मा , घनश्याम , राजेन्द्र , मोहम्मद शमीम ,एवं समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी व समस्त सफाई कर्मी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# आई.टी.आई. के 101 छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लैपटाप/स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रेहुवा मंसूर महसी, बहराइच में आयोजित टेबलेट वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने अन्य अतिथि के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य नितिन कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 101 छात्र-छात्राओं को टेबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने भारत माता के जयघोष के साथ अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमारी सरकार तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान कर रही है। उन्होंने प्रदेश में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को जो सुविधा मिलनी चाहिये वे सभी सुबिधायें उन्हें उपलब्ध करायी जा रही हैं। प्रदेश सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना से लक्षित युवा लाभार्थी वर्ग जहॉ एक ओर अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूर्ण कर सकेंगे वहीं दूसरी ओर शैक्षिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरान्त विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय तथा स्वावलम्बन की योजनाओं में भी इस गैजेट का सदुपयोग कर सेवारत/ व्यवसायरत हो सकेंगे। इस मौके पर नोडल प्रधानाचार्य प्रदीप अग्निहोत्री, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप सैनी, जिला मंत्री राम निवास जासवाल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पाण्डेय, प्रधान आनन्द चौधरी, सन्त कुमार सिंह, संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ कार्यदेशक ज्वाला प्रसाद, दिलीप श्रीवास्तव, मुकेश मिश्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश प्रताप सिंह, चन्द्रकेश, के. शक्थिदासन, ब्रहमानन्द चौहान, अंजली, रंजना देवी यादव, डी.के. त्रिपाठी, मसऊद अहमद, जियाउल हसन रिजवी, शाहिद खां एवं अमित पाण्डेय, आदि लोग उपस्थित रहें।

# जनसुनवाई में मिल रही समस्याओं से लोगों को मुक्ति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनसुनवाई करते हुए गोंडा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा लगातार लोगो की समस्याओ का निराकरण कर रहे है और योगी सरकार की सोच को हकीकत की धरातल पर लाने का कार्य किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक, संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर आये लोगो से वार्ता कर उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा रहा है, तथा अधीनस्थो को शिकायतो के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## 32 कम्पोजिट परिषदीय विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

गोरखपुर। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद परिषदीय विद्यालयों के दिशा दशा सुधार कर नन्हे मुन्ने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयत्नशील है जिससे जनपद के नन्हे मुन्ने बच्चे शत प्रतिशत बच्चे प्राथमिक विद्यालयों में ही अपनी शिक्षा दीक्षा प्राप्त कर सकें और देश प्रदेश और जनपद का नाम रोशन कर सकें परिषदीय विद्यालयों के नन्हे मुन्ने बच्चे बेहतर शिक्षा दीक्षा दिया जाए तो वह अपने गांव शहर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने में सक्षम होंगे जिसके लिए जिलाधिकारी विजय किरन आनंद बेहतर उच्च क्वालिटी की शिक्षा देने के लिए गुरुजनों से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कहा गुरु जन अपने विद्यालयों में आने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दे तो छात्र-छात्राएं देश का भविष्य सवारने में आत्मनिर्भर हो सकेंगे आज बुधवार को जनपद के 32 कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय जहां 15 से 28 अध्यापक तैनात हैं उन विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को उपलब्ध हो रहा है या नहीं छात्र-छात्राओं व अध्यापकों की उपस्थिति ऑपरेशन कायाकल्प तथा विद्यालयों में तैनात अध्यापक की अवधि विद्यालयों में सफाई व्यवस्था जांच करने के लिए प्रातः 8 बजे विकास भवन से संबंधित अधिकारीगणों को रवाना किया जिनमे कम्पोजिट महुआपार में उप जिला अधिकारी गोला खण्ड विकास अधिकारी बड़हलगंज कंपोजिट विद्यालय जंगल बिहुली, पीपीगंज का उप जिला अधिकारी कैंपियरगंज व खंड विकास अधिकारी भरोहिया कम्पोजिट गुलहरिया में समाज कल्याण अधिकारी व विकास खंड विकास अधिकारी भटहट कम्पोजिट बुराड़ीह जिला पंचायत राज अधिकारी व असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर पूर्व मनोरंजन कर अधिकारी कम्पोजिट राजिजगडिशपुर उपजिलाधिकारी चौरी चौरा व खंड विकास अधिकारी बरहमपुर कम्पोजिट पीएमवी रेटवाहिया में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी चरगावां कम्पोजिट नारायणपुर में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व सहायक अभियंता लघु सिंचाई कम्पोजिट ठाकुर पुर नंबर दो में सहायक निबंधक सहकारी समितियां और नायब तहसीलदार पिपराइच कम्पोजिट खुटहन खास में उपायुक्त उद्योग व जिला गन्ना अधिकारी कम्पोजिट बालापार में जिला पूर्ति अधिकारी व सहायक निदेशक रेशम कम्पोजिट जंगल बहादुर अली में उप श्रम आयुक्त गोरखपुर क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी कम्पोजिट महराजगंज में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कम्पोजिट सराय गुलहरिया में अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय व अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य कम्पोजिट सिहोरवा में जिला कृषि अधिकारी व खंड विकास अधिकारी आदि की जानकारी है अथवा नहीं प्रत्येक सप्ताह अभिभावक दिवस का आयोजन किया जाता है अथवा नहीं जैसे विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण किया ।

## अस्पताल पर आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज, टीका व ओपीड़ी पंजीकरण सुविधाओं का किया निरीक्षण

गोरखपुर। नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी विजय किरन आनंद अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जनपद के 23 नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के लिए बेतियाहाता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य विकास अधिकारी झरना टोला नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर शिवपुर शाहबाजगंज नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिटी मजिस्ट्रेट अधिकारी बाग नगर स्वास्थ्य केंद्र पर अपर जिला अधिकारी नगर जाफरा बाजार नगर स्वास्थ्य केंद्र पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन तुर्कमानपुर नगर स्वास्थ्य पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सिविल लाइंस नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सी आर ओ हुमायूंपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपर सिटी मजिस्ट्रेट प्रथम गोरखनाथ नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपर सिटी मजिस्ट्रेट द्वितीय निजामपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपर सिटी मजिस्ट्रेट तृतीय पुर्दिलपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उप निदेशक कृषि छोटे काजीपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला कृषि अधिकारी दीवान बाजार नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला समाज कल्याण अधिकारी बसंतपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला विकास अधिकारी नथमलपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपायुक्त उद्योग रामगढ़ ताल नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी शाहपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तारामंडल नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहद्दीपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहद्दीपुर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी इलाही बाग नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सहायक निदेशक बचत बिछिया नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सहायक श्रम आयुक्त को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने विकास भवन से प्रातः 9:30 उपरोक्त नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण करने के लिए रवाना किया कि उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर समय से पहुंचकर मरीजों का इलाज सुचारू रूप से कर रहे हैं।

# संचालित किये जा रहे हैं 296 उप स्वास्थ्य केन्द्रः सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । कतिपय समाचार पत्र में ''296 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर लटक रहे ताले'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह द्वारा जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र को आख्या उपलब्ध करायी गयी है। आपनी आख्या में सीएमओ ने कहा कि उक्त समाचार में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि दिसम्बर 2021 में ग्राम पंचायत स्तर पर 296 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के सम्बन्ध में योजना बनी थी। इसके लिए ग्राम पंचायतों में किराये पर भवन लेते हुए उप स्वास्थ्य केन्द्र के बोर्ड भी लगा दिए गये थे। लेकिन 06 माह बीतने के बाद भी अब तक इन स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन शुरू नहीं किया जा सका। ऐसे में सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रो पर ताले लटके नजर आ रहे है। उप स्वास्थ्य केन्द्रों में अब तक आवश्यक फर्नीचर के साथ ही चिकित्सीय उपकरण भी नही पहुचाए गये हैं, जो कि असत्य एवं भ्रामक है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि जनपद में 174 नवीन उपकेन्द्रों पर नवनियुक्त ए.एन.एम. कार्य कर रही हैं। इन सभी 174 नवीन उपकेन्द्रों पर सभी आवश्यक फर्नीचर/उपकरण क्रय कर उपलब्ध करा दिये गये हैं। जबकि शेष 122 उपकेन्द्रों को नई ए.एन.एम. के आने का इन्तजार न करते हुए नजदीक के सब सेन्टर की ए.एन.एम. की मदद से आवश्यक कार्य एवं टीकाकरण आदि का कार्य करवाया जा रहा है। सीएमओ डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि 296 उप केन्द्र जनपद बहराइच में किराये के भवन में स्थापित किए गये हैं। मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्र सं. 597 दिनांक 14 दिसम्बर 2021 द्वारा उप केन्द्र के संचालन हेतु 296 ए.एन.एम. के सापेक्ष चयनित 177 ए.एन.एम. की सूची भेजी गयी थी। सूची के आधार पर 03 चरणों में 174 ए.एन.एम. को प्रभार ग्रहण कराते हुए 31 मार्च 2022 के पूर्व तैनाती करा दी गयी। जबकि 03 ए.एन.एम. प्रभार ग्रहण हेतु नहीं आयी। शेष ए.एन.एम. की नियुक्ति शासन स्तर से शीघ्र ही करने का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

# तरुण सुरक्षा अभियान अन्तर्गतनर्सिंग के छात्र/छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पादरी बाजार । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र/छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे तरुण सुरक्षा अभियान अंतर्गत बुधवार को फ़ातिमा अस्पताल में क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के उपस्थिति में चौकी प्रभारी एम्स हिमांशी पाण्डेय ने पुलिस से सम्बंधित योजनाओं, हेल्फलाइन नम्बर, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्फ़ लाइन 1930,महिला हेल्फ़ लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्फलाइन 1076 व एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तार से उनकी सुरक्षा व विकास के प्रति जिम्मेदारियों को अवगत कराते हुए परिस्थितिया उतपन्न होने पर बेहिचक सहायता लेने का सलाह दी । इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फादर साबू ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।



## फांसी लगाकर किया आत्महत्या

गोरखपुर । क्षेत्र के बनरहीं टोला कालाबीर में आज एक व्यक्ति ने घर में फंसी लगाकर अपनी जान दे दिया। मिली जानकारी के अनुसार पैंतालीस वर्षीय चंद्रभान निषाद पुत्र स्व.बिक्कू निषाद आज दिन के एक बजे के आसपास कहीं से आकर अपने कमरे में गया और कमरे में लगे पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर लटक गया। मृतक के तीन पुत्र हैं। वह कर्नाटक में मजदूरी का काम करता था। घर के लोगों ने पुलिस को बताया कि वह विगत चार पांच दिन से कुछ मानसिक रूप से परेशान था लेकिन पुछने पर कुछ बता नहीं रहा था। आज वह पत्नी लीलावती की दवा कराने के डाक्टर के पास जाना था लेकिन मोटरसाइकिल उसका लड़का सत्या कहीं लेकर चला गया था जो काफी लेट से आया। इस बात को लेकर पिता पुत्र में कुछ कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद आज दोपहर उसने घर के एक कमरे में जाकर घटना को अंजाम दे दिया। मुहल्ले के लोगों ने कमरे की दीवार तोड़कर उसके शव को बाहर निकाला। जानकारी पाकर क्षेत्र के दरोगा विकास मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ जाकर लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# सामुदायिक सलाहकार बोर्ड की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सामुदायिक सलाहकार बोर्ड की बैठक मुख्य चिकित्सा आकिारी डा0 ामेन्द्र त्रिपाठी की अयक्षता में मुख्यचिकित्सा आकिारी सभागार में सम्पन्न हुई। प्रताप सेवा समिति के सहयोग से संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना से सम्बनित कार्यो व उपलबियो का प्रस्तुतिकरण किया गया। संस्था के विजय विद्रोही ने सभी का स्वागत करते हुए बैठक का शुभारम्भ किया। जिला एड्स आकिारी डा0 आर0के0 कनौजिया ने बताया कि कार्यक्रम का उददेश्य उच्च जोखिम समूह जैसे महिला यौन कर्मी इन्जेक्शन ड्रंग यूजर्स आदि को एच0आई0वी0 होने से बचाना व एड्स से बचाव के लिए सन्दर्भित सेवाये प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा आकिारी डा0 ामेन्द्र त्रिपाठी ने बोलते हुए कहा कि हमारा प्रयास हो हर जोखिम समूह के लोगो की एचआईवी जॉच जरूर हो तथा हर हालत में एआरटी से जोडकर दवाये दिलाई जाय संस्था ने कम समय में काम पूरा किया, पूरी टीम बााई की पात्र है। उन्होने कहा कि मेरे स्तर से कार्य कर्ताओ को आईकार्ड उपलब कराया जायेगा। जिससे क्षेत्र में आने वाली समस्याये कुछ कम हो सके, तथा सभी विभागो से सहयोग ले सके। सामुदायिक सलाहकार बोर्ड में पुलिस क्षेत्राकिारी शिवम मिश्रा नें कहा कि यदि क्षेत्र में कोई परेशानी पुलिस के स्तर से आ रही हो तो मेरे फोन पर कभी भी फोन किया जा सकता है। परियोजना प्रबनक सीमा श्रीवास्तव ने पीएमपीएसई के पूरे कार्यक्रमो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूरे जनपद में उच्च जोखिम समूह की मैपिग समाप्त की जा चुकी है। तथा पीएमपीएसई से प्राप्त डाटा पर विस्तृत चर्चा किया गया। उच्च जोखिम सदस्यो की संख्या आकि आ रही है, तथा पूरे जनपद में काम करना होगा। सामुदायिक सलाहकार बोर्ड में पुरूष सीएमएस प्राभरी डा. ीरेन्द्र, महिला सीएमएस प्रभारी डा. आर.के यादव एआरटी प्रभारी डा. अब्सार अहमद, बाल विकास परियोजना आकिारी रवीश्रवर राव, डा. एसएन राय डीसीपीएम अनिल, आईसीटीसी परामर्शदाता सत्यनरायन सिंह एंव लक्षित हस्तक्षेप परियोजना (टीआई) के स्टाप मानेट्ररिंग ऑफिसर संजय पाल, आउटरीच वर्कर प्रनीत श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, लक्ष्मी सोनी, एंव पीयर एजुकेटर राजकली, ममता, अंकिता, बन्दना, आर्दश, मन्जू, हरिशचन्द्र, अरूण सिंह की सहभागिता रही ।

## लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर महिला से लूट

सुलतानपुर। बदमाशों के हौसले बुलंद हैं स्थिति ये है कि राह चलते बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं और पीड़ित परेशान हो रहा है। आज भी लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर बदमाशों ने असलहे की नोंक पर मायके जा रही महिला के जेवरात छीन लिये और मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है। दरअसल लंभुआ थाना क्षेत्र के चौकिया गांव की रहने वाली गायत्री शुक्ला अपने भाई अरविंद तिवारी के साथ मायके जौनपुर जा रही थी। रास्ते मे चांदा कोतवाली क्षेत्र के आनापुर नारायणगंज हाइवे पर दो बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने इनकी बाइक रोक ली और गायत्री के जेवरात उतरवाने लगे। भाई ने विरोा किया तो बदमाशों ने असलहा निकाल लिया, जिसके बाद गायत्री इस बदमाशो ने सोने की चैन, मंगलसूत्र अंगूठी समेत कई जेवरात छीन लिया और मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े लखनऊ वाराणसी हाइवे पर हुई इस वारदात के बाद हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरूकर दी है। वह गायत्री अपने भाई अरविंद के साथ चांदा कोतवाली पहुंची और पुलिस से लिखित शिकायत की। फिलहाल पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

# हीरो एजेंसी से शटर काटकर बाइक चोरी, पुलिस करती रही गश्त

- अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- थाना प्रभारी ने चर्चित सिपाही को लताड़ा
- चीता मोबाइल व गश्त अधिकारी की लापरवाही आई सामने गिर सकती है गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। कुंवरगांव कस्बे में हीरो बाइक की एजेंसी से बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर काटकर एक स्प्लेंडर बाइक सहित लगभग सवा लाख रुपए का सामान उड़ा दिया। घटना मंगलवार देर रात की है जहां कस्बे में आंवला-बदायूं मार्ग पर बिजली घर के सामने हीरो मोटर साइकिल एजेंसी हैं जिसकी ओपनिंग लगभग आठ दिन पहले हुई थीं।जिसके डीलर शिवम गुप्ता पुत्र रामगोपाल गुप्ता निवासी अलीगंज जिला बरेली हैं। मौका पाकर बीती रात अज्ञात चोर पीछे की साइड से वर्कशॉप का शटर ग्लैंडर से काटकर एजेंसी में दाखिल हो गए।और अंदर से शटर के ताले काट दिए । जहां उन्होंने ग्लैंडर चलाने के लिए एजेंसी के बाहर लगे बिजली मीटर के पास लगे तार का सहारा लिया।अज्ञात चोर एजेंसी से एक स्प्लेंडर बाइक, वर्कशॉप से ऑटो पार्ट्स,एक हजार सात सै रुपए चोरी कर ले गए। जबकि रात में गश्त अधिकारी,रामनरेश एक चीता मोबाइल पर सिपाही मनोज कुमार व संजीव ड्यूटी पर थे। उधर चोर बेखौफ होकर एजेंसी में चोरी करते रहे। गश्त कर रहे सिपाही सो रहे थे। बुधवार सुबह चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने एजेंसी पर पहुंच कर जांच शुरू की तो उन्होंने एजेंसी पर तैनात सभी स्टाफ के नाम नोट किए हैं बारीकी से जांच की अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा का कहना कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं चोरी का खुलासा जल्द किया जाएगा।चीता मोबाइल सिपाही गश्त पर थे जिन्होंने लापरवाही दिखाई है। गश्त अधिकारी व चीता मोबाइल सिपाहियों पर उठ रहे सवाल कि चोरों को शटर काटने और ताले तोड़ने में कम से कम एक घंटे का समय तो लगा ही होगा।

# सरकार ने सुनाया फरमान, पंचायत घर में रहना होगा सचिवों को, दिए आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली/बदायूं। जिले मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जनता की समस्याओं का निस्तारण गांव में रहकर करने के निर्देश देते हुए बीडीओ, एडीओ को ब्लाक और पंचायत सचिवों को पंचायत सचिवालयों पर रात्रि निवास करने के लिए कहा है। आदेश हुए एक पखबाड़ा गुजरने को है, लेकिन तहसील क्षेत्र में आदेश का कही भी अनुपालन नही होता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के अधिकांश गांवों के पंचायत सचिव ब्लाक मुख्यालयों तक ही हाजिरी लगाते हैं और गांवों में पहुंचते भी है, तो शाम होने से पहले अपने घरों को चले जाते हैं। बताया गया कि अधिकांश सचिव ,बदायूं, चन्दौसी, बहजोई, आदि स्थानों से आना - जाना करते हैं। यही आलम ब्लाक अफसरों का है। ग्रामीण अपने कार्यो के लिए ब्लाक में चक्कर काटते रहते हैं, तो वहां भी पंचायत सचिव नही मिलते हैं और पंचायत सचिवालय पर तो कभी - कभी ही वह दिखाई देते हैं। सीएम ने 27 अप्रैल को वीडियो कान्फ्रेंस में यह निर्देश दिए थे कि सूबे के हर ब्लाक के बीडीओ, एडीओ ब्लाक, पंचायत सचिव अपनी नियुक्ति स्थल पर ही रात्रि निवास करेंगे। सीएम के इस निर्देश को एक पखवाड़े होने जा रहा है, लेकिन अभी तक कहीं पर भी कोई पंचायत सचिव रात्रि निवास नहीं कर रहे हैं। रामनगर बीडीओ ने बताया कि सीएम द्वारा वीडिओ कांफ्रेसिंग के दौरान दिए गए निर्देश को गंभीरता लेते हुए अनुपालन के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। ब्लाक पर अभी आवास तैयार नहीं हुए हैं। ठेकेदार को जल्द आवास तैयार करने को कहा है, आवास बनने पर रात्रि निवास करेंगे। सभी सचिवों को रात्रि निवास का पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होनें एक लेटर जारी कर सभी सचिवों को रात्रि निवास को निर्देश दिए गए हैं। सभी ने इसके लिए एक सप्ताह का समय मांगा है।

# पैगम्बर मोहम्मद की बेटी का रौजा बनाने के लिए प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। हुसैनी शिया वेलफेयर सोसाईटी की ओर से सऊदी अरब हुकूमत के विरोा में जन्नतुल बकी के कब्रिस्तान मदीने में रसूल इस्लाम की एकलौती बेटी जनाबे फातिमा जहरा स.अ और इमामों के रौजौं को वस्त किए जाने के विरोा में एक विशाल विरोा प्रदर्शन किया गया। जिसमें ओलामा, खोतबा, जाकरीन के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। 97 साल पहले वस्त किया गया था रौजा मौलाना जाफर खान ने कहा कि आज से लगभग 97 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक ने जन्नतुल बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी के रौजो को वस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि बहुत अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पड़ती है उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नह है। मौलाना ने यह भी कहा कि बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने बड़े-बड़े महलों में रह रहे हैं लेकिन जिनका वह कलमा पढ़ते हैं उनकी बेटी की कब्र खुले आसमान के नीचे है। मौलाना ने सऊदी हुकूमत से मांग की कि या जन्नतुल बकी मदीने में निर्माण कराए या हमको इजाजत दे कि हम वहां जाकर मजारों का पुनर्निर्माण करें। पीएम को संबोाित ज्ञापन सौंपा। मौलाना ने भारत के प्राानमंत्री से भी अपील की है कि अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल करके सऊदी सरकार पर दबाव बनाएं कि वह शिया समुदाय पर होने वाले अत्याचार को बंद करें। मौलाना जाफर ने अपने भाषण में कहा कि इस्लाम ार्म किसी पर जोर जबदस्ती नह करता। सऊदी अरब मुसलमानों पर जबरदस्ती करके अपना मत दूसरे मुसलमानों पर लादना चाहती है। यह इस्लाम ार्म के उपदेशों के खिलाफ है। प्राानमंत्री को एक पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस मौके पर मौलाना मुशीर अब्बास, मौलाना आसिफ नकवी, मौलाना जीशान खान, हैदर अब्बास खान, मुन्ने हसन खां, सकलैन खान आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म करने के मामले में सजा व जुर्माना डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। स्पेशल जज पक्सो एक्ट राजकुमार तृतीय ने किशोरी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी ठहराते हुए एक व्यक्ति को 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है जबकि उसके बहनोई को अपहरण के मामले में सात साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने दोनों मुजरिमों पर 55 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की धनराशि जमा होने पर आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता किशोरी को देने का भी आदेश दिया है। थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर 31 अगस्त 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री कक्षा आठ की छात्रा थी। वह 16 अगस्त को स्कूल पढ़ने गई थी तभी उसे ग्राम ढ़रौला थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल निवासी गोविंद शर्मा बहला-फुसलाकर ले गया। इसमें उसके बहनोई विनोद शर्मा निवासी गद्गांव थाना उघैती और उसकी एक बहन का भी हाथ होने का आरोप था। पुलिस ने गोविंद शर्मा, विनोद शर्मा और बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। विवेचना के बाद गोविंद और विनोद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। बहन की नामजद्गी झूठी पाई गई।

स्पेशल जज पक्सो एक्ट राजकुमार तृतीय ने अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी, वीरेंद्र सिंह वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस को सुना। कोर्ट ने गोविंद को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में तो वहीं आरोपी विनोद को अपहरण के मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट ने गोविंद को 15 साल के कठोर कारावास और विनोद शर्मा को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों मुजरिम पर 55 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# जीवित व्यक्ति को राजस्व अभिलेख में दिखा दिया मृत, जिंदा साबित करने की कवायद शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राजस्व कर्मियों की कारगुजारी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पंद्रह महीने पहले जिंदा बुजुर्ग व्यक्ति को तहसील कर्मियों ने राजस्व अभिलेखों में मृत दिखा दिया। तब से आजतक बुजुर्ग अपने को जिंदा साबित करने के लिए तहसील का चक्कर काट रहा है। मामला बल्दीराय तहसील के गौहनिया मजरे हलियापुर से जुड़ा हुआ है। यहां के रामप्रसाद, रामखेलावन, राम खदेरू व शिवपल्टन पुत्रगण रामजियावन यादव चार भाई थे। जिनमे रामप्रसाद आज भी जीवित है। अयोया-रायबरेली सड़क चौड़ीकरण में राम प्रसाद की लगभग 44 एयर जमीन जा रही है। जिसका मुआवजा लगभग 27 लाख बन रहा है। इसी पैसे पर निगाह जमाये रामप्रसाद के सगे भतीजे देवानंद पुत्र राम खेलावन ने तहसील कर्मियों को हमवार करके अपने चाचा रामप्रसाद जो काफी वृद्ध हैं उनको मृतक दिखाकर 27 फरवरी 2021 को राजस्व निरीक्षक से रामप्रसाद की खाता संख्या 850व 1243की 200एयर जमीन अपने नाम करवा ली। जिसका खतौनी पर आठ मार्च 2021 को अंकन भी हो गया। उसके बाद जब देवानंद भुगतान के लिए दौड़ने लगा तो इस मामले की पोल खुल गई। रामप्रसाद ने 28 जून 2021 को बल्दीराय में उपजिलाकिारी से गुहार लगाई तब जाकर तहसीलदार द्वारा उस आदेश को स्थगित कर दिया गया लेकिन तबसे एक साल से जिला मुख्यालय से लेकर तहसील तक रामप्रसाद चक्कर लगाते लगाते थक गया है। आज तक वह अपने को जिंदा नह साबित कर सका है और इसी कारण वह भुगतान के लिए भी प्रयासरत है लेकिन आजतक उसे सफलता नह मिल सकी है। रामप्रसाद का कहना है कि लगता है मुकदमे बाजी के चक्कर मे लड़ते लड़ते हम मर जायेगे लेकिन हमको न्याय नह मिलेगा।

# आधीक्षक डॉक्टर को नहीं करने दे रहे ओपीडी, बदले में वसूलते माहवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। महिलाओं के इलाज के लिए बनी सीएचसी की इमारत खंडहर में तब्दील हो रही है। आरोप है कि सीएचसी आीक्षक ओपीडी नह करने दे रहे बल्कि इसके एवज वो माहवारी चाहते हैं। जिससे डक्टर से लेकर स्टफ सभी परेशान हैं। मामला बल्दीराय मुख्यालय स्थित महिला अस्पताल से जुड़ा हुआ है। यह अस्पताल वर्षो पूर्व बनकर पूर्णरूपेण तैयार हो गया। लेकिन आकिारियों की उदासीनता से आजतक यह चल नह सका। जबकि यहां पर बाकायदा एक महिला डक्टर तोयबा निहाल की तैनाती भी है। एक बार सांसद ताहिर खान के प्रयास से शुरूआत हुई लेकिन फिर बन्द हो गई। आजतक महिला मरीजों की ओपीडी यहां नह चालू हुई। इस अस्पताल पर मुख्य चैनल गेट अंदर से ताला बंद करके कुसुमा नाम की स्वीपर बैठी मिलती है। पूछने पर बताती है कि डक्टर तोयबा निहाल की पोस्टिंग है लेकिन यहां नह आती। बगल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी वह मौजूद नह मिलती, क्योकि उनको सीएचसी आीक्षक ओपीडी नह करने देते। वह अपने आवास पर ही रहती हैं।

## डॉक्टर के साथ बातचीत का अडियो वायरल

फोन पर पूछने पर तोयबा निहाल अपनी पूरी व्यथा बताते हुए कहती हैं कि करप्शन ऊपर तक है। हम कही भी शिकायत भी करें तो कोई सुनवाई नह होती। मैं व्यवस्था से तंग आकर एक बार रिजाइन भी दे चुकी थी लेकिन स्वीकार नह हुआ। उनका एक अडियो इसौली पीएचसी पर तैनात ड. अस्र्णेश के साथ हुई बातचीत का वायरल हुआ है। आकि जानकारी की गई तो पता चला कि सीएचसी प्रभारी डक्टर राजेश प्रजापति उनको ओपीडी न करने की सलाह देते हैं साथ ही ड्यूटी न करने के बदले उनसे माहवारी भी लेते हैं। पता चला है कि डक्टर राजेश दस साल से यही जमे हैं। ऊपर तक पकड़ है जिससे निचले आकिारी भी उनकी खिलाफत नह कर पाते हैं। स्वास्थ्य विभाग में तमाम स्थानांतरण नीति भी लागू हुई लेकिन एक जिले में पांच साल रहने का शासनादेश भी इन पर नह लागू हुआ।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता घटना का किया खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर गोटिया निवासी विजेंद्र सिंह ने 26 अप्रैल को नगर की बैंक ऑफ बड़ौदा से एक लाख 98 हजार रुपया निकालकर बैग में रख कर थैला बाइक में बांध दिया था।उसके बाद पीडित एक पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने पहुंच गया।इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने रुपयों से भरा थैला वाइक से खोलकर फरार हो गया था।पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी पवित्र मोहन त्रिपाठी ने मौका मुआयना कर घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे।एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस के अलावा सर्विसलांस टीम भी घटना के खुलासे में जुटी हुई थी।बुधवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए नगदी सहित एक आरोपी को दबोचा।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दानिश निवासी गांव एटा थाना फरधान लखीमपुर बताया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद वह घर चला गया था।उसने पूरी वारदात की जानकारी अपनी पत्नी को बताई।इस पर पत्नी ने भी गलत काम करने की बात कही थी। चोरी की पूरी रकम उसने अपने निजी खातों के अलावा पत्नी व पुत्र के खाते में भी डाल दिए थे।13 हजार रुपया मात्र उसके पास बचे हुए थे जो पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी उसके सभी खातों को सीज करा दिया है।पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया कोतवाल अशोक पाल ने बताया 26 अप्रैल को पेट्रोल पंप पर हुई घटना का खुलासा कर दिया है।आरोपी के पास मात्र 13 हजार की नकदी बरामद हुई है।शेष रकम अपने विभिन्न खातों में जमा कर दी हैं आरोपी को जेल भेज दिया गया है ।

# भारतीय किसान यूनियन ने रेल मंत्री को संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में किसानो ने तहसील पहुंचकर रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राकेश गुप्ता को सौंपा।जिसमें कहा गया है कि बरेली लखनऊ पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत मैलानी लखीमपुर सीतापुर क्षेत्र का आमान परिवर्तन का कार्य वर्ष 2016 से चल रहा है।अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है।लेकिन शाहगढ पीलीभीत के आमान परिवर्तन का कार्य धीमी गति से चल रहा है।जबकि क्षेत्र में पीलीभीत क्षेत्र का लगभग 17 किलोमीटर क्षेत्र पड़ता है।टाइगर रिजर्व भी नियंत्रित होता है जीवो के शुगम व सुरक्षित आवागमन को रखते हुए केंद्रीय सुरक्षा बाघ प्राधिकरण एवं वन विभाग की स्वीकृति भी लगभग एक वर्ष पूर्व प्राप्त हो चुकी है।इसके बावजूद क्षेत्र में आमान परिवर्तन का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।इससे क्षेत्र के लाखों किसान, मजदूर,छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।रेल मार्ग बंद होने से सड़क मार्ग पर ट्रैफिक होने से आए दिन घटनाएं हो रही है। पत्र में ट्रेनों का संचालन कराए जाने की मांग की है।ज्ञापन देने के दौरान भारतीय किसान यूनियन के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद।

# गेहूं की घटी पैदावार से किसान मायूस

- प्रकृति की मार से गेहूं उत्पादन घटा, रो रहे किसान
- हवा ऐसी चली कि नहीं निकल पाई लागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्थानीय कुड़वार क्षेत्र के किसानों के गेहूं की फसल में घटे उत्पादन से परेशान किसानों ने कहा कि उम्मीद से आाा उत्पादन हुआ है। बताया जा रहा है कि मार्च के पहले पखवारे में गेहूं की फसलों में फूल चल रहा था कि उसी समय कुछ ऐसा तापमान और हवा चली कि पैदावार में ग्रह्ना लग गया। स्थानीय कुड़वार क्षेत्र के भण्ड़रा गांव के किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा, पुरुषोत्तम तिवारी, सुनील पांडेय कहते हैं कि इस वर्ष गेहूं की उपज में प्र.ति का ग्रह्ना लग गया जिसके चलते गेहूं का दाना हल्का पड़ जाने से पैदावार बहुत घट गई है। इन्द्र बहादुर सिंह कहते हैं कि उत्पादन गिरने से साल भर की कमाई के सपने टूट गए। रामहेत एवं सहदेव पाठक कहते हैं कि इस बार उम्मीद के हिसाब से फसल की उपज न होने से कमाई की बात तो दूर लागत निकलना भी मुश्किल है। सरकार भले ही गेहूं समर्थन मूल्य 2035रु भले ही निाारित किया है पर क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। क्षेत्र के अनंत शेखर पाण्डेय एवं जय प्रकाश पाठक कहते हैं पिछले कुछ वर्षों से मौसम किसानों के साथ खलनायकी कर रहा है। पिछले साल अतिवृष्टि/ओला से फसलें तबाह हुईं तो इस बार मौसम के साथ न देने से उत्पादन गिर गया है।फसली कर्ज निपटाना हो या फिर घर के कामकाज के लिए किसानों की कमाई का जरिया गेहूं की फसल पर ही ग्रह्ना लग गया है।

## आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष आज अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

बदायूँ। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष लालजी निर्मल आज 12 मई गुरुवार को अपरान्ह 2:30 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना से सम्बंधित समस्त विकास विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इनसे पूर्व अपरान्ह 12:30 बजे उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार भी आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं के सम्बंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ बैठक करेंगे।

## पांच किसानों से हुई 165 कु. की गेहूं खरीद

बदायूँ। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रकाश नारायण ने अवगत कराया है कि जनपद बदायूँ में 135 गेहूँ क्रय केन्द्र जिलाधिकारी दीपा रंजन द्वारा अनुमोदित किये गये हैं। बुधवार को जनपद में 06 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर 165 कु0 की 05 किसानों से खरीद हुई है। सभी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर इलैक्टनिक कांटा, छलना किसानों के पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान आदि की व्यवस्थाऐं की गयी हैं, जिससे किसानों को अपना गेहूँ विक्रय करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। समस्त गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि जो भी किसान अपना गेहूं केन्द्र पर लाये उसके कागजों को जांच कर नियमानुसार खरीद की जाये। किसी भी किसान को परेशान नहीं किया जाये।

## सम्पादकीय

### समाज कल्याण के व्यापक आयाम

समाज कल्याण के व्यापक आयाम होते हैं। लोक कल्याणकारी सरकार से इन सभी पर एक साथ प्रयास करने की अपेक्षा रहती है। इस आधार पर सरकार के कार्यों का आकलन किया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस दायित्व का बखूबी निर्वाह किया। यही कारण है कि ईज ऑफ लिविंग में उत्तर प्रदेश का ग्राफ बहुत ऊपर हुआ है। विगत पांच वर्षों के दौरान समाज कल्याण के सभी मोर्चों पर एक साथ प्रभावी कार्य किया गया। इस दौरान दो वर्ष तक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। आपदा की इस अवधि में समाज कल्याण के कार्यों की सर्वाधिक आवश्यकता थी। केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने गरीबों के भरण-पोषण हेतु विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क राशन योजना लागू की। योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी पारी इस योजना की समय सीमा बढ़ाने के साथ की। उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान व्यवस्था बदलाव के प्रभावी प्रयास किये गए। इसके चलते ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से लेकर ईज ऑफ लिविंग की रैंकिंग में अभूतपूर्व मुकाम हासिल हुआ है। इसके पहले उत्तर प्रदेश का इस क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम प्रदेश की व्यवस्था को बदलने का कार्य किया। इसका सकारात्मक प्रभाव अनेक क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। ईज ऑफ लिविंग अभियान के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन सभागार में ई पेंशन पोर्टल का शुभारंभ किया। पेंशनधारकों को यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। सात वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया अभियान शुरू किया था। इसके अंतर्गत देश में चालीस करोड़ जन-धन खाते खोले गए। व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के तकनीकी प्रयास किये गए। इससे जरूरतमंदों को सीधा व शत-प्रतिशत लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने भी व्यापक सुधार किए। इसके अनुरूप प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने ई-पेंशन पोर्टल का विकास किया। इससे पेंशन व्यवस्था को सुगम व पारदर्शी बनाया गया है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत पेंशनर को सेवानिवृत्त होने के छह माह पहले ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और आवेदन करना है। रजिस्ट्रेशन करने के बाद आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पेंशनर के आवेदन की जांच कर 30 दिनों के अन्दर पेंशन पेमेण्ट ऑर्डर जारी करने वाले अधिकारी को अग्रसारित कर दिया जाएगा। पीपीओ जारी करने वाले अधिकारी द्वारा 30 दिनों के अन्दर पीपीओ जारी कर दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले पूर्ण कर ली जाएगी। यहां से पेंशन के कागजात पूर्ण होने का संदेश आवेदनकर्ता के पास आ जाएगा। नियत तिथि को कोषागार द्वारा पेंशनर के खाते में पेंशन का ऑनलाइन भुगतान हो जाएगा। यह पोर्टल कॉन्टैक्टलेस है। कहीं जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है। शेष प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। यह पेपरलेस तथा कैशलेस है। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति के छह माह पूर्व से शुरु होकर अपने आप पूरी हो जाएगी। यह सुविधा अनेक उपलब्धियों से भरी है। पेंशन के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की जगह दिव्यांग संबोधन का प्रयोग किया था। उनका कहना था कि शारीरिक रूप से अक्षम लोगों में कोई न कोई दिव्य प्रतिभा अवश्य होती है। अवसर मिलने से उनकी प्रतिभा में निखार आता है। जिससे वह समाज व के सामने अपनी क्षमता को प्रमाणित भी करते है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस विचार को आगे बढाते रहे हैं। इन प्रयासों से विकलांगों के प्रति समाज की धारणा बदल रही है। दिव्यांग शब्द में एक सम्मान का भाव है। अब यह शब्द प्रचलन में आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने भारत की ऋषि परम्परा में ऋषि अष्टावक्र व महाकवि सूरदास का उल्लेख किया। कहा कि इन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनकी भक्ति, विचार व साहित्य शाश्वत रूप में प्रासंगिक रहेंगे। भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंस ने भी दिव्यांग शब्द को चरितार्थ किया है।

# न्यायालयों में राजस्व मामलों का बोझ

**तारीख बढ़ने का आधार बेवजह की हड़तालें और न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं के परिजनों की मौतें भी हैं। ऐसे में श्रद्धांजलि सभा कर अदालतें कामकाज को स्थगित कर देती हैं। न्यायमूर्ति लोढ़ा ने इस तरह के स्थगन और हड़तालों से बचने की सलाह दी थी। लेकिन जिनका स्वार्थ मुकदमों को लंबा चलाने में अंतर्निहित है, वहां ऐसी नसीहतें व्यर्थ हैं। लिहाजा, कड़ाई बरतते हुए कठोर नियम बनाने की जरूरत है। अगली तारीख का अधिकतम अंतराल 15 दिन से ज्यादा का न हो, दूसरे अगर किसी मामले का निराकरण समय-सीमा में नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को विशेष प्रकरण की श्रेणी में लाकर उसका निराकरण त्वरित और लगातार सुनवाई की प्रक्रिया के अंतर्गत हो।**

प्रमोद भार्गव

ऐसा पहली बार देखने में आया है कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने न्यायालयों में बढ़ते मामलों के मूल कारणों में जजों की कमी के साथ राजस्व न्यायालयों को भी दोषी ठहराया है। रमणा ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की शक्तियों और क्षेत्राधिकार के विभाजन की संवैधानिक व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय हम सभी को लक्ष्मण रेखा की मर्यादा ध्यान में रखनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो न्यायपालिका कभी भी शासन के रास्ते में आड़े नहीं आएगी। आज जो न्यायपालिका में मुकदमों का ढेर लगा है, उसके लिए जिम्मेदार प्रमुख प्राधिकरणों द्वारा अपना काम ठीक से नहीं करना है। इसलिए सबसे बड़ी मुकदमेबाज सरकारें हैं। न्यायालयों में 66 प्रतिशत मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं। राजस्व न्यायालय एक तो भूमि संबंधी प्रकरणों का निराकरण नहीं करती, दूसरे न्यायालय निराकरण कर भी देती है तो उस पर वर्षों अमल नहीं होता। नतीजतन, अवमानना के मुकदमे बढ़ने की भी एक नई श्रेणी तैयार हो रही है। अदालत के आदेश के बावजूद उसका क्रियान्वयन नहीं करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

रमणा ने मामलों का बोझ बढ़ने का कारण गिनाते हुए कहा कि तहसीलदार यदि भूमि के नामांतरण और बंटवारे समय पर कर दें तो किसान अदालत क्यों जाएगा? यदि नगर निगम, नगरपालिकाएं और ग्राम पंचायतें ठीक से काम करें तो नागरिक न्यायालय का रुख क्यों करेगा? यदि राजस्व विभाग परियोजनाओं के लिए जमीन का अधिग्रहण विधि सम्मत करे तो लोग अदालत के दरवाजे पर दस्तक क्यों देंगे? ऐसे मामलों की संख्या 66 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जब हम सब संवैधानिक पदाधिकारी हैं और इस व्यवस्था का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं और हमारे क्षेत्राधिकार भी स्पष्ट हैं, तब समन्वय के साथ दायित्व का पालन करते हुए राष्ट्र की लोकतांत्रिक नींव मजबूत करने की जरूरत है। रमणा ने यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आहूत मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में कही। अदालतों में मुकदमों की संख्या बढ़ाने में राज्य सरकारें निश्चित रूप से जिम्मेवार हैं। वेतन विसंगतियों को लेकर एक ही प्रकृति के कई मामले ऊपर की अदालतों में विचाराधीन हैं। इनमें से अनेक तो ऐसे प्रकरण हैं, जिनमें सरकारें आदर्श व पारदर्शी नियोक्ता की शर्तें पूरी नहीं करती हैं। नतीजतन जो वास्तविक हकदार हैं, उन्हें अदालत की शरण में जाना पड़ता है। कई कर्मचारी सेवानिवृति के बाद भी बकाए के भुगतान के लिए अदालतों में जाते हैं। जबकि इन मामलों को कार्यपालिका अपने स्तर पर निपटा सकती है। हालांकि कर्मचारियों से जुड़े मामलों का सीधा संबंध विचाराधीन कैदियों की तादाद बढ़ाने से नहीं है, लेकिन अदालतों में प्रकरणों की संख्या और काम का बोझ बढ़ाने का काम तो ये मामले करते ही हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य है, वह भटकता रहता है। इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है। लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहने देना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनका रौब-रुतबा है। हमारे यहां संख्या के आदर्श अनुपात में कर्मचारियों की कमी का रोना अक्सर रोया जाता है। ऐसा केवल अदालत में हो,ऐसा नहीं है। पुलिस, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध न कराने का यही बहाना है। कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग चिकित्सकों एवं उनके सहायक कर्मचारियों की कमी बड़ी संख्या में देखने



में आई थी। इसकी पूर्ति आउट सोर्स के माध्यम से चिकित्सक एवं कर्मचारी तैनात करके तत्काल तो कर ली गई, किंतु कोरोना संकट खत्म होते ही उन्हें हटा दिया गया। नतीजतन कमी यथावत है। जजों की कमी कोई नई बात नहीं है। 1987 में विधि आयोग ने हर 10 लाख की आबादी पर जजों की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 करने की सिफारिश की थी। फिलहाल यह संख्या 17 कर दी गई है। जबकि विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक यह आंकड़ा आस्ट्रेलिया में 58, कनाडा में 75, फ्रांस में 80 और ब्रिटेन में 100 है। हमारे यहां जिला एवं सत्र न्यायालय में 21 हजार की तुलना में 40 हजार न्यायाधीशों की जरूरत है। मार्च 2016 तक देश के 24 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के कुल 1056 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 434 पद खाली हैं। हालांकि हमारे यहां अभी भी 14,000 अदालतों में 17,945 न्यायाधीश काम कर रहे हैं। अदालतों का संस्थागत ढांचा भी बढ़ाया गया है। उपभोक्ता, परिवार और किशोर न्यायालय अलग से अस्तित्व में आ गए हैं। फिर भी काम संतोषजनक नहीं है। उपभोक्ता अदालतें अपनी कार्य संस्कृति के चलते बोझ साबित होने लगी हैं। बावजूद औद्योगिक घरानों के वादियों के लिए पृथक से वाणिज्य न्यायालय बनाने की पैरवी की जा रही है।

अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीश ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। जबकि प्रदूषण, यातायात, पर्यावरण और पानी जैसे मुद्दों पर अदालतों के दखल के बावजूद इन क्षेत्रों में बेहतर स्थिति नहीं बनी है।

न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो सजा मिलने से पहले किसी को अपराधी न माना जाए, दूसरे आरोप का सामना कर रहे व्यक्ति का फैसला तय समय-सीमा में हो जाए। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे यहां ऐसा संभव नहीं हो पाता। इसकी एक वजह न्यायालय और न्यायाधीशों की कमी जरूर है, लेकिन यह आंशिक सत्य है। मुकदमों के लंबा खिंचने की एक वजह अदालतों की कार्य-संस्कृति भी है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत न्यायमूर्ति राजेंद्रमल लोढ़ा ने कहा भी था 'न्यायाधीश भले ही निर्धारित दिन ही काम करें, लेकिन यदि वे कभी छुट्टी पर जाएं तो पूर्व सूचना अवश्य दें। ताकि उनकी जगह वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। इस तथ्य से यह बात सिद्ध होती है कि सभी अदालतों के न्यायाधीश बिना किसी पूर्व सूचना के आकस्मिक अवकाश पर चले जाते हैं। गोया, मामले की तारीख आगे बढ़ानी पड़ती है। इन्हीं न्यायमूर्ति ने कहा था कि 'जब अस्पताल 365 दिन चल सकते हैं तो अदालतें क्यों नहीं ?' यह बेहद सटीक सवाल था। हमारे यहां अस्पताल ही नहीं, राजस्व और पुलिस विभाग के लोग भी लगभग 365 दिन काम करते हैं। किसी आपदा के समय इनका काम और बढ़ जाता है। इनके कामों में विधायिका और खबरपालिका के साथ समाज का दबाव भी रहता है। बावजूद ये लोग दिन-रात कानून के पालन के प्रति सजग रहते हैं। जबकि अदालतों पर कोई अप्रत्यक्ष दबाव नहीं होता है। यही प्रकृति वकीलों में भी देखने में आती है। हालांकि वकील अपने कनिष्ठ वकील से अक्सर इस कमी की वैकल्पिक पूर्ति कर लेते हैं। लेकिन वकील जब प्रकरण का ठीक से अध्ययन नहीं कर पाते अथवा मामले को मजबूती देने के लिए किसी दस्तावेजी साक्ष्य को तलाश रहे होते हैं तो वे बिना किसी ठोस कारण के तारीख आगे खिसकाने की अर्जी लगा देते हैं। विडंबना है कि बिना ठोस पड़ताल किए न्यायाधीश इसे स्वीकार भी कर लेते हैं। तारीख बढ़ने का आधार बेवजह की हड़तालें और न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं के परिजनों की मौतें भी हैं। ऐसे में श्रद्धांजलि सभा कर अदालतें कामकाज को स्थगित कर देती हैं। न्यायमूर्ति लोढ़ा ने इस तरह के स्थगन और हड़तालों से बचने की सलाह दी थी। लेकिन जिनका स्वार्थ मुकदमों को लंबा चलाने में अंतर्निहित है, वहां ऐसी नसीहतें व्यर्थ हैं। लिहाजा, कड़ाई बरतते हुए कठोर नियम बनाने की जरूरत है। अगली तारीख का अधिकतम अंतराल 15 दिन से ज्यादा का न हो, दूसरे अगर किसी मामले का निराकरण समय-सीमा में नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को विशेष प्रकरण की श्रेणी में लाकर उसका निराकरण त्वरित और लगातार सुनवाई की प्रक्रिया के अंतर्गत हो। ऐसा होता है तो मामलों को निपटाने में तेजी आ सकती है। बहरहाल प्रधान न्यायाधीश ने जो खरी-खरी बातें कहीं हैं, उन पर राजस्व अदालतों को अमल करने की जरूरत है।

# श्रीलंका से सबक लें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**यदि श्रीलंका का विपक्ष देशभक्त है तो उसका पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह मंहगाई, बेरोजगारी और अराजकता पर काबू करे। गोटबाया सरकार जैसी भी है, फिलहाल उसके साथ सहयोग करके देश को चौपट होने से बचाए। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों से प्रचुर सहायता का अनुरोध करे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा-कोष से भी आपात राशि की मांग करे। अभी तो लोग दंगों और हमलों से मर रहे हैं लेकिन जब भुखमरी और बेरोजगारी से मरेंगे तो वे किसी भी नेता को नहीं बख्शेंगे, वह चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का!**

श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्र राजपक्ष को मजबूरन इस्तीफा देना पड़ गया। उनके छोटे भाई गोटबाया राजपक्ष अभी भी श्रीलंका के राष्ट्रपति पद पर डटे हुए हैं। श्रीलंका में आम-जनता के बीच इतना भयंकर असंतोष फैल गया है कि इस राजपक्ष सरकार को कई बार कर्फ्यू लगाना पड़ गया। इस राजपक्ष सरकार के मंत्रिमंडल में राजपक्ष-परिवार के लगभग आधा दर्जन सदस्य कुर्सी पर जमे हुए थे। जब आम जनता का गुस्सा बेकाबू हो गया तो मंत्रिमंडल को भंग कर दिया गया।

लोगों के दिलों में यह प्रभाव जमाया गया कि राजपक्ष परिवार को कोई पद-लिप्सा नहीं है। राष्ट्रपति गोटबाया ने सारे विपक्षी दलों से निवेदन किया कि वे आएं और मिलकर नई संयुक्त सरकार बनाएं लेकिन विपक्ष के नेता सजित प्रेमदास ने इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया। अब भी राष्ट्रपति का कहना है कि विपक्ष अपना प्रधानमंत्री खुद चुन ले और श्रीलंका को इस भयंकर संकट से बचाने के लिए मिली-जुली सरकार बनाए लेकिन विपक्ष के नेता इस प्रस्ताव पर अमल के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। वे सारे श्रीलंकाइयों से एक ही नारा लगवा रहे हैं- 'गोटा गो' याने राष्ट्रपति भी इस्तीफा दें।

श्रीलंका के विपक्षी नेताओं की यह मांग ऊपरी तौर पर स्वाभाविक लगती है लेकिन समझ नहीं आता कि नए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की नियुक्ति क्या चुटकी बजाते हो जाएगी? उनका चुनाव होते-होते श्रीलंका की हालत और भी बदतर हो जाएगी। नये राष्ट्रपति और नई सरकार खाली हुए राजकोष को तुरंत कैसे भर सकेगी? श्रीलंका का विपक्ष भी एकजुट नहीं है। स्पष्ट बहुमत के अभाव में वह सरकार कैसे बनाएगा? वह सर्वशक्ति संपन्न राष्ट्रपति को कैसे बर्दाश्त करेगा?

यदि श्रीलंका का विपक्ष देशभक्त है तो उसका पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह मंहगाई, बेरोजगारी और अराजकता पर काबू करे। गोटबाया सरकार जैसी भी है, फिलहाल उसके साथ सहयोग करके देश को चौपट होने से बचाए। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों से प्रचुर सहायता का अनुरोध करे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा-कोष से भी आपात राशि की मांग करे। अभी तो लोग दंगों और हमलों से मर रहे हैं लेकिन जब भुखमरी और बेरोजगारी से मरेंगे तो वे किसी भी नेता को नहीं बख्शेंगे, वह चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का! श्रीलंका की वर्तमान दुर्दशा से पड़ोसी देशों को महत्वपूर्ण सबक भी मिल रहा है। श्रीलंका में पूर्व पीएम महिंदा राजपक्षे के सुरक्षा प्रमुख को सीआईडी ने समन भेजा है. दरअसल, शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर जो हमले हुए थे। उनके बारे में उनका बयान दर्ज किया जाएगा। कहा गया था कि सोमवार को ये हमले राजपक्षे के समर्थकों ने किये थे, जिसके बाद ही हिंसा भड़की थी।

## सेहत मंत्र

### फ़ेफड़ों को बुरी तरह प्रभावित करता है प्रदूषण

विश्व पर्यावरण दिवस यानि वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे हर साल 5 जून को मनाया जाता है। क्या आपको पता है प्रदूषण के कारण दुनियाभर में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं? इस दिन को मनाने के पीछे यही कारण है कि लोगों को पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले खतरों के बारे में बताया जा सके और उन्हें जागरूक किया जा सके। आमतौर पर लोग मानते हैं कि प्रदूषण के कारण केवल सांसों की बीमारी हो सकती है। मगर ऐसा नहीं है प्रदूषण हमारे फ़ेफड़ों, हृदय, किडनी और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। पॉल्यूशन यानि प्रदूषण से आपके फ़ेफड़े सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि आप जब प्रदूषण वाली हवा में सांस लेते हैं, तो हवा में मौजूद हानिकारक तत्व फ़ेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। आइये आपको बताते हैं कि आपके फ़ेफड़ों को प्रदूषण किस तरह प्रभावित कर सकता है। प्रदूषण वाली हवा से फ़ेफड़े कितना और कैसे प्रभावित होंगे ये इस बात पर निर्भर करता है कि आपके आस-पास की हवा में सबसे ज्यादा कौन सा केमिकल घुला हुआ है। आमतौर पर जो लोग पहले से सांस के मरीज होते हैं, उन्हें प्रदूषण से ज्यादा खतरा होता है। दरअसल जब आप प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं, तो हवा के साथ-साथ उसमें मौजूद केमिकल्स भी आपके फ़ेफड़ों में पहुंच जाते हैं। लंबे समय तक प्रदूषण वाली जगह पर रहने से फ़ेफड़ों से जुड़ी कई तरह की बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। इसका खतरा सबसे ज्यादा उन लोगों को होता है जिनका घर रोड या किसी फैक्ट्री के आस-पास होता है। शोध से पता चलता है कि लंबे समय तक प्रदूषण में रहने से फ़ेफड़ों का कैंसर, फ़ेफड़ों का इंफ़ेक्शन और सांसों से जुड़ी कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शहरों के प्रदूषण और गाड़ियों से निकलने वाले धुंएं के संपर्क में अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है। केमिकल फैक्ट्री के आस-पास रहने वाले लोगों में फ़ेफड़ों के रोगों से मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा होती है।

## धर्म मंत्र

### इसलिए महाकाल के नाम से जाना जाता है उज्जैन स्थित पवित्र ज्योतिर्लिंग

यह परम पवित्र ज्योतिर्लिंग मध्य प्रदेश के उज्जैन नगर में है। पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के तट पर अवस्थित यह उज्जैन प्राचीन काल में उज्जयिनी के नाम से विख्यात था। इसे अवन्तिकापुरी भी कहते थे। यह भारत की परम पवित्र सप्तपुरियों में से एक है। इस ज्योतिर्लिंग की कथा पुराणों में इस प्रकार बतायी गयी है- प्राचीनकाल में उज्जयिनी में राजा चंद्रसेन राज करते थे। वह परम शिव भक्त थे। एक दिन श्रीकर नामक एक पांच वर्ष का गोप-बालक अपनी मां के साथ उधर से गुजर रहा था। राजा का शिवपूजन देखकर उसे बहुत विस्मय और कौतूहल हुआ। वह स्वयं उसी प्रकार की सामग्रियों से शिवपूजन करने के लिए लालायित हो उठा। सामग्री का साधन न जुट पाने पर लौटते समय उसने रास्ते से एक पत्थर का टुकड़ा उठा लिया। घर आकर उसी पत्थर को शिव रूप में स्थापित कर पुष्प, चंदन आदि से परम श्रद्धापूर्वक उसकी पूजा करने लगा। माता भोजन करने के लिए बुलाने आयीं, किंतु वह पूजा छोड़कर उठने के लिए किसी प्रकार भी तैयार नहीं हुआ। अंत में माता ने झल्ला कर पत्थर का वह टुकड़ा उठाकर दूर फेंक दिया। इससे बहुत दुःखी होकर वह बालक जोर-जोर से भगवान शिव को पुकारता हुआ रोने लगा। रोते रोते अंत में बेहोश होकर वह वहीं गिर पड़ा। बालक की अपने प्रति यह भक्ति और प्रेम देखकर आशुतोष भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न हो गये। बालक ने ज्यों ही होश में आकर अपने नेत्र खोले तो उसने देखा कि उसके सामने एक बहुत ही भव्य और अति विशाल स्वर्ण और रत्नों से बना हुआ मंदिर खड़ा है।

पर्यटन



### खूबसूरत जगहों के लिए मशहूर है अमेरिका का शहर 'नेवादा'

विदेश की कई ऐसी डेस्टिनेशन्स हैं, जिनके बारे में आप बार-बार सुनते होंगे। ज्यादातर लोग उन्हीं जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जिन शहरों के बारे में ज्यादा बातें होती हैं। वहीं दूसरी तरफ काफी ऐसी ऑफबीट प्लेस भी हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। आज हम आपको यूएस के ऐसे ही शहर नेवादा के बारे में बताएंगे, जो खूबसूरती और एडवेंचर के मामले में किसी दूसरे शहर से कम नहीं है। आप अपनी समर वेकेंशन लिस्ट में इस जगह को शामिल कर सकते हैं। ज्यादातर लोगों ने 'बर्निंग मैन' के बारे में सुना होगा। नेवादा में इस नाम से एक शानदार इवेंट होता है। नेवादा में सिर्फ यही एक अनूठा उत्सव नहीं है। इस राज्य में सभी किस्म के आर्ट लवर के लिए कई ऑप्शन है। जैसे, लेक ताहोइ शेक्सपियर इवेंट, जिसमें जुलाई से अगस्त तक रात में आर्ट परफॉर्मेंस होती हैं। यहां आप बिना किसी प्लानिंग के आर्ट कल्चर इवेंट का मजा ले सकते हैं। यहां सेवन मैजिक माउंटेन्स, लास वेगास के बाहर ही स्थित कलरफुल स्टोन, लास्ट चर्च का अंतरराष्ट्रीय कार फॉरेस्ट जैसी कई शानदार जगहें हैं। सिल्वर सिटी नाम से मशहूर नेवादा में सैकड़ों भुतिया नगर हैं, जहां सन 1800 के आखिर एवं 1900 ईसवी की शुरुआत के खनन नगर अब भी मौजूद हैं। खासतौर पर हैलोवीन के दौरान इन नगरों में घूमने का मजा अधिक रहता है, स्प्रिंग और समर में यहां दिन में लंबी सैर करने से आप खंडहरों के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। आप मनुष्यों एवं डायनासोरों के भूतों के नगर बर्लिन में घूमने के अलावा डेथ वैली नेशनल पार्क में भी घूम सकते हैं। अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो आपको ये जगहें बहुत पसंद आएगी। इन गर्मियों में अमेरिका की इस सबसे लंबी सड़क पर एडवेंचर ड्राइविंग करने का बिल्कुल सही समय है। ये जगह इसलिए भी खास है क्योंकि यहां म्यूजिक का शोर भी सड़क के आसपास कोई नहीं सुन पाता। फर्नली से शुरू होकर एली में खत्म होने वाले इस लगभग 300-मील के मार्ग में कई जगह हैं। अगर आप मॉन्स्टर बर्गर के चैलेंज के लिए तैयार हैं, तो आपको एक नया फूड एक्सपीरियंस मिलेगा।

# गांव मोहल्ला साफ रहे इसकी नैतिक जिम्मेदारी हमारी : संजय तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ ब्लाक मुख्यालय रामनगर में आयोजित हुई बैठक

मसौली बाराबंकी। साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने गांवों को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है। उक्त बातें बुधवार को रामनगर ब्लाक सभागार में विकास खण्ड मसौली, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, दरियाबाद, पुरेडलाई, सूरतगंज के ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सहायकों की एक दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन करते हुए ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कही उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि शहरी वातावरण की तरह गाँवो का भी वातावरण स्वच्छ एव सुन्दर हो जिसके प्रयास हम सब को मिलकर करना होगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी रणविजय सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण की जानकारी देते हुए कहा कि गांवों को स्वच्छ बनाने में बेहतर कार्ययोजना तैयार करना है किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य की रूप रेखा बनाना बहुत जरूरी है तभी स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को पूरा किया जा सकता है। खण्ड विकास अधिकारी रामनगर अमित्र त्रिपाठी ने कार्यशाला में प्रतिभागियों से कहा कि 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाँवो को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए जो संकल्प लिया वह काफी हद तक कामयाब होता हुआ नजर आ रहा है अब किसी भी घर परिवार के लोग खुले में शौच करने में संकोच करने लगे है अब एसबीएम फ़ेज 2 में गाँवो को गन्दगी मुक्त करने का संकल्प लेना है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक उद्धव रॉय ने एसबीएम फ़ेज 2 के तहत अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण, जल संचयन, शोकपित, कम्पोजिट खाद गढ्ढा, सामुदायिक एव व्यक्तिगत शौचालयों का क्रियाशील, ठोस एव तरल पदार्थों के निस्तारण की जानकारी दी। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी मसौली जानकीराम, एडीओ पंचायत पुरेडलाई योगेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह दरियाबाद, एमआई दरियाबाद सुमित कुमार मौर्य, सरोज पटेल सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व ग्राम पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला यूटा का प्रतिनिधि मंडल

## शिष्टाचार भेंट कर शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं से कराया रूबरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा बाराबंकी के पदाधिकारियों ने नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अमित कुमार से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षकों के हितों की बात रखी। साथ ही विश्वास दिलाया कि जनपद के शिक्षकों द्वारा शिक्षण संबंधित पूरा सहयोग प्राप्त होगा। वही संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की कई मूलभूत समस्याओं के सम्बन्ध में बात की। जिनमें मुख्य रूप से कई विकास खण्ड में ऑनलाइन सीसीएल एवम् चिकित्सीय अवकाश के प्रकरणों को अस्वीकृत करने, पदोन्नति किए जाने के आदेश जारी हो चुके है उक्त आदेश के क्रम में जनपद में कार्यरत शिक्षकों के पदोन्नति संबंधी कार्यवाही तत्काल शुरू किये जाने, कतिपय कारणों से निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के बाधित वेतन को बीईओ की संस्तुति पर बहाल करने, चयन वेतनमान व अन्य प्रकरणों की लंबित पत्रावलियों पर कार्यवाही करने सहित अन्य कई माँगे की गयी। नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अमित कुमार ने संगठन को पूरी तरह से आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार से शिक्षकों का अहित नहीं होगा साथ ही शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री सत्येंद्र भास्कर, संयुक महामंत्री साकिब किदवाई, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, जिला आडिटर आशीष शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष राकेश कौल, विशाल यादव, अनिल कुमार, मनोज चौधरी, देवेंद्र निरंजन, संदीप गौतम, सर्वेश दीक्षित, सच्चिदानंद सिंह, रामपाल रावत, छोटेलाल, संग्राम सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

# चौधरी अदनान की अगुवाई में अखिलेश यादव का हुआ स्वागत

## अंधेरे का फायदा उठा हुआ था फरार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे के रास्ते आजमगढ़ से लखनऊ लौटते समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का दौलतपुर टोल प्लाजा पर सपा नेता व चेयरमैन प्रतिनिधि सुबेहा चौधरी अदनान द्वारा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। आज शाम करीब सात बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव का काफिला लखनऊ के लिए जा रहा था, तभी दौलतराम टोल प्लाजा के पास चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी अदनान द्वारा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी गाड़ी से नीचे उतरकर चौधरी अदनान व चौधरी हुमायूं हुसैन सहित सभी समर्थकों के साथ फोटों खिचवाई व सभी से कुशलक्षेम पूंछी। इस दौरान मौजूद सपा कार्यकर्ताओं में अपने नेता को अपने बीच पाकर गजब का उत्साह था। इस दौरान स्वागत करने वालों में चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी अदनान, चौधरी हुमायूं हुसैन, जैद चौधरी, राधेश्याम यादव सभासद, ईमरान हाशमी, देवी दीन, रानू , हाशमी, ननकऊ ठाकुर, अब्दुल रहीम फैजान खान, कुँवर बहादुर साहू, मोहम्मद इस्लाम सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने हवन पूजन कर अमृत सरोवर निर्माण का किया शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने पड़रावां ग्राम पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निर्मित कराए जाने वाले अमृत सरोवर का शुभारंभ हवन पूजन कर किया। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अमृत सरोवर का निर्माण कराए जाने का मतलब , गांव और शहर की दूरी को कम करना है। इस सरोवर के निर्माण से शहर के पार्क जैसा दृश्य गांव में होगा। बैठने के लिए बेंच आदि कि व्यवस्था? होगी। इसके अलावा विधायक श्री रावत ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा कि सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र की पड़रावां प्रथम ग्राम पंचायत है जहां आज अमृत सरोवर का शुभारंभ किया गया।तथा आगे और भी बनाए जाएंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान आशादेवी, प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी रवि अवस्थी, जिलापंचायत सदस्य सोनी यादव,खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह,जेई लच्छीराम सिंह चौहान, लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर यादव, आदि रहे।

# विभिन्न संगठनों ने किया नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । विकास खण्ड निंदूरा में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण किया,उसके उपरान्त बी0 आर0 सी0 निंदूरा केंद्र के विद्यालय,कंपोजिट स्कूल कुर्सी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त इटघ, विभिन्न शैक्षिक संगठनो के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता एवं नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर यूटा के जिला महामंत्री सत्येन्द्र भास्कर, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ए0आर0पी0 संदीप वर्मा,सुशील यादव, अनिल सिंह, जिला महासचिव हरिप्रकाश शुक्ला, कोमल कुमार, अभिषेक गिरी, अतुल राय, आलोक शुक्ला, आलोक वर्मा, हिमेश कुमार, सुरेंद्र वर्मा, यूटा के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील सैनी, महामंत्री, उमाकांत पांडेय डॉ एम0पी0सिंह सहित कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन को मिले : डॉ. शुचिता चतुर्वेदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ सदस्या, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक

बाराबंकी । डॉ0शुचिता चतुर्वेदी सदस्या, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने आज कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं और अधिकारियों के साथ बैठक की व मिसिंग केस, समाज कल्याण विभाग की योजनाओं, आवासीय, दिव्यांग कल्याण, कृत्रिम अंग, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, पालनहार योजना, श्रम विभाग के अन्तर्गत चल रही योजनाओं की बैठक के दौरान समीक्षा की। इसके साथ ही जनपद में प्राथमिक विद्यालय छेदानगर, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं नाबालिग बच्चों हेतु संचालित सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र मनेरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतरिख का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता का कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिए। भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत 79 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि 11 मई से 19 मई तक चलने वाले अभियान के तहत आज छापेमारी के दौरान 02 बच्चे बाल श्रम करते पाये गये। इन बच्चों का विद्यालय में नामांकन कर शिक्षण व्यवस्था दिलाये जाने के निर्देश दिये। सदस्या ने वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण करने के उपरान्त समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र मनेरा के निरीक्षण के दौरान वहां की आंगनबाड़ी कार्यकत्री के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को उचित विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सदस्या ने कहा कि कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाये जिससे उनका पोषण स्तर सुधर सके। पुलिस विभाग के अन्तर्गत पाक्सो एवं मिसिंग केस की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मिशन शक्ति, पॉक्सो, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, नो चाइल्ड लेबर, बाल गृह एवं बाल संरक्षण केन्द्र, बाल श्रमिक विद्या सहित आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सदस्या ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख के निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से पायी गयी, जिसके लिए उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण, राजकीय आश्रम पद्धति के अन्तर्गत 02 आवासीय विद्यालय, दिव्यांग कल्याण, कृत्रिम अंग राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रमुख मार्गों पर नो एंट्री डायवर्जन लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । यातायात के सुचारू व निर्बाध संचालन हेतु जनपद के प्रमुख मार्गों पर नो एण्ट्री डायवर्जन लागू किया गया है, जो प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रभावी रहेगा। जिनका विवरण निम्नवत है ।कस्बा हैदरगढ़ पुलिस चौकी चौराहा थाना हैदरगढ़ (सुल्तानपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन जो बाराबंकी अयोध्या, हरदोई, सीतापुर आदि जनपदों में आवागमन चाहते हैं उनके लिए वैकल्पिक आवागमन मार्ग- कस्बा हैदरगढ़ पुलिस चौकी चौराहा से दाहिनें असन्द्रा थाना, भिटरिया चौराहा से दाहिने रामसनेहीघाट बाईपास तिराहा व दाहिने देवा, कुर्सी, इटौंजा, भिटौली, मोहान, हरदोई- महमूदाबाद-बिस्वां-सीतापुर) रामसनेहीघाट बाईपास तिराहा थाना रामसनेहीघाट (अयोध्या की तरफ से आने वाले वाहन जो सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कानपुर, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, आगरा, एक्सप्रेस वे आदि जनपदों के लिए आवागमन चाहते हैं उनके लिए वैकल्पिक मार्ग आवागमन मार्ग-रामसनेहीघाट बाईपास तिराहा से बायें-असन्द्रा थाना-भिटरिया चौराहा से बायें-कस्बा हैदरगढ़ पुलिस चौकी चौराहा-गोसाईगंज- मोहनलालगंज मोड़ से बायें मोहनलालगंज- गोसाईगंज मोड़-मोहनलालगंज कस्बा पोस्ट ऑफिस तिराहा से दाहिनें एयर फोर्स मेमोरा होते हुए बनी मोड़ (जुनाबगंज)-कटी बगिया मोड़ से दाहिने-हरौनी रेलवे क्रासिंग-कंजा खेड़ा-लखपेड़ा चौराहा से दाहिने मोहान रोड होते हुए पुलिस चौकी घुरघुरी का तालाब-हरदोईया मोड़-फतेहगंज-बुद्धेश्वर चौराहा से बायें-दुबग्गा चौराहा) देवा रोड तिराहा थाना देवा (बाराबंकी अयोध्या की तरफ से आने वाले वाहन जो हरदोई, सीतापुर, आगरा एक्सप्रेस वे आदि जनपदों के लिए आवागमन चाहते हैं वे देवा मोड़ जनपद बाराबंकी से दाहिनें देवा रोड मुडकर अपने गंतव्य को आ जा सकेंगें). कुर्सी तिराहा/ चौराहा गुडम्बा रोड थाना कुर्सी (बाराबंकी अयोध्या की तरफ से आने वाले वाहन जो हरदोई, सीतापुर, आगरा एक्सप्रेस वे आदि जनपदों के लिए आवागमन चाहते हैं वे देवा मोड़ जनपद बाराबंकी से दाहिनें देवा रोड मुडकर अपने गंतव्य को आ जा सकेंगें) 5. कोतवाली नगर चौपुला कोतवाली नगर (चौपुला से दाहिनें असन्द्रा थाना-भिटरिया चौराहा से दाहिनें देवा, कुर्सी, इटौंजा, भिटौली, मोहान, हरदोई/ महमूदाबाद, बिस्वा, सीतापुर) पेट्रोल टैंकर, शव वाहन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (गेहूं, दाल, चावल, दूध, चीनी, फल, सब्जी आदि आवश्यक वाहनों को छोड़कर शेष भारी मालयानों जिनका वजन 12 टन से अधिक हो, का डायवर्जन उक्त स्थानों से प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। पालन न करने पर एमवी एक्ट व आईपीसी की धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

### अवैध समैक के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी । अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शुभम पाठक उर्फ ठकराल पुत्र स्व0 सत्यप्रकाश पाठक उर्फ कट्टा निवासी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 300 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना रामसनेही घाट एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# टिकैतनगर में चला अभियान, प्रतिबंधित पालीथिन जप्त कर वसूला गया जुर्माना

❒ जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह की अगुवाई में चला अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



टिकैतनगर बाराबंकी। अधिशाषी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह की अगुवाई में कस्बा अंतर्गत विभिन्न वार्डो में प्रतिबंधित पालीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसके तहत पालीथिन जप्त की गई तो वही दस हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया । नगर पंचायत प्रशासन की इस कार्रवाही से हड़कम्प की स्थित बनी रही । जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह के निर्देश पर आज कस्बा टिकैतनगर में पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसके तहत दुकानों पर जाकर बारीकी से पड़ताल की गई जिसके पास प्रतिबंधित पॉलिथीन पाई गई उसके विरुद्ध जुर्माना वसूलने की कार्रवाही के साथ-साथ कड़ी चेतावनी दी गई । अधिशासी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह ने कहा जिन दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है वहां यदि पुनः पॉलिथीन पाई जाएगी तो कड़ी कार्रवाई होगी । जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा पूर्व में ही पालिथिन पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है बावजूद इसके बाजारों में पॉलिथीन का प्रयोग धड़ल्ले से जारी है जिससे नाराज जिलाधिकारी आदर्श सिंह ने समीक्षा बैठक में जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को पॉलिथीन के संबंध में अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसके पालन क्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत टिकैतनगर सुश्री कीर्ति की अगुवाई में नगर पंचायत की टीम द्वारा कस्बा स्थित दुकानों मुख्य मार्केट आदि स्थानों पर छापेमारी कर अमर नाथ पुत्र बैजनाथ , पवन कुमार पुत्र देवी प्रसाद राजू पुत्र रामनाथ मुन्ना पुत्र बहादुर पर कार्रवाई की जिसमें जुर्माना करीब दस हजार रुपये वसूल किया गया साथ ही पालीथिन जप्त की गई ।

## महगांई डायन खाये जात है.....

# रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि से चूल्हा फूँकने को मजबूर हो रही हैं महिलाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। बीते दिनों रसोईगैस सिलेंडर के दामों में ?50 की बढोत्तरी सरकार द्वारा की गई है। लगातार हो रही सिलेंडर के दामों में वृद्धि से रसोई का बजट गड़बड़ा रहा है एक तरफ जहां डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी से महंगाई आसमान छू रही है तो रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी से रसोई की आग ठंडी पड़ने लगी है सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। आपको बता दें कि दूर गांव की कई महिलाओं ने बताया लगातार रसोई गैस व डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो रही है जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ रही है हम लोगों के आदमी दिन में 200? 300 रुपए कमाते हैं ऐसे में इस बढ़ती महंगाई में घर चलाना काफी मुश्किल हो गया है। अगर ऐसे ही महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती रही तो हम लोग भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे क्योंकि हम लोगों की कमाई सीमित है और महंगाई बढ़ती जा रही सरकार को हम लोगों के बारे में सोचना चाहिए इस बढ़ती महंगाई में हम लोगों का गुजारा कैसे होता है।लगातार रसोई गैस की कीमतों में इजाफा होने के कारण जहां एक ओर उपभोक्ताओं की जेब पर भार बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर रसोई का बजट भी गड़बड़ा गया है। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण गृहणियों में खासी नाराजगी है। उनका मानना है कि सरकार द्वारा आए दिनों कीमतों में बढ़ोतरी की जा रही है, जिसका नुकसान सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। इस वर्ष अब तक चार बार गैस के दामों में वृद्धि हुई है।यह वृद्धि गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आफत बन गई है। एक तो पहले से ही लोग महंगाई झेल रहे हैं।उस पर रसोईगैस के दाम में बढ़ोतरी ने लोगों को मुश्किलों में डाल दिया है। बढ़ी कीमतों ने लोगों के घर के चूल्हे की आग ठंढी पड़ने लगी है।लोगों के घर से धुंआ निकलना बंद हो गया था। अब लोग लकड़ी के जलावन से चूल्हा जलाने को मजबूर हैं। यह परेशानी लोगों को महंगाई के कारण हो रही है। गैस के दामों में बढ़ोतरी हुई तो महिलाओं का दर्द सामने आया। महिलाओं का कहना है कि एक तरफ सरकार महिलाओं को सुविधा की बात करती है। दूसरी तरफ लगातार महगांई बढ़ रही है।हम गरीब परिवार का उतनी कमाई नहीं है कि हजार-12 सौ रुपये का गैस जला पाएं। सब्सिडी की बात करें तो काफी कम राशि दी जाने लगी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। महिलाएं कहती है कांग्रेस की सरकार में जब सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी होती थी सत्तारूढ़ भाजपा बड़े-बड़े नेता महंगाई कम करने को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री को ज्ञान दिया करते थे लेकिन आज सत्ता में आने के बाद सब भूल गए हैं अब भाजपा को महगांई नही दिखाई पड़ रही है।

# गुजरात पर मिली जीत के बाद हार्दिक पांड्या ने टीम के प्रदर्शन को सराहा

एजेंसी



पुणे। लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली एक शानदार जीत के बाद, गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपने टीम के प्रदर्शन और स्पिनर साई किशोर की जमकर तारीफ की। मंगलवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को 62 रनों से हराने के बाद गुजरात टाइटंस इस सीजन में प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट पर 144 रन बनाए और फिर लखनऊ को केवल 13.5 ओवर में 82 रनों पर समेट दिया।

मैच के बाद हार्दिक ने कहा, वास्तव में, मुझे लड़कों पर गर्व है। इस लीग में 14 वें मैच से पहले क्वालीफाई करने का यह एक अच्छा प्रयास है। हमने जितने भी मैच जीते, उन सभी मैचों में हम हमेशा दबाव में रहे और हमने महसूस किया कि जिस तरह की बल्लेबाजी हमने की थी, उससे हम आखिरी मैच खत्म कर देंगे। हम बस खुलकर खेलना चाहते थे और अब मैच के बाद आराम करना चाहते हैं। मैं साई किशोर को बाएं हाथ के स्पिनर के रूप में काफी अच्छा मानता हूं। हमारे पास जिस तरह के तेज गेंदबाज थे, उसके कारण उन्हें और जयंत यादव को एक साथ टीम में शामिल करना संभव नहीं था।

उन्होंने कहा, हर कोई एक-दूसरे के साथ खड़ा था, और हमने खेल के बाद एक साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि विपक्षी टीम पर दवाब हमेशा बना रहे। हम इस मैच से पहले दूसरे स्थान पर थे और इसका मतलब था कि हम कुछ सही कर रहे थे।

इस मैच की बात करें तो गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने शुभमन गिल के 63 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 144 रन बनाए।

जवाब में लखनऊ की टीम केवल 82 रनों पर सिमट गई। राशिद के चार विकेटों के अलावा, साई किशोर और यश दयाल ने दो-दो विकेट लिए। गुजरात के पास12 आईपीएल मैचों में से नौ जीत के साथ 18 अंक हैं। गुजरात की टीम आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

# इमा कप रांची जिला कराटे प्रतियोगिता 25 जून से

एजेंसी

रांची । इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में 10वीं इमा कप रांची जिला कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 25 और 26 जून को रांची में होगा। प्रतियोगिता की मेजबानी बिशप हार्टमैन एकेडमी करेगी। प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से लगभग 300 प्रतिभागी एवं 50 पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता वर्ल्ड कराटे फ़ेडरेशन के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में 50 स्वर्ण पदक के लिए सभी खिलाड़ी आपस में भिड़ेंगे। प्रतियोगिता आयु और वजन वर्ग में की जाएगी। 18 वर्ष से नीचे वाले खिलाड़ी आयु वर्ग में भाग लेंगे, जबकि उससे ऊपर वाले खिलाड़ी वजन वर्ग में भाग लेंगे। इसमें पुरुष वर्ग एवं महिलाएं वर्ग दोनों शामिल होंगे। इंटरनेशनल



मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निर्देशक सुनील किस्पोट्टा ने बुधवार को बताया कि कोविड के बाद यह पहला प्रतियोगिता रांची में आयोजित किया जा रहा है। इसमें रांची के विभिन्न स्कूलों और क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# अंतिम ग्रुप मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने भारत को 5-0 से हराया

एजेंसी

बैंकॉक। लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद, भारतीय बैडमिंटन टीम को बुधवार को यहां चल रहे उबेर कप 2022 के अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में दक्षिण कोरिया के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप डी मैच में, विश्व के सातवें नंबर की भारतीय दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधु को एन से-यंग ने 42 मिनट तक चले मैच में 21-15, 21-14 से हराया।

दूसरे मुकाबले में श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी की महिला युगल जोड़ी को ली सो-ही और शिन सेउंग-चान ने 39 मिनट तक चले मैच में 13-21, 12-21 से हराया। तीसरे मैच में किम गा-यून ने आकर्षि कश्यप को 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराया।



इसके बाद चौथे मुकाबले में तनीषा क्रैस्टो और ट्रीसा जॉली की भारतीय जोड़ी 36 मिनट तक चले मैच में किम हाय-जोंग और कोंग ही-योंग से 21-14, 21-11 से हार गई। अंतिम मुकाबले में अशिमता चालिहा को सिम यू-जिन ने 21-18, 21-17 से हराया। यह मुकाबला 39 मिनट तक चला। इससे पहले टीम इंडिया ने कनाडा और अमेरिका के खिलाफ जीत के साथ चल रहे उबर कप 2022 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।

# आईपीएल 2022 के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं हार्दिक पांड्या, शान से प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस

एजेंसी

नई दिल्ली। नई टीम गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के लीग चरण में शानदार प्रदर्शन कर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टाइटंस ने अपने करिश्माई कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में, लखनऊ सुपर जायंट्स को 62 रनों से हरा दिया और प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। गुजरात 12 मैचों में 9 जीत और 18 अंकों के साथ, आईपीएल 2022 के अंक तालिका शीर्ष पर बनी हुई है। क्रिकेट विश्लेशकों को गुजरात ने अपने खेल से गलत साबित कर दिया है। गुजरात की टीम सबसे रोमांचक आईपीएल सीज़न में हराने वाली टीम रही है और हार्दिक पांड्या टूर्नामेंट के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तान के



रूप में उभरे हैं। कप्तानी में किसी भी पूर्व अनुभव के बिना, हार्दिक ने अपने नेतृत्व कौशल और स्ट्रीट स्मार्ट फैसलों से विरोधियों को गलत साबित कर दिया। वह सही समय पर सही फैसले ले रहे हैं और अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन कर रहे हैं, जो किसी भी कप्तान के लिए बहुत अच्छे संकेत हैं। हार्दिक जिस तरह से अपने खिलाड़ियों का समर्थन कर रहे हैं वह आश्चर्यजनक है और इसके परिणामस्वरूप, टीम को हर खेल में एक नया मैच विजेता दिखाई देता है। टूर्नामेंट के अंत में एक अनकैप्ड आर साई किशोर को डेब्यू कैप सौंपने का निर्णय टीम प्रबंधन और कप्तान के बेंच स्ट्रेंथ में विश्वास को भी दर्शाता है। हार्दिक ने अपनी कप्तानी की चतुर चाल से प्रभावित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि फ्रैंचाइज़ी का नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भारत के स्टार ऑलराउंडर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर ला रही है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन का मानना है कि हार्दिक मौजूदा टूर्नामेंट में एक अच्छे कप्तान के सभी गुण दिखा रहे हैं क्योंकि वह बड़ी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते रहते हैं। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए, मैथ्यू हेडन ने कहा, अच्छे क्रिकेटर, अच्छे कप्तान विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ समय के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ रखते हैं और वह हार्दिक पंड्या (आपके लिए) अभी हैं। वह सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे उनकी ऊर्जा पसंद है। हार्दिक चोट से उबरने के बाद क्रिकेट पिच पर वापसी कर चुके हैं लेकिन उनमें थकान या अवरोध के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। बड़ौदा के ऑलराउंडर ने 11 मैचों में 131.80 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 344 रन बनाए हैं। हार्दिक ने सबसे रोमांचक आईपीएल सीज़न में तीन अर्धशतक बनाए हैं और तीनों विभागों में उदाहरण पेश किया है। पूर्व भारतीय बल्लेबाजी महान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेटर के हरफनमौला कौशल और चल रहे टूर्नामेंट में उनके द्वारा दिखाए जा रहे अनुशासन की सराहना की।गावस्कर ने कहा, वह कड़ी मेहनत के लिए हार्दिक को सलाम कर रहे हैं। उन्होंने आईपीएल से पहले बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला क्योंकि वह एक चोट से उबर रहे थे।

# मैं अपनी लाइन और लेंथ को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता : राशिद खान

एजेंसी

पुणे। गुजरात टाइटन्स के स्पिनर राशिद खान, जिन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ चार विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने कहा कि वह अपनी लाइन और लेंथ को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। गुजरात टाइटंस इस सीजन में प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। गुजरात ने पुणे के एमसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को 62 रनों से हराया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट पर 144 रन बनाया और फिर उसके बाद लखनऊ को केवल 13.5 ओवर में 82 रन पर समेट दिया।



मैच के बाद राशिद ने कहा, कुछ मैच थे, जो मेरे लिए अच्छे नहीं गए, वह सब मेरी लाइन और लेंथ के बारे में था। उन कुछ मैचों में मैं अपनी लाइन और लेंथ से भटक गया था। जिस गति से मैं गेंदबाजी करता हूं और मेरे पास एक्शन है, मैं अपनी लाइन और लेंथ को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। मैं सही क्षेत्र पर हिट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। विकेट आज उछाल और मोड़ के साथ मदद कर रहा था, लेकिन कुल मिलाकर यह सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने के बारे में था। तेज गेंदबाजों ने हमें एक मंच दिया, जहां हमने आकर विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव डाला।

राशिद ने आगे कहा कि टीम का पूरा ध्यान अब अच्छी क्रिकेट खेलने और इस समय खुद का लुत्फ उठाने पर होगा।

उन्होंने कहा, 140-145 के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आपको एक अच्छे पावरप्ले की आवश्यकता होती है और तेज गेंदबाजों ने हमें वह दिया। यह प्रतियोगिता का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह प्रक्रिया के बारे में है चाहे हम जीतें या हारें, हमें एक ही प्रक्रिया रखनी चाहिए। हमें दिन-ब-दिन बेहतर करना होगा और अच्छी चीजें करते रहना होगा। अब ध्यान अच्छा क्रिकेट खेलने और खुद का आनंद लेने पर होना चाहिए।

इस मैच की बात करें तो गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने शुभमन गिल के 63 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 144 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम केवल 82 रनों पर सिमट गई। राशिद के चार विकेटों के अलावा, साई किशोर और यश दयाल ने दो-दो विकेट लिए। गुजरात के पास12 आईपीएल मैचों में से नौ जीत के साथ 18 अंक हैं। गुजरात की टीम आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

# बिकवाली के दबाव के बावजूद शेयर बाजार ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी

एजेंसी

नई दिल्ली। नकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को दिन भर जोरदार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव और घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से खरीदारी के जोर के कारण शेयर बाजार लगातार ऊपर नीचे की गति में चलता रहा। दिनभर लिवाली और बिकवाली की खींचतान के बीच सेंसेक्स आज 845 अंक तक लुढ़क भी गया। हालांकि बाद में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने प्रभावी रिकवरी की और अंत में लगभग 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 180.06 अंक की मजबूती के साथ 54,544.91 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती 15 मिनट के कारोबार में ही लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स 233.70 अंक की मजबूती के साथ 54,598.55 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स गोता लगाकर लाल निशान में पहुंच गया। कारोबार के दौरान बाजार में रुक रुक कर खरीदारी भी होती रही, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स संभल नहीं सका और लगातार नीचे गिरता चला गया। सेंसेक्स में ये गिरावट दोपहर 1 बजे के बाद तक बनी रही। बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स 2 बजे के थोड़ी देर पहले 845.55 अंक की गिरावट के साथ 53,519.30 अंक के आज के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि 2 बजे के थोड़ी देर पहले घरेलू संस्थागत निवेशकों ने एक बार फिर बाजार में मोर्चा संभाला, जिसकी वजह से सेंसेक्स आज के निचले स्तर से 569.09 अंक की रिकवरी करके 54,088.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 30 अंक की मजबूती के साथ 16,270.05 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में निफ्टी भी लिवाली के सपोर्ट से 78.70 अंक की छलांग लगाकर 16,318.75 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में शुरू हुई बिकवाली ने निफ्टी को भी गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बाजार में यदा-कदा मामूली खरीदारी भी होती रही, लेकिन कारोबार में बिकवाली का दबाव लगातार बना रहा, जिसकी वजह से ये सूचकांक नीचे गिरता चला गया। निफ्टी में गिरावट का ये दौर दोपहर 1 बजे के बाद तक चला। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के कारण निफ्टी इस समय तक 247.45 अंक का गोता लगाकर 15,992.60 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। इस गिरावट के बाद बाजार को संभालने के लिए घरेलू संस्थागत निवेशकों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी। नकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार में बने बिकवाली के दबाव के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने खरीदारी करके बाजार को उठाने की पूरी कोशिश की। डीआईआई की इस कोशिश के कारण निफ्टी आज के निचले स्तर से 174.50 अंक की रिकवरी करके सिर्फ 72.95 अंक की गिरावट के साथ 16,167.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बारा विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2022-23 दिनांक-12.05.2022

### अल्पकालिन निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत बारा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/चौदहवा वित्त/पन्द्रहवा वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सासद निधि/आंगनबाड़ी भवन सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन व अन्य निधि एवं 2022-23 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट बालू, सिमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप, सरिया, पेट वायरिंग, पत्थर बोर्थ, ईट का टुकड़ा पत्थर सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन इंडिया मार्का टू हैंड पंप रिबोर ईंट की गिट्टी ओपन जिम , स्कूल में फर्नीचर पंचायत भवन में फर्नीचर इत्यादि सामग्री से सम्बनिधत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 12 मई 2022 से 18 मई 2022 तक आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर तथा वाछित प्रपत्र बन्द लिफाफ़े के ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा 19 मई 2022 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0 5000.00 (पांच हजार) रुपये होगी। नियम व शर्तेः-1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे न्यूनतम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2- आपूर्तिकर्ता का आयकर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य । तथा वह आयकर देयता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3-ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदी में टेन्डर खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5-जो दरें प्रस्तुत की जाये वह वैट तथा काटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय। 6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी। 7-सामग्री की मात्रा घटायी या बययी जा सकती है। 8-प्रस्तुत दरे पीडब्लूडीद्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा। 9-आपूर्तिकर्ता को 2.00 प्रतिशत आयकर देता होगा। 10-ग्राम पंचायत के प्रधान सचिव सदस्य वीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एव रिश्तेदार द्वारा प्रस्तुत नही की जा सकती। उक्त आशय की नोटरी , शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11-सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 12-निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13-स्वीकृत आपूर्तिकता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर भुगतान नही किया जायेगा। 14-धरोहर की धनराशि नगद , राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 15-अपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 16 निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-है। पर ही स्वीकार्य किया जायेगा। 17-सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शासकीय आदेशों के नियत्रण में रहना होगा।

ग्राम प्रधान
**विशेषर**
ग्रा.पं.-बारा विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

ग्राम पंचायत अधिकारी
**पवन कुमार**
ग्रा.पं.-बारा विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2022-23 दिनांक-12.05.2022

### अल्पकालिन निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत करौंदी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/चौदहवा वित्त/पन्द्रहवा वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सासद निधि/आंगनबाड़ी भवन सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन व अन्य निधि एवं 2022-23 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट बालू, सिमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप, सरिया, पेट वायरिंग, पत्थर बोर्थ, ईट का टुकड़ा पत्थर सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन इंडिया मार्का टू हैंड पंप रिबोर ईंट की गिट्टी ओपन जिम , स्कूल में फर्नीचर पंचायत भवन में फर्नीचर इत्यादि सामग्री से सम्बनिधत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2022 से 18 अप्रैल 2022 तक आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर तथा वाछित प्रपत्र बन्द लिफाफ़े के ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा 19 मई 2022 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0 5000.00 (पांच हजार) रुपये होगी। नियम व शर्तेः-1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे न्यूनतम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2-आपूर्तिकर्ता का आयकर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य । तथा वह आयकर देयता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3-ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदी में टेन्डर खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर करनी होगी। 5-जो दरें प्रस्तुत की जाये वह वैट तथा काटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय। 6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी। 7-सामग्री की मात्रा घटायी या बययी जा सकती है। 8-प्रस्तुत दरे पीडब्लूडीद्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा। 9-आपूर्तिकर्ता को 2.00 प्रतिशत आयकर देता होगा। 10-ग्राम पंचायत के प्रधान सचिव सदस्य वीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एव रिश्तेदार द्वारा प्रस्तुत नही की जा सकती। उक्त आशय की नोटरी , शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11-सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 12-निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13-स्वीकृत आपूर्तिकता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर भुगतान नही किया जायेगा। 14-धरोहर की धनराशि नगद , राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 15-अपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 16 निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-है। पर ही स्वीकार्य किया जायेगा। 17-सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शासकीय आदेशों के नियत्रण में रहना होगा।

ग्राम प्रधान
**सरजू देई**
ग्रा.पं.-करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

ग्राम पंचायत अधिकारी
**पवन कुमार**
ग्रा.पं.-करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

# दिल्ली सरकार ने 116 सीवेज पंपिंग स्टेशनों पर लगाया आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सीवेज पंपिंग स्टेशनों की निगरानी अब आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिये करने का फ़ैसला किया है ताकि इसमें लगा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सेंसर सीवेज पंपिंग स्टेशन में सीवर का गंदा पानी एक तय लेवल तक भरते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट कर सके।

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में सीवेज ओवरफ्लो की समस्या से निजात पाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से राजधानी के विभिन्न इलाकों में सीवर के पानी को पंप कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए कुल 116 सीवेज पंपिंग स्टेशन है। खास बात यह है कि इन सीवेज पंपिंग स्टेशनों की निगरानी अब आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिये की जाएगी। इस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में लगा सेंसर यह सुनिश्चित करेगा कि सीवेज पंपिंग स्टेशन में सीवर का गंदा पानी एक तय लेवल तक भरते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट चला जाए, जिससे की सीवेज पंपिंग स्टेशन पर मौजूद ऑपरेटर की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही दोनों तय की जा सके।

इस सिस्टम के लग जाने से अब यह आसानी से पता चल जाएगा कि कब, कहाँ और किस सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) को चालू करने का वक्त आ गया है, ताकि सीवर के पानी को वक्त रहते सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की ओर पंप किया जा सके और सीवर लाइन में सीवेज का दबाव न बढ़े। दिल्ली जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने आज बताया कि एसपीएस के समय पर चालू न हो पाने की वजह से पहले जगह-जगह सीवर ओवेरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसके कारण सीवर का पानी सड़कों, कॉलोनियों व आसपास के




इलाकों में बहना शुरू हो जाता था। ऐसे में जनता को इस समस्या से छुटकारा दिलवाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने सभी 116 एसपीएस पर ऑटोमैटिक एसपीएस मॉनिटरिंग डिवाइस लगाए गए हैं, ताकि सीवेज के फ्लो को समान्य दबाव और उचित नियंत्रण के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जा सके। इससे दिल्ली के लोगों को सीवर ओवर फ्लो की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीवर लाइनें इस तरह से बिछाई जाती हैं ताकि सीवेज गुरुत्वाकर्षण के सहारे एक जगह से दूसरी जगह तक जा सके। हालांकि, यह तरीका हर जगह कारगर साबित नहीं होता है। ऐसी जगहों पर जहां सीवेज को एक निचले स्थान से लिफ्ट करके ऊंचे स्थान पर ले जाना होता है, वहां सीवेज पंपिंग सिस्टम का इस्तेमाल सीवेज को ऊपर की ओर सीवर लाइन में धकेलने के लिए किया जाता है। सीवेज पंपिंग स्टेशन में एक कुआं होता है, जो लगातार आ रहे सीवेज को इकट्ठा करता है। इसके भरने से ठीक पहले एक बड़े मोटर के जरिये इसे आगे सीवेट ट्रीटमेंट प्लांट की ओर पंप कर कर दिया जाता है। अब तक इस सीवेज पंपिंग स्टेशन को मैनुअली ही ऑपरेट किया जाता था। ऐसे में कई बार वक्त पर पंप के चालू न होने के कारण शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या आती थी। लेकिन अब नए सेंसर के लगाए जाने से किसी भी तरह के 'ह्यूमन एरर' की गुंजाइश खत्म हो गई है। जल मंत्री ने कहा कि यमुना नदी में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने का काम कर रही है, ताकि यहां से निकालने वाले पूरे सीवेज को एकत्रित कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाकर ट्रीट किया जा सके। यहाँ से निकालने वाले पूरे सीवेज को एसटीपी तक पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से जगह-जगह 116 सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) बनाए गए है। एसपीएस में लगे मोटर पंप के माध्यम से सीवेज को एसटीपी तक भेजा जाता है, जहां इसे ट्रीट कर आगे नालों में छोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि पानी एवं सीवर के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करना सरकार का काम है। लोग टैक्स देते हैं, इस कारण इंफ्रास्ट्रक्चर पर उनका हक है।

## राशिफल




मेष : आज बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे।

वृष : आज आप अपने मनमौजी बर्ताव पर क़ाबू रखें, क्योंकि यह आपकी दोस्ती को बर्बाद कर सकता है। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाज़े खोल सकते हैं।

मिथुन : आज सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा।

कर्क : आज अगर आप अपने आकर्षण और होशियारी का इस्तेमाल करें, तो लोगों से मनचाहा व्यवहार लाभ पा सकते हैं।

सिंह : आज व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है।

कन्या : आज प्यार का बुख़ार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं।

तुला : आज पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको ही फ़ायदा होगा।

वृश्चिक : आज आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं।

धनु : आज के दिन किसी के साथ मजाक करने से बचें। रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है।

मकर : आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा- कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाईयों और कमियों पर सावधानी से ग़ौर फ़रमाएँ।

कुम्भ : आज आप शरारती मनोदशा में होंगे। अचानक आए ख़र्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। आपके नज़दीकी लोग निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं।

मीन : आज बच्चों के साथ वाद-विवाद झुंझलाहट पैदा करेगा। एक प्यारी-सी मुस्कुराहट से अपने प्रेमी का दिन रोशन करें।

# उदयपुर के 'चिंतन' को जमीन पर उतारने के लिए काम करेगी कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि शिमला और पंचमढ़ी के शिविरों के संकल्पों को वह मूर्तरूप देने में बहुत सफल नहीं रही है और अब उदयपुर चिंतन शिविर के बाद पार्टी यह गलती नहीं दोहराएगी। कांग्रेस सूत्रों ने कहा है कि उदयपुर चिंतन शिविर पार्टी के लिए ऐतिहासिक साबित होने वाला है और इस चिंतन शिविर के बाद पार्टी नये जोश के साथ आने वाले चुनावों और खासकर 2024 के आम चुनाव के लिए तैयार होगी। उनका कहना था कि इस चिंतन शिविर के माध्यम से पार्टी में सामूहिक फैसलों को लागू करने पर जोर देने के साथ ही इसको मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उदयपुर में जो प्रस्ताव पारित किये जाएंगे उनको अगले दिन यानी शिविर समाप्त होने के बाद 16 मई से ही लागू करने की रणनीति तय हो जाएगी। शिविर में जो भी प्रस्ताव पार्टी को मजबूत करने के लिए आएंगे उनको क्रमबद्ध और समयबद्ध तरीके से क्रियानवित किया जाएगा। उनका कहना था कि इस शिविर में हुए चिंतन को लागू करने के साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की चुनौतियों पर काम करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंचमढ़ी शिविर का स्पष्ट संकेत था कि गठबंधन की राजनीति नहीं करनी है लेकिन उसके बाद भी बदली परिस्थितियों के अनुसार गठबंधन हुए। उनका कहना था कि कई राज्यों में गठबंधन बहुत अच्छा है लेकिन कई राज्यों में यह बिल्कुल ठीक नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा द्रविड मुन्नेत्र कषगम उसके गठबंधन के लम्बे के साथी हैं और उनके साथ आज भी पार्टी का गठबंधन है। उनका कहना था कि गठबंधन को लेकर इस बात पर ध्यान देना है कि आंख बंद करके गठबंधन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बात पर चिंता जाहिर की थी कि अंदर की बात बहुत बाहर चली जाती है और इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि श्रीमती गांधी वाकई इस बात से बहुत खफा नजर आई कि अंदर जो बातें होती हैं वह तत्काल बाहर चली जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा ल्लहम जो भी बात बंद कमरे में करते हैं वह बाहर चली जाती है। कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा कि शिविर में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होगी क्योंकि खुद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नहीं चाहते हैं कि संगठन में चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच यह बात उठाई जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा चिंतन शिविर में पार्टी के करीब करीब सभी प्रमुख नेता एक बात फिर श्री गांधी से पार्टी की बागडार संभालने का अनुरोध करेंगे।

## इजरायल के सहयोग से बागवानी के उत्कृष्टता केंद्रों का बेहतर संचालनः तोमर

नयी दिल्ली। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और इज़रायल के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री ओडेड फोरर के बीच आज गोलमेज बैठक का संसद भवन,यरुशलम में आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों देशों में कृषि विकास की क्षमता के मद्देनजर कृषि, जल प्रबंधन, पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों, क्षमता निर्माण, ज्ञान हस्तांतरण और समर्थन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्री तोमर ने उम्मीद जताई कि इजराइल के सहयोग से भारत में उत्कृष्टता केंद्रों का बेहतर संचालन हो रहा है, जो आगे सभी राज्यों में स्थापित किए जा सकेंगे। बातचीत के दौरान, माशाव के कृषि सहयोग कार्यक्रमों और भारत में अन्य हितधारकों के पेशेवर प्रशिक्षण गतिविधियों की सराहना की गई। श्री तोमर ने कहा कि भारत सरकार को क्षमता निर्माण और ज्ञान के हस्तांतरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में माशाव की गतिविधियों को अपनाने की संभावनाओं का पता लगाना है।

# एशियाई देशों के चुनाव प्राधिकरणों के मंच का अध्यक्ष चुना गया भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत को एशियाई देशों के चुनाव प्राधिकरणों के मंच एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज (एएईए) के कार्यकारी बोर्ड का दो वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा, ल्ल एएईए की महासभा की सात मई, 2022 को मनीला (फिलीपींस) में आयोजित बैठक में भारत को सर्वसम्मति से वर्ष 2022-2024 तक की अवधि के लिए एएईए का नया अध्यक्ष चुना गया है। अभी तक यह पद फिलीपींस के चुनाव आयोग के पास था। एएईए के कार्यकारी बोर्ड के नए सदस्यों में अब रूस, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, ताइवान और फिलीपींस शामिल हैं। बयान के मुताबिक उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास की अध्यक्षता में भारत के चुनाव आयोग का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मनीला में आयोजित एएईए कार्यकारी बोर्ड की बैठक में शामिल हुआ। भरतीय प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2022-23 के लिए अपनी कार्ययोजना तथा वर्ष 2023-24 के लिए भविष्य की गतिविधियों के बारे में कार्यकारी बोर्ड को प्रस्तुति दी। उन्होंने समावेशी और सहभागी चुनाव के लिए निर्वाचन और राजनीतिक प्रक्रियाओं में आ रही सामाजिक-राजनीतिक बाधाओं को दूर करने के लिए भारत द्वारा किए गए विभिन्न ठोस और लक्षित उपायों के बारे में भी प्रस्तुति दी। भारतीय दल में मणिपुर के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल और राजस्थान के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता शामिल थे। एएईए का उदेश्य सदस्य देशों के निर्वाचन अधिकारियों के बीच अनुभवों और श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने तथा खुले और पारदर्शी चुनावों को बढ़ावा देने के तरीकों के बारे में चर्चा और कार्रवाई करने के लिए एशियाई क्षेत्र में गैर-पक्षपातपूर्ण मंच प्रदान करना है ताकि सदस्य देशों में सुशासन और लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। एएईए के प्रतिनिधि भारत चुनाव आयोग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम में भी नियमित रूप से भाग लेते हैं। 12 एएईए सदस्य देशों के 62 अधिकारियों ने 2022 में विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) में भाग लिया था। एएईए विश्व निर्वाचन निकायों के 118 सदस्यीय संघ (ए-डब्ल्यूईबी) का सहयोगी सदस्य भी है। एशियाई देशों में चुनाव की व्यवस्थाओं के बारे में मनीला (फिलीपींस) में 26-29 जनवरी, 1997 को आयोजित संगोष्ठी के प्रतिभागियों द्वारा पारित किए गए संकल्प के अनुपालन में एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज (एएईए) की 1998 में स्थापना की गई थी। वर्तमान में 20 एशियाई ईएमबी एएईए के सदस्य हैं।

## घरेलू कंपनियों से रक्षा जरूरत पूरी करने की हर संभव कोशिशः भट्ट

नयी दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा है कि सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए घरेलू कंपनियों से खरीद के माध्यम से रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। श्री भट्ट ने बुधवार को यहां रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक समुदाय से कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी प्रौद्योगिकियों का विकास करने का आह्वान किया जिससे कि देश भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू खरीद के माध्यम से रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्टता अर्जित करने के लिए रक्षा इकोसिस्टम के सभी क्षेत्रों से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने आत्मनिर्भर अनुसंधान एवं विकास इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए डीआरडीओ द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इससे सशस्त्र बलों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के अनुरूप अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस संगठन ने अत्यधिक परिष्कृत हथियार, प्लेटफार्म तथा प्रणालियों के डिजाइन, विकास एवं उत्पादन कर अपना महत्व स्वयं सिद्ध कर दिया है। इससे निजी क्षेत्र की भागीदारी में बढ़ोतरी हुई है और इन प्रयासों के कारण भारत अब रक्षा उपकरण निर्यात करने वाले शीर्ष 25 देशों में शामिल हो गया है।

वर्ष 1998 में पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों के उपलक्ष्य में हर साल 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' है। उन्होंने कहा कि इसमें राष्ट्र की प्रगति के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सर्वांगीण विकास के महत्व पर जोर दिया गया है।

रक्षा राज्य मंत्री ने वर्ष 2019 के लिए उत्कृष्ट कौशल के लिए कई वैज्ञानिकों को डीआरडीओ पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार जीवन पर्यंत उपलब्धि, प्रौद्योगिकी नेतृत्व, वरिष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार, अकादमी उत्कृष्टता, तकनीकी-प्रबंध और आत्मनिर्भरता आदि श्रेणियों में दिये जाते हैं। उन्होंने डीआरडीओ के पूर्व निदेशक डॉ. केजी नारायणन द्वारा लिखित दो मोनोग्राफ- 'इन्डेवर्स इन सेल्फ-रिलायंस डिफेंस रिसर्च (1983-2018)' और डीआरडीओ के पूर्व महानिदेशक डॉ. जी. अतिथन द्वारा लिखित 'कन्सेप्ट्स एंड प्रेक्टिसेज फॉर साइबर सिक्युरिटी' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षा प्रौद्योगिकी स्पेक्ट्रम भी जारी किया गया। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने कार्यक्रम में उन्नत प्रौद्योगिकियों पर तीन व्याख्यान भी दिए। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों को बधाई दी और आत्मनिर्भर रक्षा इकोसिस्टम के निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। अंतरिक्ष विभाग में सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष एस. सोमनाथ एवं रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा डीआरडीओ के वैज्ञानिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष

### सरकारी नौकरियों...

से बिना भेदभाव के दक्ष युवाओं को सेवायोजित किया है। सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार का कोई भी स्थान नहीं है। इसका कठोरता से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सौ दिनों में पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए भारत सरकार की रोटेशन नीति के अनुसार प्रदेश में कार्मिकों के पटल परिवर्तन की प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए। ज्येष्ठता आधारित विभागीय प्रोन्नतियों में एकरूपता के लिए उपयुक्तता का मानक निर्धारित किया जाए।

### गाजियाबाद, नोएडा ...

12 से 14 आयु वर्ग में 70 प्रतिशत से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं, इन्हें दूसरे डोज लगाया जाना भी शुरू हो चुका है। उन्होने कहा कि ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1432 एक्टिव केस हैं। इसमें 1374 लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बीते 07 मई को प्रदेश में 2000 से अधिक एक्टिव केस थे। स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 179 नए केस की पुष्टि हुई, जिसमें, गौतमबुद्ध नगर में 56, गाजियाबाद में 37, लखनऊ में 21 नए केस शामिल हैं। इसी अवधि 231 लोग स्वस्थ भी हुए। जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फ़ेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य है। इसे लागू कराएं। लोगों को जागरूक करें। टेस्ट की संख्या बढ़ाये जाने की जरूरत है।

### 45 करोड़ की...

मामले में अशोक पाठक के अलावा एक अधिवक्ता सहित अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राज्य सरकार का 10 मई 2016 का भूमि अधिग्रहण का आदेश अवैध था क्योंकि यह भूमि वक्फ की थी। जांच के बाद अशोक पाठक समेत अन्य आरोपियों के विरुद्ध 30 दिसंबर 2020 को सीबीआई मामलों से संबंधित विशेष न्यायिक दंडाधिकारी लखनऊ की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया। इसके बाद संबंधित भूमि वापस राज्य सरकार के खाते में दर्ज कर दी गई। दूसरा मामला भी वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली के फर्जी हस्ताक्षर से अवमानना याचिका दायर करने से संबंधित है। यह एफआईआर भी अशोक पाठक के अलावा एक अधिवक्ता और अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज हुई थी। यह मामला वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली का जाली हस्ताक्षर कर वर्ष 2015 में अवमानना याचिका (संख्या 2644 सी) दायर करने से संबंधित है। इसमें यह दावा किया गया था कि सरकार ने आरोपी व्यक्तियों के निर्माण गिराकर अवमानना की है। जांच के बाद इस मामले में भी अशोक पाठक समेत दो आरोपियों के विरुद्ध 31 दिसंबर 2020 को सीबीआई मामलों से संबंधित विशेष न्यायिक दंडाधिकारी लखनऊ की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया था। दोनों याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष लखनऊ स्थित लगभग 57 हेक्टेयर लगभग सरकारी भूमि हथियाने के लिए दायर की गई थी। इसमें लगभग 45 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी शामिल थी। आरोप यह भी है कि इस जमीन को अलग-अलग निजी व्यक्तियों को बेचा गया था।

### ज्ञानवापी मामले....

के चारों ओर लगी बैरीकेटिंग के अंदर तथा तहखाने में वीडियोग्राफी करने का प्रावधान है। वकील ने यह भी कहा कि अदालत में एडवोकेट कमिश्नर को बदलने अथवा वीडियोग्राफी का काम स्वयं जज द्वारा किये जाने के मुद्दों पर भी बहस हुयी। अदालत इन सभी मुद्दों पर कल दोपहर 12 बजे अपना फैसला सुना सकती है। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम पक्ष ने एडवोकेट कमिश्नर पर भेदभाव बरतने का आरोप लगाते हुए उन्हें बदले जाने की मांग की है। उनका यह भी कहना है कि मस्जिद के अंदर वीडियोग्राफी करने का कोई निर्देश अदालत के फैसले में नहीं है। जिला प्रशासन ने भी वीडियोग्राफी के तौर तरीकों के बारे में अदालत से स्पष्ट निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी का काम छह मई को शुरु हुआ था। अगले दिन सात मई को मस्जिद प्रबंधन की आपत्तियों के कारण वीडियोग्राफी दल बैरीकेटिंग के अंदर प्रवेश नहीं कर सका था तथा सर्वे का काम रुक गया था।

### आईएएस पूजा...

पूछताछ के दौरान अभिषेक झा भी ईडी के सवालों में उलझे रहे। ईडी के सवालों का उन्होंने खुलकर जवाब नहीं दिया।

### राजद्रोह कानून...

पहुंचा रहे थे, उन्हें अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। कोर्ट ने 5 मई को कहा था कि सबसे पहले वो इस बात पर विचार करेगा कि मामला संविधान बेंच को सौंपा जाए या नहीं। 15 जुलाई, 2021 को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस एनवी रमना ने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या आजादी के 75 साल बाद भी राजद्रोह जैसे क़ानून की ज़रूरत है। चीफ जस्टिस ने कहा था कि कभी महात्मा गांधी, तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज़ को दबाने के लिए ब्रिटिश सत्ता इस क़ानून का इस्तेमाल करती थी। क्या आजादी के 75 साल बाद भी राजद्रोह कानून की जरूरत है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा था कि राजद्रोह में दोषी साबित होने वालों की संख्या बहुत कम है लेकिन अगर पुलिस या सरकार चाहे तो इसके जरिये किसी को भी फंसा सकती है। इन सब पर विचार करने की जरूरत है। याचिका सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल एस जी बोम्बतकरे ने दायर की है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा था कि राजद्रोह कानून वापस नहीं लिया जाना चाहिए। बल्कि कोर्ट चाहे तो नए सख्त दिशानिर्देश जारी कर सकता है ताकि राष्ट्रीय हित में ही इस कानून का इस्तेमाल हो। राजद्रोह के कानून के खिलाफ मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेमचा और छत्तीसगढ़ के पत्रकार कन्हैयालाल शुक्ल की ओर से दायर याचिकाओं पर 12 जुलाई, 2021 को सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से वकील तनिमा किशोर ने कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए संविधान की धारा 19 का उल्लंघन करती है। यह धारा सभी नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि केदारनाथ सिंह बनाम बिहार राज्य के मामले में 1962 में सुप्रीम कोर्ट ने भले ही कानून की वैधता को बरकरार रखा था लेकिन अब इसके साठ साल बीतने के बाद ये कानून आज संवैधानिक कसौटी पर पास नहीं होता है। याचिका में कहा गया है कि भारत पूरे लोकतांत्रिक दुनिया में अपने को लोकतंत्र कहता है। ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, घाना, नाइजीरिया और युगांडा ने राजद्रोह को अलोकतांत्रिक करार दिया है। याचिका में कहा गया है कि दोनों याचिकाकर्ता एक मुखर और जिम्मेदार पत्रकार हैं। वे संबंधित राज्य सरकारों और केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हैं। दोनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर कार्टून शेयर करने के लिए धारा 124ए के तहत राजद्रोह की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### विवाह के बाद जबरन शारीरिक...

विभाजित निर्णय दिया। न्यायमूर्ति शकधर ने कहा कि आईपीसी की धारा के तहत शादी के बाद जबरन शारीरिक संबंध बनाये जाने को बलात्कार न माने जाने के संबंध में दी गयी छूट को यदि माना जाए तो यह असंवैधानिक होगा जबकि न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने कहा कि ऐसा करना असंवैधानिक नहीं होगा। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 ऐसी घटनाओं को अपराध की श्रेणी में रखने जाने से मुक्त करती है। केंद्र सरकार की ओर से दायर याचिका के कहा गया कि शादी के बाद जबरन शारीरिक संबंध बनाने को बलात्कार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता इससे भारतीय समाज के एक नकारात्मक संदेश जायेगा। इसके विरोध में महिला याचिकाकर्ताओं ने कहा कि शादी के बाद ही सही लेकिन अगर किसी महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये जाते हैं तो यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत उसके निजता, चुनाव, शारीरिक स्वतंत्रता के अधिकार के साथ साथ महिलाओं के गरिमा के अधिकार का भी उल्लंघन होगा। केंद्र सरकार की याचिका में कहा गया कि ऐसी घटनाओं को बलात्कार की श्रेणी में डालने से इसका दुपर्योग होगा।वर्तमान में कई कानूनों के तहत महिलाओं को संरक्षण दिया गया है। याचिका में बताया गया कि इस मामले पर राज्य और सहयोगियों से बात शुरू की गयी है लेकिन वृहद पैमाने पर विचार विमर्श किये बिना कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

### ई-विधान लागू करने ...

उसी विधायक का नाम डिस्प्ले बोर्ड पर दिखेगा। उन्होने कहा कि नयी प्रणाली से सदन की बैठकों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिये विधान भवन में एक कंट्रोल रूम भी होगा, जो डिजिटली इस प्रक्रिया को नियंत्रित करेगा और इस पर निगरानी भी रखेगा।सभी सदस्यों को वरिष्ठता के आधार पर सीट आवंटन के आशय से दलीय नेताओं से विचार-विमर्श किया गया। 18वीं विधान सभा के आहूत सत्र में पहली बार ई-विधान लागू करने के साथ ही एजेण्डा समेत अन्य दस्तावेज की हार्ड कापी भी इस सत्र में उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर 20 और 21 मई को नव-निर्वाचित सदस्यों के प्रशिक्षण के लिये सत्र से पहले दो दिवसीय प्रबोधन का आयोजन भी किया जायेगा। बैठक में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता प्रतिपक्ष के स्थान पर इकबाल महमूद, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के डॉ अजय कुमार, अपना दल (सोनेलाल) के राम निवास वर्मा, निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के संजय निषाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के ओम प्रकाश राजभर, कंाग्रेस की आराधना मिश्रा मोना, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उमाशंकर सिंह मौजूद थे।

### मोदी का सहयोग करें ...

मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, पेयजल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण और 320 योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का जिक्र किया। श्री नायडु ने प्रधानमंत्री को विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक विस्तार करने के लिए एक वैज्ञानिक बताया। उन्होंने श्री मोदी को चुनावी मशीन कहे जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी के लिए चुनाव राजनीति नहीं है, बल्कि आम लोगों के जीवन के संदर्भों की गहरी समझ और उनकी आकांक्षाओं के साथ सामाजिक विज्ञान का समावेश है। उन्होंने हर सफल चुनाव में लोगों की रुचि जगाकर देश में लोकतंत्र को गहरा करने में श्री मोदी के योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी वादें पूरा करते हैं और इस तरह लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरतें है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोग श्री मोदी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं जो उनके टूटे हुए सपनों को पूरा करेगा और भारत को फिर से समृद्ध बनायेगा। श्री मोदी की राजनीति लोगों के लिए एक ल्लआशाङ्क है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की क्षमता, गतिशीलता और स्थिरता भारत को समृद्धि की ओर ले जा रही है।

### लोकतंत्र में खोई ...

खोई आस्था को फिर से लौटाया है जो सबसे बड़ी उपलब्धि है। श्री शाह ने कहा, मैं बहुत कम उम्र से लोकतांत्रिक प्रणाली का विद्यार्थी रहा हूं। वर्ष 2012 और 2014 तथा इसके बीच में एक ऐसा कालखंड आया था कि देश की आस्था बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली की व्यवस्था से उठ गयी थी। यह सोच बन गयी थी कि यह व्यवस्था फ़ेल हो गयी है और देश को आगे नहीं ले जा सकती है। उस वक्त भाजपा ने मोदी जी को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा का नेतृत्व किया और देश की जनता ने गुजरात के उनके सुशासन पर उनको देश का नेता चुना , प्रधानमंत्री बनाया और आज जनता में कोई असमंजस नहीं है कि हमारी बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली डिलीवर कर सकती है। उन्होंने लोकतंत्र में लोगों की आस्था को पाताल तक गहरा पहुंचाने का काम किया है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। कोई शब्द या पुस्तक उनके व्यक्तित्व का वर्णन नहीं कर सकती। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर वैसा बनने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करनी होगी तथा स्वयं को पिघालना होगा। श्री शाह ने इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने रक्षा नीति को विदेश नीति की परछाई से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा, ल्ल भारत की विदेश नीति और रक्षा नीति के बीच बड़ी घालमेल चल रही थी। कभी भारत की रक्षा नीति , विदेश नीति की परछाई से बाहर नहीं आ सकी। मोदी जी की विदेश नीति ने प्रतिस्थापित कर दिया कि हम सबके साथ दोस्ती रखना चाहते हैं लेकिन हमारे लिए भारत की सुरक्षा हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। इतनी स्पष्टता के साथ सात दशक में किसी भी नेता ने यह बात नहीं कही। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने तीस वर्ष तक पार्टी संगठन में काम करते हुए देश में गरीबी की तह तक जाकर काम किया इसलिए वह अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति से लेकर अग्रणी स्थान पर खड़े लोगों के लिए सरलता के साथ नीति बनाने और छोटी से छोटी तथा बड़ी से बड़ी समस्या का सहजता के साथ समाधान कर देते हैं। गुजरात का विकास मोदी जी के व्यक्तित्व का परिचय कराता है। मोदी जी ने समस्याओं का समग्र समाधान करने की दिशा में योजनाएं बनायी जैसे हर घर में नल से जल, हर घर में शौचालय, हर घर में गैस सिलेंडर और हर घर में बिजली आदि। उनका लक्ष्य समस्याओं का संपूर्ण उन्मूलन करने का रहता है।

# नवाज-शहबाज की लंदन बैठक पर विवाद, इमरान ने लगाया रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाने का आरोप

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ लंदन जाकर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के साथ बैठक करना पाकिस्तान में विवाद का विषय बन गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सहित पाकिस्तानी विश्लेषकों ने नवाज शरीफ पर लंदन में बैठकर रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई व पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लंदन में सरकार व संगठन की उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। शहबाज अपनी सरकार के दस मंत्रियों व अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ लंदन पहुंच गए हैं। पाकिस्तान में इस यात्रा पर सवाल न उठें, इसलिए इसे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की निजी यात्रा करार दिया जा रहा है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि शहबाज शरीफ के नेतृत्व में लंदन गया प्रतिनिधिमंडल वहां पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से देश के अंदर चल रही राजनीतिक घटनाओं पर चर्चा करेगा। शहबाज शरीफ की तमाम कोशिशों के बावजूद इस यात्रा को लेकर विवाद के सुर सामने आ रहे हैं। पाकिस्तान के राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इससे सरकार विरोधी समूहों के इस आरोप को बल मिलेगा कि नवाज शरीफ लंदन में बैठ कर रिमोट कंट्रोल से पाकिस्तान का शासन चला रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी यह आरोप लगाया है। उन्होंने झेलम में एक विशाल जनसभा में शहबाज की लंदन यात्रा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पूरा मंत्रिमंडल जनता के खर्च पर एक भ्रष्ट और सजायाफ्ता व्यक्ति से मिलने लंदन गया है।



# यूक्रेन ने खार्किव में जवाबी कार्रवाई कर रूसी सेना को पीछे ढकेला, कई क्षेत्रों पर फिर से किया कब्जा

एजेंसी

खार्किव। यूक्रेन ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने खार्किव के उत्तर और उत्तर-पूर्व में जवाबी कार्रवाई में रूसी सेना को पीछे ढकेलते हुए गांवों को पर फिर से कब्जा कर लिया है। पहली बार युद्ध में इस तरह की बढ़त रूस के लिए खतरे का संकेत है और यह उसके वर्चस्व को खतरे में डाल सकती है।

मुख्य यूक्रेनी बल 92वें सेपरेट मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के प्रेस अधिकारी तेतियाना अपचेंको ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने हाल के दिनों में खार्किव के उत्तर में चेर्कास्की टिशकी, रस्की टिशकी, बोरशचोवा और स्लोबोझांस्के की बस्तियों पर फिर से कब्जा कर लिया।

रक्षा मंत्रालय के सलाहकार यूरी साक्स ने कहा कि सफलता रूसी सेना को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर और उत्तर-पूर्व में स्थित खार्किव की सीमा से बाहर धकेल रही है। यहां युद्ध शुरू होने के बाद से लगातार बमबारी होती रही है। साक्स ने कहा कि खार्किव के आसपास यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैन्य अभियान, विशेष रूप से खार्किव के उत्तर और उत्तर-पूर्व में सफलता पाई है। यूक्रेनी सेना इन युद्ध अपराधियों को पीछे ढकेलते हुए उनके तोपखाने की पहुंच से दूर कर दिया है।

इसी बीच वाशिंगटन में, अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक एवरिल हैन्स ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक लंबे संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व में डोनबास क्षेत्र में रूसी जीत से युद्ध समाप्त नहीं हो सकता है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के प्रमुख ने कहा कि युद्ध गतिरोध पर था लेकिन खार्किव के पास पलटवार एक नए चरण का संकेत दे सकता है। यूक्रेन अब हफ्तों के बाद आक्रामक हो रहा हैए जिसमें रूस ने बिना किसी सफलता के बड़े पैमाने पर हमला किया। आक्रमण की शुरुआत के बाद से खार्किव के बाहरी इलाके पर कब्जा कर चुके रूसी बलों को पीछे धकेल कर, यूक्रेनियन मुख्य रूसी हमले बल को आगे दक्षिण में बनाए रखने वाली पिछली आपूर्ति लाइनों की तोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लंदन में रूसी थिंक-टैंक के नील मेल्विन ने कहा कि वे आपूर्ति लाइनों में कटौती करने के लिए रूसियों के पीछे और पीछे कटौती करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह वास्तव में उनकी (रूसियों की) मुख्य कमजोरियों में से एक है। यूक्रेनी लगातार रूसी सीमा के करीब आ रहे हैं। इसलिए यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में शुरुआती दिनों में रूसियों ने जो बढ़त बनाई थी और जिन हिस्सों पर कब्जा किया था व तेजी से खिसक रहा है। पश्चिमी देशों का मानना था कि पुतिन सोमवार को द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति पर बड़ी जीत की घोषणा करने की उम्मीद कर रहे थे।

# यूं सुक-योल ने संभाली दक्षिण कोरिया की कमान राष्ट्रपति की शपथ लेते ही उत्तर कोरिया पर निशाना

एजेंसी



सोल। नए राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने दक्षिण कोरिया की कमान संभाल ली है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही उन्होंने उत्तर कोरिया पर निशाना साधते हुए उसे परमाणु मुक्त करने का आह्वान किया। दक्षिण कोरिया में अब तक मून जेई इन राष्ट्रपति थे। अब यूं सुक-योल नए राष्ट्रपति बने हैं। 60 वर्षीय यू अब तक विपक्ष की भूमिका का निर्वहन कर रही पीपल पावर पार्टी के नेता हैं। चुनाव में उन्होंने 48.6 प्रतिशत वोट लेकर 47.8 प्रतिशत वोट पाने वाले डेमोक्रेटिक पार्टी के ली जे-म्युंग को पराजित किया था। यूं सुक-योल के शपथ ग्रहण से पहले निवर्तमान राष्ट्रपति मून जेई इन ने अपने विदाई भाषण में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति बहाली और परमाणु विसैन्यीकरण के प्रयास जारी रहेंगे। दक्षिण कोरिया की सत्ता संभालने से पहले यूं ने नेशनल असेंबली में कहा था कि वह सरकारी परियोजनाओं की बजाय निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन सहित बाजार के नेतृत्व वाले दृष्टिकोणों का समर्थन करते हैं। उनका कहना है कि उनकी योजना कंपनियों के लिए लालफीताशाही में कटौती और आभासी संपत्ति उद्योग को नियंत्रित करने की है। यूं से जुड़े लोगों ने कहा कि दक्षिण कोरिया की सरकार उत्तर कोरिया के साथ बातचीत को फिर शुरू करने की कोशिश करेगी। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया पर परमाणु निरस्त्रीकरण का दबाव बढ़ेगा और इस दिशा में ठोस कार्रवाई की स्थिति में दोनों देश मिलकर काम करने के लिए काम कर सकेंगे।

# श्रीलंका में हालात बेकाबू, मंत्रियों के घर फूंके, सांसदों को पीटा

एजेंसी

कोलंबो। आर्थिक और राजनीतिक संकट से घिरे श्रीलंका में हालात बेकाबू हो गए हैं। गुस्साई भीड़ ने मंत्रियों के घर फूंक दिए हैं। कई सांसदों को नंगाकर पीटा गया है। सरकार ने सड़कों पर सेना को उतारा है और उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। श्रीलंका में प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफा देने के बाद उपद्रव जारी है। राजपक्षे के सरकारी आवास को फूंकने के बाद अब सनथ निशांता, जॉनसन फर्नांडो, प्रसन्ना राणातुंगा सहित कई मंत्रियों के घर फूंक दिए गए। जनता का गुस्सा सत्तारूढ़ दल के सांसदों को पर फूटा है। कई सासंदों को जान बचाकर भागना पड़ा।कुछ सांसदों को नंगाकर पीटे जाने के फोटो और वीडियो वायरल हुए हैं। इस हिंसा में अब तक दस लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। हालात को काबू करने के लिए थलसेना, वायुसेना और नौसेना को उतारा गया है। रक्षा मंत्रालय ने सैनिकों को आदेश दिए हैं कि लूटपाट करने वालों, राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों और उपद्रव करने वालों को देखते ही गोली मार दी जाए।



# मप्र: सहकारी संस्थाओं, एसएसजी, वेयर हाउस संचालकों को 20 करोड़ के नुकसान का अनुमान

एजेंसी

बैतूल। खुले बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों से ई उपार्जन के तहत पंजीकृत किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने से दूरी बढ़ा ली है। खुले बाजार में गेहूं के अच्छे दाम मिलने से किसानों को जबरदस्त फायदा हो रहा है, परंतु समर्थन मूल्य पर सहकारी खरीदी नहीं के बराबर होने से ई उपार्जन से जुड़ी सहकारी संस्थाओं, महिला स्वसहायता समूहों सहित गोदाम संचालकों को करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है। बता दें कि 4 अप्रैल से बैतूल जिले में समर्थन मूल्य पर शुरू हुई गेहूं की खरीदी के 36 दिनों में सिर्फ 757 किसानों से 3486 टन गेहूं खरीदा गया है, जबकि शुरूवाती दौर में जिले में गेहूं की खरीदी का लक्ष्य 2 लाख मीट्रिक टन था जो बाद में कम आवक के मद्देनजर घटाकर 45 हजार टन कर दिया गया। सरकारी स्तर पर गेहूं खरीदी नहीं होने से गेहूं खरीदी के लिए नियुक्त खरीदी एजेंसी सहकारी संस्थाएं, महिला स्व सहायता समूह को मिलने वाला कमीशन, गेहूं भण्डारण पर गोदाम वेयर हाऊस संचालकों को मिलने वाले किराए का लगभग 20 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी एके कुजूर ने बताया कि ई उपार्जन योजना के तहत बैतूल जिले में 30 हजार 646 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया था। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीदी के लिए बैतूल जिले में 90 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं परंतु 9 मई तक 39 केंद्रों पर 757 किसानों ने 3486 टन गेहूं की खरीदी की गई है। डीएसओ बैतूल के मुताबिक शुरुआती दौर में जिले में 2 लाख टन गेहूं की खरीदी का लक्ष्य निर्धारित कर खरीदी परिवहन एवं भण्डारण के पुख्ता इंतजामात किए गए थे। परंतु खुले बाजार में गेहूं के दाम अधिक होने के कारण पंजीकृत किसान भी समर्थन मूल्य पर गेहूं नहीं बेच रहे हैं जिसके चलते आवक कम होने के मद्देनजर खरीदी का लक्ष्य घटाकर 45 हजार टन किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाएगी। लक्ष्य के मुताबिक समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी नहीं होने से खरीदी के लिए तैनात की गई सहकारी समितियों एवं महिला स्वसहायता समूहों को जबरदस्त नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं पर सहकारी समितियां सहित एसएसजी ने लाखों रुपए खर्च कर दिए हैं परंतु 51 केंद्रों में तो खरीदी का खाता भी नहीं खुला है। जिन 39 केंद्रों पर गेहूं की खरीदी हो रही है वह भी ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उल्लेखनीय है कि गेहूं खरीदी करने वाली सहकारी समितियों एसएसजी को प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी पर 43 रुपये भुगतान का प्रावधान है, जिसमें 16 रुपये हम्माली, भाड़ा, 11 रुपये कमीशन एवं 16 रुपये खरीदी की व्यवस्थाओं पर खर्च होने वाली राशि शामिल है। जानकारों का मानना है कि यदि बैतूल जिले में निर्धारित लक्ष्य 2 लाख टन गेहूं खरीदी होती तो खरीदी करने वाली सहकारी संस्थाओं महिला स्वसहायता समूहों को हम्माली, भाड़ा, कमीशन खर्च के रूप में लगभग 8 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जाता जिसमें 3 करोड़ 20 लाख रुपए कमीशन की राशि शामिल है, परंतु सरकारी खरीदी नगण्य होने से समितियों, एसएसजी को राशि मिलना तो दूर उनके द्वारा खरीदी के व्यवस्थाओं पर खर्च की गई राशि की भरपाई भी नहीं हो पा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी नहीं होने से गेहूं के भण्डारण के लिए अनुबंध किए ज्वाइंट वेंचर स्कीम के 40 गोदाम वेयर हाऊस खाली पड़े हुए हैं। जिससे गोदाम वेयर हाऊस संचालकों को बतौर किराया लगभग 15 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है।

उल्लेखनीय है कि गेहूं के भण्डारण के लिए ए ग्रेड के वेयर हाऊस गोदाम को 83 रुपये प्रति टन प्रतिमाह एवं बी ग्रेड के वेयर हाऊस गोदाम को 78 रुपए प्रतिमाह प्रतिदिन भुगतान का प्रावधान है।

# श्रीलंका में हालात बेकाबू, सेना ने संभाली कमान, राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का ऐलान

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका में आर्थिक संकट के चलते हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। विपक्ष और जनता का विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। सोमवार को ही राष्ट्रपति गोटाया राजपक्षे के कहने पर प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे ने इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद पूरे देश में हिंसा भड़क गई। दंगाइयों ने उनके पुश्तैनी मकान को आग के हवाले कर दिया है। इसके अलावा सत्ताधारी पार्टी के कई सांसदों का घर जला दिया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने हालात से निपटने के लिए सेना को उतारने के साथ ही देशव्यापी कर्फ्यू का ऐलान कर दिया। इसके बाद सेना और पुलिस के बीच हुई झड़प में कई लोगों को गोली लगने और मरने की भी सूचना है। जानकारी के अनुसार झड़प में 5 लोगों की मौत हुई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हालांकि इस संबंध में सरकार की तरफ से आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक कुरुनेगला शहर में स्थित महिंद्रा राजपक्षे के पैतृक घर को सोमवार शाम प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। इस बीच देश में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। पुलिस ने पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया है लेकिन हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन रणतुंगा ने देश में आगजनी के लिए श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) को जम्मेदार ठहराया है। रणतुंगा ने कहा कि श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना ने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के आधिकारिक आवास पर लोगों को इकट्ठा किया। रणतुंगा ने ये भी कहा कि दंगाइयों को श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना ने ही सांसदों के घर के बाहर इकट्ठा किया।

# पृथ्वीराज का ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया छाईं मानुषी छिल्लर

एजेंसी



मुम्बई। हाल ही में पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे लोगों का भरपूर प्यार मिला है। इस सबसे भी बड़ी बात जो है, वह ये कि पृथ्वीराज से डेब्यू कर रहीं साल 2017 में मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की अदाकारी की बेहद तारीफ हो रही है। फिल्म में वह सुपरस्टार अक्षय कुमार के अपोजिट हैं। मानुषी इस फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभा रही हैं और वे इस बात से काफी खुश हैं कि दर्शकों ने उनके काम की जमकर तारीफ की है। पृथ्वीराज बहादुर राजा 'पृथ्वीराज चौहान' की ज़िंदगी और उनकी बहादुरी पर आधारित है। अक्षय उस महान योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जिसने भारत पर हमला करने वाले क्रूर बादशाह मोहम्मद गोरी से देश को बचाने के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। मीडिया के साथ बातचीत में मानुषी ने कहा, पृथ्वीराज के ट्रेलर में लोगों ने जो देखा और महसूस किया है, उसके आधार पर वे मेरे काम की तारीफ़ कर रहे हैं। यह डेब्यू मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है, और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे बड़े पर्दे पर राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। वह कहती हैं, देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक, अक्षय कुमार के अपोजिट अपने फ़िल्मी सफ़र की इस तरह शुरुआत करना बड़ी ज़िम्मेदारी की बात है और सच कहूं तो मैंने इस किरदार को पूरी ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ निभाने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश की है।मानुषी कहती हैं, मुझे अपने फोन और सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लगातार हौसला बढ़ाने वाले मैसेज मिल रहे हैं। यह मेरे करियर का बेहद खुशनुमा पल है और इस लम्हे को मैं हमेशा अपने दिल में संजोकर रखूंगी। उल्लेखनीय है कि यशराज बैनर्स तले बनी फिल्म 'पृथ्वीराज' में अक्षय कुमार सम्राट पृथ्वीराज के किरदार में हैं, जबकि अभिनेत्री मानुषी छिल्लर राजकुमारी संयोगिता के किरदार में हैं। वहीं संजय दत्त 'काका कन्ह' के किरदार में और सोनू सूद राजकवि चंद बरदाई के किरदार में नजर आएंगे। इन सबके अलावा आशुतोष राणा और साक्षी तंवर भी फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म में इन दोनों कलाकारों का किरदार भी महत्वपूर्ण होगा। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# प्रीति मौर्या और आदित्य मोहन दूबे पर शूट हुआ रोमांटिक सीन

एजेंसी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधनी लखनऊ में इन दिनों भोजपुरी फीचर फिल्म 'दूल्हा बाबू' की शूटिंग चल रही है। बुधवार को इमामबाड़ा के पास रूमी गेट पर हिरोइन प्रीति मौर्या और हीरो आदित्य मोहन दूबे के रोमाटिंक सीन की शूटिंग हुई। फिल्म का निर्माण ज़िया इन फोकस फ़िल्म क्रिएशन के बैनरतले हो रहा है। फिल्म के निर्माता डी.एम. त्रिपाठी हैं।

फिल्म का निर्देशन देख रहे आदर्श जैन ने बताया कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। इसमें लव स्टोरी व कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म अपने फिल्मांकन के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। बातचीत में निर्देशक ने बताया कि यह फिल्म बड़े ही लगन से बना रहे हैं। पूरी यूनिट बड़ी मेहनत से काम कर रही है। उन्होंने ही फिल्म की स्क्रिप्ट भी लिखी है। फिल्म के अन्य कलाकारों में तनु श्री, अवधेश मिश्रा, अनारा गुप्ता, अनिता सहगल, के के गोस्वामी ,रोहित सिंह (मटरू) भी हैं। फिल्म में भजन सम्राट अनूप जलोटा मेहमान कलाकार रुप में नजर आयेंगे। सह-निर्माता एडवोकेट सुनील पाण्डेय व रोहित द्विवेदी है। फिल्म में संगीत मधुकर आनन्द का है। नृत्य निर्देशन दिलीप मिस्त्री और अभिजीत बनर्जी ने दिया है । लाईन प्रोड्यूसर संतोष वर्मा हैं। पीआरओ अरविंद मौर्य हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान सह सम्पादक* - धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063